kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-314 | शनिवार, 14 दिसम्बर 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



दिन-रात केवल सभापति के खिलाफ अभियान चल रहा है... यह अभियान मेरे खिलाफ नहीं, बल्कि मेरी जैसी श्रेणी (किसानों) के खिलाफ़ है। यह स्वीकार करें कि मैं एक किसान का बेटा हूं, मैं कमज़ोरी नहीं दिखाऊंगा। जगदीप धनखड़

भारतीय सुरक्षा बल देप्सांग के सभी गश्ती बिंदुओं तक जा सकेंगे: जयशंकर 11

गुरदासपुर में पुलिस थाने पर ग्रेनेड फेंका, नहीं हुआ धमाका 12

# महाकुम्भ बनेगा एकता का महायज्ञ : मोदी

## मोदी ने बहुभाषिनी एआई चैटबॉट 'कुम्भ सहायक' का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी ने शुक्रवार को तीर्थराज प्रयागराज में 5500 करोड़ की 167 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पीएम ने बहुभाषिनी एआई चैटबॉट 'कुम्भ सहायक' का भी शुभारंभ किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरा पर अगले साल महाकुम्भ का आयोजन देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक पहचान को नए शिखर पर स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि विश्व का इतना बड़ा आयोजन, हर रोज लाखों श्रद्धालुओं के स्वागत और सेवा की तैयारी, लगातार 45 दिनों तक चलने वाला महायज्ञ, एक नया नगर बसाने का महा अभियान, प्रयागराज की इस धरती पर एक नया इतिहास रचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वास और श्रद्धा के साथ कहता हूं कि अगर इस महाकुम्भ का वर्णन एक वाक्य में करना हो तो मैं कहूंगा यह एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी। इससे पूर्व पीएम मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर महाकुम्भ से संबंधित परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान, पीएम ने महाकुम्भ 2025 पर आधारित एक लघु फिल्म का भी अवलोकन किया।

पीएम ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा भारत पवित्र स्थलों और तीर्थों का देश है। यह गंगा, यमुना, सरस्वती, कावेरी, नर्मदा जैसी अनगिनत पवित्र नदियों का देश है। इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, इन अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है उनका संगम, उनका समुच्चय, उनका योग, उनका सहयोग, उनका प्रभाव, उनका प्रताप, यह प्रयाग है। यह केवल तीन पवित्र नदियों का ही संगम नहीं है, प्रयाग के बारे में कहा गया है कि माघ मकरगत रवि जब होई, तीरथ पतिहिं आव सब कोई...अर्थात जब सूर्य मकर में प्रवेश करते हैं, सभी दैवीय शक्तियां, सभी तीर्थ, सभी ऋषि, महर्षि, मनीषी प्रयाग में आ जाते हैं। यह वह स्थान है जिसके प्रभाव के बिना पुराण पूरे नहीं होते। प्रयागराज वह स्थान है, जिसकी प्रशंसा वेद की ऋचाओं ने की है। प्रयाग वह है जहां पग-पग पर पवित्र स्थान है, जहां पग पग पर पुण्य क्षेत्र हैं। त्रिवेणीं माधवं सोमं भरद्वाजं च वासुकिम्, वंदेक्षयवटं शेषं प्रयागं तीर्थनायकम्...अर्थात त्रिवेणी का त्रिकाल प्रभाव, वेणी माधव की महिमा, सोमेश्वर के आशीर्वाद, ऋषि भारद्वाज की तपोभूमि, नागराज वासुकि का विशेष स्थान, अक्षय वट की अमरता और शेष की अशेष कृपा, यह है हमारा तीर्थराज प्रयाग। तीर्थराज प्रयाग यानी चारी पदारथ भरा भंडारू, पुष्ण प्रदेश देश अतिचारू...अर्थात जहां धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष चारों पदार्थ सुलभ हैं, वह प्रयाग है।

पीएम बोले, महाकुम्भ हजारों वर्ष पहले से चली आ रही हमारे देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक यात्रा का पुण्य और जीवंत प्रतीक है। एक ऐसा आयोजन जहां हर बार धर्म, ज्ञान, भक्ति और कला का दिव्य समागम होता है। संगम में स्नान से करोड़ तीर्थ के बराबर पुण्य मिल जाता है। जो व्यक्ति प्रयाग में स्नान करता है, वह हर पाप से मुक्त हो जाता है। राजा महाराजाओं का दौर हो या फिर सैकड़ो वर्षों की गुलामी का कालखंड, आस्था का यह प्रवाह कभी नहीं रुका। इसकी एक बड़ी वजह यह रही है की कुम्भ का कारक कोई बाहरी शक्ति नहीं है, किसी बाहरी व्यवस्था के बजाय कुम्भ मनुष्य के अंतर्मन की चेतना का नाम है। यह चेतना स्वतः जागृत होती है। यही चेतना भारत के कोने-कोने से लोगों को संगम के तट तक खींच लाती है। गांव, कस्बों, शहरों से लोग प्रयागराज की ओर निकल पड़ते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि प्रयागराज केवल एक भौगोलिक भूखंड नहीं है, यह एक आध्यात्मिक अनुभव क्षेत्र है। महाकुम्भ के महत्व के बारे में पीएम मोदी ने कहा कि महाकुम्भ जैसी सामूहिकता की शक्ति, समागम शायद ही कहीं और देखने को मिले। यहां आकर संत, महंत, ऋषि, मुनि, ज्ञानी, विद्वान, सामान्य मानवीय सब एक हो जाते हैं। सब एक साथ त्रिवेणी में डुबकी लगाते हैं। यहां जातियों का भेद खत्म हो जाता है, संप्रदायों का टकराव मिट जाता है, करोड़ों लोग एक ध्येय, एक विचार से जुड़ जाते हैं। इस बार भी महाकुम्भ के दौरान यहां अलग-अलग राज्यों से करोड़ों लोग जुटेंगे, उनकी भाषा अलग होगी, जातियां अलग होंगी, मान्यताएं अलग होंगी, लेकिन संगम नगरी में आकर वह सब एक हो जाएंगे। इसीलिए कहता हूं कि यह महाकुम्भ एकता का महायज्ञ है, जिसमें हर तरह के भेदभाव की आहुति दी जाती है। यहां संगम में डुबकी लगाने वाला हर भारतीय एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अद्भुत तस्वीर प्रस्तुत करता है। पीएम मोदी ने कहा कि महाकुम्भ की परंपरा का सबसे अहम पहलू यह है कि इस दौरान देश को दिशा मिलती है। ● शेष पेज 11 पर



### इन विकास परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण

- 1610 करोड़ से यात्री सुविधाओं के लिए 9 रेलवे स्टेशनों का विकास
- 1376 करोड़ से सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण
- 1170 करोड़ से 10 आरओबी फ्लाईओवर
- 100 करोड़ से 4 नालों का अवरोधन, दिशा परिवर्तन एवं सुदृढ़ीकरण
- 304 करोड़ से 7 स्थायी घाटों एवं 8 नदी तट सड़कों का सुदृढ़ीकरण
- 215 करोड़ से 13 सीवरेज परियोजनाओं का उन्नयन, पेयजल सुविधाओं का विकास

### इन प्रमुख कॉरिडोर का भी हुआ शुभारंभ

**अक्षयवट कॉरिडोर** : अक्षयवट, जिन्हें पुराणों में तीर्थराज प्रयागराज का क्षत्र कहा गया है। मान्यता है कि अक्षयवट का क्षय प्रलयकाल में भी नहीं होता। इनके दर्शन से मोक्ष की प्राप्ति होती है। त्रेतायुग स्वयं प्रभु श्रीराम ने माता सीता और लक्ष्मणजी के साथ अक्षयवट के दर्शन किए थे।

**सरस्वती कूप** : प्रयागराज की पुराणों में महिमा पुण्य पावन मां गंगा, यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के त्रिवेणी संगम का होना बताई जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार सरस्वती कूप वह पुण्य स्थान है, जहां आज भी मां सरस्वती के दुर्लभ दर्शन संभव हैं।

**बड़े हनुमान मंदिर का कॉरिडोर** : प्रयागराज संगम तट पर बड़े हनुमान या लेटे हनुमानजी का प्रसिद्ध मंदिर है। बड़े हनुमानजी का मंदिर पातालपुरी में अहिरावण का वध कर प्रभु श्रीराम और लक्ष्मणजी को उसकी कैद से मुक्त कराने वाले संकटमोचक हनुमानजी विशाल सिद्ध प्रतिमा है। सैकड़ों वर्षों से कोटि-कोटि श्रद्धालु उनका दर्शन और पूजन करते हैं।

**भारद्वाज ऋषि आश्रम कॉरिडोर** : ऋगवेद की ऋचाओं के द्रष्टा ऋषि भरद्वाज का आश्रम प्रयागराज में अवस्थित है। रामायण में वर्णन है कि प्रभु श्रीराम वनगमन के पहले मात सीता और लक्ष्मणजी के साथ भरद्वाज ऋषि का आशीर्वाद और मार्गदर्शन लेने आये थे। भरद्वाज आश्रम में रामायण काल में हजारों छात्र अध्ययन करते थे, मान्यता है कि ये विश्व का सबसे पहला विश्वविद्यालय माना जाता है।

**श्रृंगवेरपुर धाम कॉरिडोर** : श्रृंगवेरपुर का नाम इस क्षेत्र में श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली होने के कारण पड़ा है। रामायण में इस क्षेत्र का वर्णन प्रभु श्रीराम और उनके बालसखा निषादराज के मिलन स्थल के रूप में भी है। यहां से ही केवट निषादराज ने प्रभु श्रीराम को नाव से गंगा पार करा कर प्रयागराज पहुंचाया था।

## संक्षेप

### झांसी में एनआईए टीम पर हमला करने के आरोप में 111 लोगों के खिलाफ मुकदमा

**झांसी।** झांसी में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा पूछताछ के वास्ते हिरासत में लिये गये एक मुफ्ती को एनआईए टीम पर हमला कर जबरन छुड़ाने के आरोप में शुक्रवार को 11 नामजद और 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। झांसी के अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) ज्ञानेंद्र सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि एनआईए की एक टीम ने बृहस्पतिवार को विदेशी वित्तपोषण के एक मामले में पूछताछ के लिये मुफ्ती खालिद को उसके घर पर छापा मारकर हिरासत में लिया था। इसकी सूचना मिलने पर मोहल्ले के लोगों की भीड़ ने एनआईए की टीम से धक्का-मुक्की की और खालिद को छुड़ाकर अपने साथ ले गयी। उन्होंने बताया कि इस मामले में 11 नामजद और 100 अज्ञात महिला-पुरुषों के खिलाफ एनआईए की टीम पर हथियारों से लैस होकर जानलेवा हमला करने, सरकारी काम में बाधा डालने और हिरासत में लिए गए व्यक्ति को छुड़ाने के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक सिंह ने बताया कि फिलहाल जांच चल रही है। इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### विपक्ष ने न्यायमूर्ति शेखर यादव के खिलाफ महाअभियोग का नोटिस दिया

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव पर सांप्रदायिक सद्भावना बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ राज्यसभा सचिवालय को महाअभियोग का नोटिस दिया है। सूत्रों के अनुसार राज्यसभा में विभिन्न विपक्षी दलों के 55 सदस्यों ने शुक्रवार को राज्यसभा के महासचिव से मुलाकात की और उन्हें न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ महाभियोग का नोटिस दिया। नोटिस पर हस्ताक्षर करने वाले सदस्यों में निर्दलीय कपिल सिब्बल, कांग्रेस के विवेक तंखा, दिग्विजय सिंह, पी चिदम्बरम, जयराम रमेश,मार्क्सवादी जॉन ब्रिटास,राजद के मनोज झा, तृणमूल के साकेत गोखले, सपा के जावेद अली खान और भाकपा संदोष कुमार शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि यह नोटिस न्यायाधीश (जांच) अधिनियम 1968 और संविधान के अनुच्छेद 218 के तहत दिया गया है और इसमें न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ महाअभियोग चलाने की मांग की गयी है। यह नोटिस न्यायमूर्ति यादव द्वारा विश्व हिन्दू परिषद के एक कार्यक्रम में दिये गये भाषण के आधार पर दिया गया है। नोटिस में कहा गया है कि न्यायमूर्ति यादव ने अपने भाषण में कथित रूप से भड़काने वाली बातों का उल्लेख किया और इससे सांप्रदायिक सद्भावना बिगड़ने की आशंका है।

# बिजली निजीकरण के विरोध में पूरे देश में प्रदर्शन व विरोध सभाएं हुईं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर शुक्रवार को यूपी और चंडीगढ़ में बिजली निजीकरण के विरोध में पूरे देश में विरोध प्रदर्शन व यूपी में विरोध सभाएं की गईं। बिजली कर्मचारियों व अभियंताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति (एनसीसीओईई) ने चेतावनी दी है कि उत्तर प्रदेश में निजीकरण के लिए बिडिंग डाक्यूमेंट जारी होते ही देश के लाखों बिजली कर्मी सड़कों पर उतर जाएंगे।

एनसीसीओईई ने बिजली के निजीकरण को बड़ा घोटाला बताते हुए कहा कि अरबों खरबों रुपये की परिसंपत्तियों को कौड़ियों के मोल बेचने की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन प्रबंधन कर्मचारियों को गुमराह न करे। बिडिंग से पहले आरएफपी डॉक्यूमेंट जारी करे तो निजीकरण के घोटाले का खुलासा हो जाएगा। शुक्रवार को यूपी में समस्त ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं ने निजीकरण विरोधी दिवस मनाया और कार्यालय समय के बाद सभी जिलों, परियोजनाओं के साथ ही राजधानी लखनऊ में विरोध सभा की। संघर्ष समिति ने पावर कारपोरेशन प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि प्रबंधन कर्मचारियों को गुमराह कर रहा है और भय का वातावरण बनाकर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति को बढ़ावा दे रहा ● शेष पेज 11 पर



- चेतावनी, निजीकरण के लिए बिग डाक्यूमेंट जारी होते ही देशभर के बिजली कर्मी सड़कों पर उतर जाएंगे

# किसानों को शंभू बॉर्डर खाली करने के लिए करें राजी : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर धरना दे रहे किसानों को सुचारूपूर्वक खाली करने के लिए उन्हें मनाने का प्रयास करने का शुक्रवार को निर्देश दिया और साथ ही सुझाव दिया कि वे (किसान) अपना आंदोलन अस्थायी रूप से स्थगित कर सकते हैं।

न्यायमूर्ति सूर्य कंात और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने यह निर्देश देते कहा कि इस मामले में शीर्ष अदालत द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के सदस्य सचिव ने पहले आश्वासन दिया था कि समिति किसानों को मनाने का संकल्प लेगी। शीर्ष न्यायालय ने महसूस किया कि बातचीत जारी रहने के कारण आंदोलन को कुछ समय के लिए स्थगित किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा, ''सबसे बेहतर होगा कि समिति की ओर से किसानों को मनाने का प्रयास हो चाहिए।फिलहाल, वे (किसान) अपना आंदोलन स्थगित कर सकते हैं। वे कहीं स्थानांतरित हो सकते हैं। हम यह नहीं कह रहे हैं कि उन्हें विरोध नहीं करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा, ''अगर कुछ नहीं होता है तो आंदोलन जारी रह सकता है। शीर्ष अदालत ने पिछले 17 दिनों से अनशन बैठे पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल को तत्काल चिकित्सा सहायता देने का भी निर्देश दिया। उसने कहा, ''वे एक वरिष्ठ नागरिक हैं, उन्हें गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हैं। उनकी स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ रही है। एक प्रमुख किसान नेता होने के नाते सरकार का यह कर्तव्य है कि वो दलेवाल को उनका अनशन तोड़े बिना तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करें। उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान जोर देकर कहा कि समिति का प्राथमिक कार्य किसानों को अपना आंदोलन स्थानांतरित करने या अस्थायी रूप से निलंबित करने के लिए राजी करना है ताकि नाकाबंदी हटाई जा सके। समिति को इस मुद्दे को हल करने के लिए कुछ समय दिया जाना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि समिति की प्रगति अनुमान से धीमी है। उन्होंने कहा कि एक प्रारंभिक रिपोर्ट दायर की गई है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आंदोलनकारी किसानों पर बल प्रयोग के खिलाफ एक मजबूत सिफारिश की गई है। उसने कहा, ''राजमार्ग की नाकाबंदी एक कारण से है। हम चाहते हैं कि कारण की पहचान की जाए। कारण पूरी तरह से और आंशिक रूप से सही हो सकता है। हम ऐसा निर्देश जारी करने के इच्छुक नहीं हैं, जिसे लागू करना ● शेष पेज 11 पर



## अभिनेता अल्लू अर्जुन को उच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिली

हैदराबाद। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने फिल्म 'पुष्पा 2' के प्रदर्शन के दौरान महिला की मौत मामले में तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन को शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी। इससे पहले हैदराबाद की एक अदालत ने अभिनेता को 14 दिन की हिरासत में भेजने का आदेश दिया था।

अल्लू अर्जुन को उनकी हाल में प्रदर्शित फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' के प्रीमियर के दौरान एक महिला की मौत के मामले में सुबह ही हैदराबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया था। चार दिसंबर की रात को बड़ी संख्या में प्रशंसक अभिनेता की एक झलक पाने के लिए संध्या थिएटर में उमड़ पड़े थे। उसी दौरान भगदड़ मचने से 35 वर्षीय महिला रेवती की मौत हो गई थी और उसका आठ वर्षीय बेटा घायल हो गया था। हैदराबाद पुलिस ने महिला के परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर अल्लू अर्जुन, उनकी सुरक्षा टीम और थिएटर प्रबंधन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 और 118 (1) के तहत चिक्कड़पल्ली थाने में मामला दर्ज किया है। अल्लू अर्जुन ● शेष पेज 11 पर

# संविधान को हाईजैक करना चाहती है कांग्रेस : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत का संविधान सभी वर्गों के कल्याण के लिए है और सबको समान अधिकार देता है, गरीब को शीर्ष पद पर बैठने की अनुमति देता है लेकिन इस संविधान को आज एक पार्टी 'हाईजैक' करना चाहती है, संविधान पर अपना एकाधिकार मानती है और मौका मिलते ही इसी संविधान का अपमान करती है।

श्री सिंह ने लोकसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि भारत का संविधान सब नागरिकों को एक समान अधिकार देता है और देश की संस्कृति तथा परंपरा को अक्षुण्ण रखने की अनुमति देता है। संविधान में कमल का फूल है और भगवान राम की तस्वीर है, जो दर्शाता है कि हमारा संविधान हमारी परंपरा और विरासत का वाहक है और मोदी सरकार इन्हीं मूल्यों का अनुसरण कर देश के विकास के लिए सबको साथ लेकर काम कर रही है।



उन्होंने कहा कि संविधान को अंगीकार करने के 75 साल पूरे होने पर आज संदन में चर्चा की जा रही है। भारत के स्वतंत्रता सेनानियों और आम भारतीयों ने जो सपना देखा था वह आज के दिन पूरा हुआ था। इसी दिन 26 नवंबर को भारत सरकार ने अपना संविधान अंगीकार किया था और देश में राजतंत्र, ब्रिटिश तंत्र समाप्त होकर लोकतंत्र आ गया था। इस मौके पर सदन तथा देशवासियों को बधाई देते हुए उन्होंने भारत की आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेने वाले महान देशभक्तों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि हमारा संविधान सार्वभौम है जो नागरिकों को संवैधानिक और मौलिक अधिकार प्रदान करता है। हमारा संविधान राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पहलुओं को छूते हुए देश के लिए सबको समान अधिकार देने का रास्ता प्रदान करता है तथा सबको मिलजुलकर काम करने की अनुमति प्रदान करता है। संविधान धर्म और कर्तव्य के निर्वहन का अधिकार देता है।

उन्होंने कहा कि हमारा संविधान भारत को एक आदर्श राष्ट्र बनाने, राष्ट्रीय एकता, देश के विकास, नागरिकों की गरिमा सुरक्षित करने तथा राष्ट्र को आर्थिक और सांस्कृतिक विकास का रोड मैप है। हमारा संविधान सभी नागरिकों के कल्याण की अनुमति देता है और इसी का परिणाम है कि देश के गरीब परिवार में जन्मा व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति भी बन सकता है। यह संविधान भारत के नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करता है और उन्हें सम्मान से जीने ● शेष पेज 11 पर

### चर्चा

- लोकसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा
- संविधान गरीब को शीर्ष पद पर बैठने की अनुमति देता है, मौका मिलते ही कांग्रेस करती है अपमान

### संविधान के कवच को तोड़ने की कोशिश हो रही है : प्रियंका



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारत के संविधान को देश के आम नागरिकों के लिए न्याय, अभिव्यक्ति, अधिकारों का सुरक्षा कवच बताया और सरकार पर आरोप लगाया कि देश में जनता पर सुरक्षा के इस कवच को तोड़ने की कोशिश की जा रही है लेकिन देश साहस के साथ फिर से उठेगा और कहेगा कि सत्यमेव जयते ।लोकसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा में विपक्ष की ओर से श्रीमती वाड्रा के पहले भाषण को सदन ने पूरी शांति के साथ सुना। श्रीमती वाड्रा ने भी बहुत ही संयत तरीके से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि देश में विवाद एवं संवाद की परंपरा शुरू से रही है। हमारी आज़ादी की लड़ाई अहिंसा एवं सत्य पर इसी परंपरा के कारण चल सकी। आज़ादी की लड़ाई में देश को लेकर लेकर जो सामूहिक आवाज़ उठी, वही संविधान के रूप में दर्ज हुई। उन्होंने कहा, ल्हमारा संविधान इंसाफ, उम्मीद, अभिव्यक्ति और आकांक्षा की वो ज्योत है, जो हर हिंदुस्तानी के दिल में जल रही है। इस ज्योत ने हर भारतीय को शक्ति दी है कि उसे न्याय मिलने का अधिकार है, अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने की क्षमता है। इस संविधान ने हर देशवासी को ये अधिकार दिया है कि वो सरकार बना भी सकता है और सरकार बदल भी सकता है। देश के संसाधनों पर उसका अधिकार है। देश बनाने में उसकी भागीदारी है। इस ज्योत ने हर हिंदुस्तानी को ये विश्वास दिया कि देश की संपत्ति में उसका भी हिस्सा है। उसे एक सुरक्षित भविष्य का अधिकार है। उम्मीद और आशा की ये ज्योत मैंने देश के कोने-कोने में देखी है। श्रीमती वाड्रा ने उन्नाव में बलात्कार पीड़िता के मामले, आगरा के अरुण वाल्मीकि के साथ अत्याचार और एक दंगे में एक मुस्लिम दर्जी की गोली लगने से मौत की घटना का उल्लेख किया और कहा कि न्याय की अपेक्षा की जोत संविधान के कारण जल रही है। उन्होंने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि दस साल के शासन के दौरान ● शेष पेज 11 पर

# मुख्यमंत्री ने दिव्यांग होमगार्डों के आश्रितों की भर्ती पर लगी रोक हटाई

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दिव्यांग होमगार्डों के आश्रितों की नियुक्ति पर लगी रोक को हटा दिया गया है। योगी सरकार के इस निर्णय से उन दिव्यांग हो चुके होमगार्डों के परिवारों में उम्मीद की किरण जागी है, जो लंबे समय से नियुक्ति के लिए गुहार लगा रहे थे।

अपने सेवाकाल में स्थाई रूप से दिव्यांग हो चुके होमगार्डों के आश्रितों की नियुक्ति की प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए योगी सरकार ने एक स्पष्ट और बहुस्तरीय जांच प्रक्रिया का निर्धारण किया है। अब नियुक्ति के लिए जिलास्तर से लेकर डीजी होमगार्ड कार्यालय तक कई चरणों में जांच और सिफारिशें की जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के होमगार्ड विभाग ने आवेदन का सही और निष्पक्ष तरीके से परीक्षण के लिए नई व्यवस्था लागू की है। इसके लिए पात्र आश्रितों की जांच और नियुक्ति के लिए चार चरणों पर काम करेगा। इसके प्रथम चरण में आवेदन की जांच जिलास्तरीय सीएमओ समिति द्वारा की जाएगी। वहीं दूसरे चरण में जिलास्तरीय समिति द्वारा संस्तुति मिलने पर, जिला कमांडेंट इसे डीजी होमगार्ड के पास भेजेंगे। तृतीय चरण में मुख्यालय स्तर पर गठित समिति होगी जो चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे, सभी ● शेष पेज 11 पर

- नियुक्ति को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए बनी बहुस्तरीय जांच प्रक्रिया का निर्धारण पात्र
- आश्रितों की जिलास्तर से लेकर डीजी होमगार्ड कार्यालय तक कई चरणों में होगी जांच
- 2022 में सामने आए अपात्र उम्मीदवारों की भर्ती और अनुग्रह राशि के दुरुपयोग पर लगी थी रोक
- योगी के निर्णय से सेवाकाल में स्थायी रूप से दिव्यांग हो चुके होमगाडों के परिवारों में जगी उम्मीद

# महाकुम्भ में स्थापित होंगे नए प्रतिमान : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि आज से ठीक एक महीने बाद विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक, धार्मिक व आध्यात्मिक आयोजन महाकुंभ-2025 में नए प्रतिमान स्थापित होंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि श्री मोदी का आगमन मां गंगा-यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी में पूजा-अनुष्ठान के साथ ही प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ-2025 की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह संपूर्ण सनातन धर्मावलंबियों, देश व दुनिया के अंदर भारत के प्रति अनुराग रखने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्व रखता है। योगी ने कहा कि हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण प्रधानमंत्री मोदी के कर-कमलों से होने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से कुम्भ 2019 का सफल आयोजन हुआ था और अब महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन के लिए मिल रहे मार्गदर्शन के लिए हम सभी उनके प्रति कृतज्ञ हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विजन की प्रशंसा करते हुए उनके नेतृत्व में किए गए प्रयास और सनातन धर्मावलंबियों के हितों की रक्षा के साथ ही कुम्भ को लेकर स्थापित किए गए उच्च प्रतिमानों की पूर्ति को लेकर आभार जताया। उन्होंने कहा कि पहली बार 2019 के प्रयागराज कुम्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन व आदेश पर सैकड़ों वर्षों के बाद श्रद्धालुओं को अक्षय वट के दर्शन हुए थे। इस बार प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में अक्षयवट कॉरिडोर का भी उद्घाटन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बड़े हनुमान जी जिनका अभिषेक करने के लिए मां गंगा प्रतिवर्ष आती हैं, उस बड़े हनुमान मंदिर के कॉरिडोर का लोकार्पण भी आज प्रधानमंत्री मोदी के कर-कमलों द्वारा होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरस्वती कूप, जिसमें अदृश्य रूप में मां सरस्वती वास करती हैं और संगम पर गंगा-यमुना के साथ ही उनका संगम होता है, पहली बार 2019 के कुम्भ में ही श्रद्धालुओं को इस पवित्र सरस्वती कूप के दर्शन सुलभ हुए थे। सरस्वती कूप का यही भव्य रूप अब सरस्वती कॉरिडोर के रूप में लोकार्पण के जरिए सबके समक्ष होगा, सर्व सुलभ होगा। भगवान राम जब वनवास के लिए निकले थे तो सबसे पहले उन्होंने मैत्री का हाथ श्रृंगवेरपुर में निषादराज के समक्ष बढ़ाया था। सीएम योगी ने कहा, प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से यहां भगवान राम और निषादराज की 56 फुट ऊंची प्रतिमा व कॉरिडोर का लोकार्पण भी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा होने जा रहा है। योगी ने कहा कि दुनिया के सबसे पहले गुरुकुलों में सम्मिलित तथा जिस आश्रम में रहकर भगवान राम ने आशीर्वाद प्राप्त करके 'निसिचर हीन करउँ महि भुज उठाइ प्रन कीन्ह' यानी भूमि को राक्षसहीन करने का संकल्प लिया था, ऐसे महर्षि भारद्वाज के आश्रम के कॉरिडोर का लोकार्पण भी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया जा रहा है। कुम्भ कैसे होना चाहिए, कुम्भ भव्य भी हो, दिव्य भी हो, स्वच्छ भी हो, सुरक्षित भी हो, सुव्यवस्थित भी हो यह परिकल्पना प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 कुम्भ में दी। इस बार महाकुम्भ भव्य-दिव्य व डिजिटल महाकुम्भ के रूप में कैसे होना है यह भी प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज शहर, आसपास के जनपदों और दुनिया के सबसे बड़े अस्थायी शहर के तौर पर साकार हो रहा महाकुम्भनगर भी उनकी ही प्रेरणा का द्योतक है। प्रयागराज महाकुम्भ 2025 के शुभारंभ की दृष्टि से हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश वासियों की ओर से, उस हर श्रद्धालु की ओर से जो प्रयागराज आकर अभिभूत होता है, ऐसे प्रत्येक श्रद्धालुजन की ओर से आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, खादी व ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा, मत्स्यपालन मंत्री संजय निषाद, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के ग्रैंड फिनाले का समापन




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने इंटीग्रल स्टार्टअप्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी में, 12 दिसंबर को नोडल सेंटर के रूप में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2024 - सॉफ्टवेयर संस्करण के ग्रैंड फिनाले के समापन समारोह की मेजबानी की। शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और एआईसीटीई के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम ने एक जीवंत वातावरण की पेशकश की, जहां युवा आगे बढ़ सकें, नवप्रवर्तन कर सकें और व्यावहारिक चुनौतियों के लिए नवीन समाधान विकसित कर सकें। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के चांसलर और संस्थापक, प्रो. एस. डब्ल्यू. अख्तर, जिनकी दृष्टि और नेतृत्व ने संस्थान को नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित किया है, ने रचनात्मकता को बढ़ावा देने और अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए सभी प्रतिभागियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कुलपति और सत्र के अध्यक्ष प्रो. जावेद मुसर्रत ने कहा कि उनका समर्पण, प्रतिबद्धता और महत्वपूर्ण योगदान निश्चित रूप से हमारे देश को प्रगति करने और नवाचारों में ग्लोबल लीडर बनने में मदद करेगा। मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के निदेशक, डॉ. जितेंद्र कुमार तोमर ने भारत में बढ़ती डिजिटल संस्कृति और डिजिटल नवाचार में निरंतर प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें युवा वास्तविक दुनिया की समस्याओं से निपटने वाले समाधान बनाने में अग्रणी हैं। हैकथॉन 11 दिसंबर को शुरू हुआ था, जिसमें पूरे भारत से लगभग 120 प्रतिभागी शामिल हुए थे, सभी विभिन्न मंत्रालयों और संगठनों द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों का समाधान करने के लिए इंटीग्रल यूनिवर्सिटी कैंपस में लगन से काम कर रहे थे।

# व्यापारी समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने महिला आयोग की उपाध्यक्ष से की शिष्टाचार भेंट



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार को व्यापारी समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मेयर प्रत्याशी अजय त्रिपाठी मुन्ना के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव से उनके गोमती नगर कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की और उनको महिला आयोग की उपाध्यक्ष बनाये जाने पर सभी व्यापारियों की तरफ से शुभकामनायें प्रेषित कर उनको शॉल और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर व्यापारी समाज से प्रतिनिधि मंडल में अजय, राजेश सोनी, अजय अवस्थी, तारा चंद्र रावत, राज किशोर साहू, वी0पी0 सिंह व जितेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# बोरवेल के 30 फिट गहरे गड्ढे में मिला किसान का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के रामपुर गढ़ी जमुनी गांव में खेतों की रखवाली करने गए किसान का शव खेत में बने बोरवेल में पड़ा मिला, सुबह घर नही पहुचने पर भतीजा खोजने निकला तो बोरवेल का दरवाजा बाहर से बन्द मिला। बोरवेल के लगभग 30 फिट गहरे खड्डे में शव पड़ा मिला। सूचना पर एसीपी रजनीश वर्मा समेत निगोहा थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे, ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक निगोहां के रामपुर गढ़ी जमुनी गांव निवासी किसान रामू रावत (44) की पत्नी महारानी 20 वर्ष पूर्व में छोड़कर चली गई थी। रामू के दो बेटे जो अपनी मां के साथ ही चले गए थे। जबकि बेटी जूली अपने पिता के साथ रहती थी जिसका 4 वर्ष पूर्व विवाह हो चुका है। इस समय रामू अपनी बूढ़ी मां नन्हा के घर मे रहकर खेती बाड़ी कर जीविका चलाता था। जबकि बड़ा भाई कमलेश अपने परिवार के साथ अलग रहता है। मां ने आरोप लगाया कि बेटे की हत्या कर उसका शव बोरवेल में फेंक कर जलाने का प्रयास किया गया और यह भी बताया उनका बेटा रामू गुरुवार शाम घर से खाना लेकर खेतो की रखवाली करने के लिए खेत गया हुआ था सुबह करीब 9 बजे तक उनका बेटा वापस नही लौटा तो भतीजे करन को खोजने के लिए खेतो में भेजा भतीजे ने इधर उधर खोजबीन की और रामू का मोबाइल फोन मिलाया तो बंद था, मौके पर रामू का मोबाइल फोन नहीं मिला, बोरवेल का दरवाजा भी बाहर से बंद मिला जिसके बाद भतीजे ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की और बोरवेल का दरवाजा खोलकर 30 फिट गहरे बोरवेल के खड्डे में टॉर्च से देखा तो दंग रह गए रामू का शव गढ्ढे में पड़ा मिला। वही ग्रामीणों का कहना है कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शव को हत्यारों ने जलाने का प्रयास किया है, निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी और एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुचे पुलिस द्वारा ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया और जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## डीएपी न मिलने से किसान परेशान

**कोरांव (प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एक तरफ योगी सरकार किसानो को खाद की कमी न हो इसको लेकर प्राइवेट नीजी कंपनी सें भी खाद क्रय करके किसानो को देने के लिए सोसायटी को भेजा जा रहा है जिससे जरूरत के अनुसार उचित मूल्य मे खाद मिल सके लेकीन कोरांव क्षेत्र मे जरूरतमंद किसानो को एक दो बोरी डीएपी के लिए लाले पड़े है वही सोसायटी के सचिव अपने रिस्तेदारो को जरूरत सें ज्यादा रात मे खाद दे देते है जब कोई नहीँ रहता खाद सोसायटी पर आता है तो रातो रात ब्लैक मे नीजी दुकानदारों के हाथ बिक्री कर लेते है जब किसान ज्यादा है तो कहते है अभी नहीँ है आने वाला है यहीं कहकर टहलाते रहते है थक हारकर मजबूरी मे नीजी दुकानदारों सें अधिक मूल्य मे खरीदकर खेतो मे डाल रहे है ज्यादातर किसान सें यदि सर्वे किया जाय तो डीएपी सोसायटी सें नहीँ मिला है चक्कर काटते काटते चप्पल घिस गया यह भी क्षेत्र मे चर्चा व सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र कुमार शुक्ला का आरोप है की इसके पहले जो जिला कृषि अधिकारी थे उनके कार्यकाल मे इतना बद सें बत्तर हालत डीएपी खाद के लिए नहीँ था जितना इस समय है यह भी चर्चा व आरोप है की इस तरह सें कालाबजारी कराने मे जिला कृषि अधिकारी का भी योगदान है जिसके चलते किसानो को डीएपी खाद नहीँ मिल पा रहा जितना खाद कोरांव तहसील क्षेत्र मे आया है यदि सत्यापन कर लिया जाय तो भ्रष्टाचार की कलई खुल सकता है और काले कारनामे उजागर हो सकते है किसानो ने उच्चाधिकारियो का ध्यान आकृस्ट कराते हुये जांच कार्रवाही की माँग की है।

## हाट शाखा समिति से नहीं मिल पा रहा किसानों का उचित मूल्य

**कोरांव प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोरांव तहसील क्षेत्र मे संचालित हाट शाखा व समिति पर किसानो को तरजीह नहीँ दिया जा रहा न ही उनका सीधे धान तौल कराया जा रहा जाने पर कहते है लेबर नहीँ मिल रहे आये नहीँ धान मे कमी या कुछ न कुछ बहाना बताकर कई दिनों तक ट्रैक्टर ट्राली खुले आसमान मे खड़ा कराये रहते है थक हारकर किसान मजबूरी मे नीजी ब्यापारी के हाथ कम दाम मे बिक्री कर देता है फिर ब्यापारी किसान को मिलरो के माध्यम सें क्रय केन्द्रो पर बिना धान तौले पहुँचे अंगूठा विपरण विभाग द्वारा लगवा लिया जाता है किसान की धान क्रय केंद्र पर नहीँ ले जाते सीधे ब्यापारी मिलरो के यहां पंहुचा देते है जब अगले दिन किसान के खाता मे पैसा धान का आता है तो ब्यापारी किसान सें संपर्क बनाकर कमीशन 200 सौ रूपये प्रति कुंतल लेकर मिलरो के माध्यम सें हाट शाखा व समिति को देते है उसी पैसे को निचे सें ऊपर तक पहुंचाया जाता है जिससे कोई सुनवाई लाख शिकायत होता रहे कोई जांच कार्रवाही नहीँ होता लेकि सरकार की छबि खराब हो रहा है इसका चिंता सरकारी विभाग को नहीँ है शोशल मिडिया मे यह भी चल रहा है की पथरा मे एक ही जगह दो क्रय केंद्र खुला है लेकीन ताला लटकता रहता है इसी तरह कोईलहा मे भी दो धान क्रय केंद्र खुला है जो न्योयोंचित नहीँ है इस बार मुनाफा की दृस्टि सें जानबूझकर मनचाहा केंद्र बनाया गया है और अपने लोगो को केंद्र प्रभारी बनाया गया है जितना अंगूठा लगवाया जा रहा है उतना मौके पर केंद्र पर धान नहीँ मिलेगा इस संदर्भ मे प्रमोद मिश्रा पयासी, राजेश पाण्डेय, अरुण कुमार चतुर्वेदी, महताब समेत अन्य कई लोगो ने सामूहिक रूप सें 12 दिसम्बर को उपजिलाधिकारी कोरांव को प्रार्थना पत्र देकर कानूनगो लेखपाल को किसानो के हित मे ड्यूटी लगाने व हो रहे मनमानी भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने व जांच कार्रवाही की माँग की है।

## नगर निगम में कार्यरत लेखपाल रिश्वत लेते धरा गया

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को एन्टी करेप्शन टीम ने लखनऊ नगर निगम में कार्यरत लेखपाल राजू सोनी को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। लेखपाल राजू सोनी द्वारा सीमांकन के लिये एडवोकेट शशिकांत बाजपेई से एक लाख रूपये रिश्वत की मांग की थी। शशिकांत बाजपेई से रिश्वत लेते हुये एन्टी करेप्शन टीम ने लेखपाल राजू सोनी को रंगें हाथो पकड़ लिया। लेखपाल राजू सोनी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने के लिये नगर आयुक्त डॉ. इंद्रजीत सिंह के आदेश पर बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, जनपद-गोण्डा को पत्र प्रेषित कर दिया गया है।

## धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करता है सुप्रीम कोर्ट का आदेश : अनीस मंसूरी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय खंडपीठ ने आदेश दिया है कि उपासना स्थलों के मामलों की सुनवाई अदालतें न करें, हम माननीय सर्वोच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा दिए गए इस ऐतिहासिक और दूरदर्शी आदेश का स्वागत करते हैं। यह आदेश न केवल भारतीय संविधान के धर्मनिरपेक्ष ढांचे की रक्षा करता है, बल्कि सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे और राष्ट्रीय एकता को भी सुदृढ़ करता है। श्री मंसूरी ने कहा कि पसमांदा मुस्लिम समाज हमेशा से यह मानता रहा है कि धार्मिक स्थलों को विवादों और राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। धार्मिक स्थलों को विवादों में उलझाने से केवल सामाजिक तनाव और विघटन बढ़ता है, जिससे देश की प्रगति और शांति प्रभावित होती है। इस आदेश से स्पष्ट संकेत मिलता है कि न्यायपालिका देश में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के प्रति प्रतिबद्ध है। अनीस मंसूरी ने कहा कि यह निर्णय भारत की विविधता में एकता के सिद्धांत को मजबूत करता है। हमारे देश में हर धर्म, जाति, और समुदाय के लोगों के बीच प्रेम और विश्वास का जो ताना-बाना है, उसे बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। अनीस मंसूरी ने कहा कि हम यह भी मानते हैं कि यह फैसला उन ताकतों के लिए एक सबक है, जो धार्मिक स्थलों का उपयोग राजनीतिक या सांप्रदायिक लाभ के लिए करना चाहती हैं। न्यायपालिका के इस निर्णय से भारत में कानून के शासन और संविधान के आदर्शों पर लोगों का विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

# लावारिश हालत में पड़ा सरकारी जलजीवन मिशन नलकूप में लाखों की चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




करछना प्रयागराज। थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत महोरी रीवा में सरकारी परियोजना जलजीवन मिशन जिससे पूरे गांव को पेयजल आपूर्ति किए जाने की परियोजना में न तो कोई गार्ड और न ही उसके गेट पर ताला लगाया गया है जिससे मौका पाकर अज्ञात चोरों ने लाखों का उपकरण बेख़ौफ़ होकर लें जाने में सफल रहे जल जीवन मिशन की टंकी पर बीती रात में चोरों द्वारा जनरेटर की बैटरी एल्बो पाइप गटर और जल जीवन मिशन की टंकी में लगने वाली पाइप नट बोल्ट ताला तोड़कर चोरी कर ले गए जिसकी दो पाइप विमलेश कुमार पांडे पुत्र हरिशंकर पांडे के मशीन के पास फेंकी हुई पाई गई इसके पहले 30 नवंबर को चोरों द्वारा जनरेटर की बैटरी चोरी कर ली गई थी गांव के प्रधान राजकुमार पटेल ने सरकारी सम्पत्ति को हुए नूकसान की जानकारी होने पर लिखित शिकायत करछना थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है उन्होंने बताया कि चोरी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है इस प्रकार इसके पहले भी जलजीवन मिशन योजना को इसके पूर्व में भी चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दे चुके हैं जिसमें पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर सकी है।

# नहरों में पानी की समस्या को लेकर सपा नेता मणेंद्र मिश्रा ने दिया ज्ञापन

**शोहरतगढ़ इलाके में पानी की किल्लत से बर्बाद हो रही रबी की फसल**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ इलाके की नहरों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने को लेकर समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनेंद्र मिश्रा मशाल ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ न्यायिक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रबी की फसलों की सिंचाई के लिए नहरों में पानी की अनुपलब्धता की समस्या के समाधान हेतु आग्रह किया गया है।

श्री मिश्रा ने कहा कि शोहरतगढ़ क्षेत्र में रबी की फसल विशेषकर गेहूं में सिंचाई के लिए नहरों में पानी की बेहद आवश्यकता है। प्रति वर्ष दिसंबर के दूसरे सप्ताह के पूर्व तक नहरों में पानी आ जाता था। जिससे किसानों को फसलों की सिंचाई में आसानी रहती थी। लेकिन इस बार अभी तक नहर में पानी नही आया जिससे गेहूं की फसल का नुकसान हो रहा है। सिंचाई विभाग की उदासीनता से अन्नदाता त्रस्त है। पहले बीज और खाद की किल्लत और अब नहरों में पानी नहीं ऐसे में शासन/प्रशासन की लापरवाही से किसानों का जीवन संकटग्रस्त हो गया है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से हरिराम यादव जिला सचिव, राकेश दूबे सेक्टर प्रभारी, अजय चौरसिया राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा, मनोज मिश्रा, संदीप साहनी, पिंटू गौड़, सुरेश साहनी, अली अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने हाट शाखा बढ़वारी कला क्रय का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव (प्रयागराज ) शुक्रवार को एसडीएम कोरांव आकांक्षा सिंह , नायब तहसीलदार डैया राम मुरत ने हाट शाखा बढ़वारी कला, व सिकरो मे संचालित पीसीएफ शाखा का औचक निरीक्षण की निरीक्षण के दौरान बढ़वारी कला मे रजिस्टर मिंटेन सही ढंग सें नहीँ रहा साथ ही और भी जो कमिया पाई गईं सही करने के लिए हिदायत दिया गया वही सिकरो मे अधिकांश चीजे सही पाई गईं फिलहाल एसडीएम की सक्रियता सें पहले के अपेक्षा धीरेन्द्र धीरे सुधार हो रहा है लेकीन यदि गहराई सें जांच किया जाय तो काफी कमिया की कलई खुल सकता है।

# अंग्रेजी शराब में हो रही मिलावट खोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- आबकारी विभाग जान बूझकर बना अनजान
- हर महीने आबकारी विभाग कर रहा लाखों का वारा न्यारा



कोरांव ( प्रयागराज ) कोरांव तहसील क्षेत्र मे संचालित अधिकांश अंग्रेजी शराब की दुकान पर आबकारी विभाग की रहमोकरम पर भारी मिलावट खोरी का कारोबार फल फूल रहा जिससे ठीकेदार व आबकारी विभाग दोनों मालामाल हो रहे है वही दूसरी तरह राजश्व की क्षति हो रहा है बता दे एक सेल्समैन सें नाम न छापने की शर्त पर बताया की जो अंग्रेजी शराब का ठिका पर अंग्रेजी शराब की की बिक्री हो रहा है उसमे जबरजस्त मिलावट ठीकेदारों द्वारा सेल्समैनो सें करवाया जा रहा है

इस तरह सें हो रहा मिलावट खोरी : बैकपाईपर की शराब निकालकर आईबी एमड़ी मे मिलाते है आईबी एमड़ी की शराब निकालकर आरएस मे मिलाते है।

आरएस की शराब निकालकर ब्लेंडर मे मिलाते है : ब्लेंडर की शराब निकालकर और हाई रेंज बनाते है जितना शराब जिससें निकालते है उसमे उतना ही मात्रा पानी मिला देते है ढक्कन को ऊपर सें तेजी सें ताकत लगाकर खोल लेते है फिर मिलाने के बाद पुनः बंद भी कर देते है जिससे खरीदने वालों को यह पता नहीँ होता की मिलावटी किया गया है आसानी सें ठीकेदारों को ब्लैक मे शीशी व ढक्कन भी मिल जाता है जिससे ठीकेदार को काफी मुनाफा होता है उसी मुनाफ़े सें हर महीने आबकारी विभाग को देशी शराब के ठीकेदार 3000 हजार लगभग माहवारी सुविधा शुल्क अंग्रेजी शराब के ठीकेदार 5000 हजार लगभग हर महीने सुविधा शुल्क देते है इस मिलावट के काले कारनामो की करतूत को आबकारी विभाग को भली भाति जानकारी है लेकीन विभाग जानबूझकर कोई कार्रवाही नहीँ करता खाना पूर्ति के लिए कभी कभार कार्रवाही करके वाहवाही लूट लेते है इतना ही नहीँ लाख निर्देश के बावजूद भी आज भी अधिकांश तिको पर सीसीटीवीं कैमरा नहीँ लगा है शराबीयो का जमघट लगा रहता है जिससे आने जाने वाले राहगीर काफी परेशान होते है इसका बुरा सीधा असर युवा पीढ़ी पर पड़ रहा है चुकी शराब खुलेयाम पी रहे है कोई पर्दा नहीँ रहता कोरांव क्षेत्र के समाजसेवियों ने आबकारी आयुक्त का ध्यान आकृस्ट कराते हुये जांच कार्रवाही की माँग की है।

## बिजली चोरों के ख़िलाफ लगातार जारी है छापेमारी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को बिजली विभाग के लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल के निर्देश पर अपट्रान डिवीजन, ठाकुरगंज डिवीजन, चौक डिवीजन व राजाजी पुरम डिवीज़न के अधिशासी अभियंताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से मॉर्निंग व इवनिंग रेड अभियान चलाया गया। यह अभियान अति संवेदनशील घनी आबादी वाले क्षेत्र के अन्तर्गत चलाया गया था। मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया की अपट्रान डिवीजन के उपकेंद्र नूरबाड़ी के सआदतगंज व कटरा खुदायर खां में छापेमारी के दौरान सात लोग बिजली चोरी करते हुए पाए गए। इसके अलावा राजाजी पुरम डिवीज़न के न्यू पाल तिराहा उपकेंद्र के कैम्पल रोड हाजी टोला में तड़के सुबह छापेमारी के दौरान दो लोग बिजली चोरी करते हुए पाए गए तथा इसके अलावा चौक डिवीजन के उपकेंद्र विक्टोरिया के कर्बली मार्केट में इवनिंग रेड अभियान के दौरान एक उपभोक्ता को बिजली चोरी करते हुए पाया गया। साथ ही ठाकुरगंज डिवीजन के बालागंज उपकेंद्र के करीमगंज व ओल्ड बालागंज में तड़के सुबह चले अभियान के दौरान चार लोगों को बिजली चोरी करते हुए पाया गया तथा चौपटिया उपकेंद्र के भोलानाथ इलाके में तीन उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पाया गया। बिजली चोरी करने वाले इन सभी 17 उपभोक्ताओं के ख़िलाफ एंटी पावर थीफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है और सभी 17 उपभोक्ताओं की लाइट पोल से काट दी गई है। मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल का कहना था की बिजली चोरी पर जब तक पूरी तरह से ख़त्म नहीं हो जाती है तब तक आगे भी इसी तरह से बिजली चोरी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम अम्बिका यादव पुत्र नन्द लाल यादव दर्ज है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा निर्गत मूल अंक पत्र में मेरा नाम उधम सिंह पुत्र नन्द लाल सिंह दर्ज है जो सही है। कुल मिलाकर मुझे उधम सिंह उर्फ अम्बिका यादव पुत्र नन्द लाल यादव उर्फ नन्द लाल सिंह नाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जाय। **उधम सिंह उर्फ अम्बिका यादव, पुत्र नन्द लाल यादव उर्फ नन्द लाल सिंह, निवासी ग्राम व पोस्ट तरैथा, थाना रामगढ़, जनपद कैमूर, प्रान्त बिहार।**

# हार्नर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी वर्ग के बच्चों का वार्षिकोत्सव



**जब हम बदलेंगे तब देश बदलेगा, किसी भी बदलाव की शुरूआत हमें खुद से ही करनी होती है – अर्चना पाण्डेय(डायरेक्टर, सेन्ट ग्रेब्रियल कान्वेंट स्कूल)**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। महानगर स्थित हार्नर कॉलेज में शुक्रवार को प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी वर्ग के बच्चों का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अर्चना पाण्डेय( डायरेक्टर, सेन्ट ग्रैब्रियल कान्वेंट स्कूल) रही। जिन्होने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में प्री प्राइमरी के बच्चों ने सेटिंग द पेस योग अभ्यास पर शानदार प्रस्तुति दी। इसके बाद बच्चों ने जंगल बुक पर आधारित नाटक की मनमोहक प्रस्तुति दी, तो वहीं कॉलेज की गायन मण्डली के द्वारा सुन्दर गीत प्रस्तुत किया गया। प्री प्राइमरी के बच्चों के द्वारा वन्डरलैंड की सैर करते हुए फ्लाईट ऑफ फेंटेसी नामक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ माला मेहरा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में बच्चों एवं उनकी माताओं के द्वारा कथक एवं भरतनाट्यम के विलय की शानदार प्रस्तुति ताल तरंग पर दी गई। तो वहीं बच्चों के द्वारा मोबाइल फोन एडिक्शन पर आधारित नृत्य नाटिका द्वारा विशेष संदेश दिया गया। बच्चों के द्वारा फैशन शो, ड्रीमस सोर हाई व ताइक्वांडो पर प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि अर्चना पाण्डेय ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब हम बदलेंगे तब देश बदलेगा, किसी भी बदलाव की शुरूआत हमें खुद से ही करनी होती है। हालांकि इस मौके पर उन्होने बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुति पर उनकी जबरदस्त प्रशंसा की और सभी अध्यापको समेत स्कूल की प्रधानाचार्या को इस सफल कार्यक्रम और बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए बधाई भी दी। साथ ही इस मौके पर उन्होने आगामी क्रिसमस और न्यू ईयर पर बच्चों की मिठाई के लिए स्कूल को 11000 कैश उपहार भी दिया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि में सीएमएस गोमती नगर की वरिष्ठ प्रधानाचार्या मंजीत बत्रा समेत बड़ी संख्या में अभिभावक व अन्य मौजूद रहे।

# निगोहां : घर के बाहर खड़े ई–रिक्शा से बैटरियां चोरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**बेखौफ चोरों को नहीं पुलिस का खौफ , चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद**

निगोहां, लखनऊ। बीती गुरुवार रात निगोहां कस्बे में हाइवे पर स्थित एक घर के बाहर खड़े ई रिक्शा से चोरों ने बेखौफ होकर 5 बैटरियां चुराकर पार कर दिया , चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई पीड़ित ने मामले की तहरीर निगोहां पुलिस को दी पुलिस जांच में जुटी। गुरुवार रात करीब 11:20 बजे निगोहां कस्बा निवासी विनोद सोनी का घर के बाहर खड़े ई रिक्शा को बेखौफ चोरों घर से करीब 150 मीटर दूर ले जाकर रिक्शे में लगी 5 बैट्रियां, एक स्टेपनी और जग चोरी कर चम्पत हो गए। शुक्रवार सुबह चोरी की जानकारी हुई पीड़ित विनोद सोनी ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पास में स्थित एक दुकान के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला, जिसमें चार पहिये वाली गाड़ी से आए चोरों को चोरी करते हुए देखा गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है , थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच की जा रही।

# ज़ोन 6 में जेसीबी चला कर हटाया गया अतिक्रमण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। शुक्रवार को नगर निगम ज़ोन 6 में चौक वार्ड तथा आचार्य नरेन्द्र देव वार्ड में तम्बाकू मण्डी से चौपटिया चौराहा, सराय माली खाँ चौराहे तक अवैध रूप से किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। ये अभियान ज़ोनल अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में चलाया गया था। इस अभियान के दौरान अवैध रूप से लगे कई ठेले और 20 अस्थायी दुकानों को हटवाया गया साथ ही अन्य सामान जब्त किए गए। इसके अलावा बिलाली होटल व मनोज दूध भण्डार, छोटे लाल मिठाई वाला और आशीर्वाद पूजा भंडार द्वारा नालियों पर अतिक्रमण कर ज़ीना व चबूतरा आदि बना लिया गया था। जिससे की साफ सफाई में के दौरान यहाँ सफाई कर्मचारियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता था ठीक ढंग से सफाई भी नहीं हो पाती थी। टीम द्वारा इस अतिक्रमण को भी जेसीबी चला कर ध्वस्त कर दिया गया। अतिक्रमण करने वालों को सचेत किया गया कि इस स्थल पर पुनः अतिक्रमण न होने पाए। इसके अलावा, अतिक्रमण करने वालों से 2200 रुपये जुर्माना भी वसूल किया गया। भविष्य में अतिक्रमण न हो इसके लिए क्षेत्रीय थानाध्यक्ष को पत्र भी भेजा गया है। इस कार्रवाई में जोनल अधिकारी मनोज यादव के साथ साथ क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक संगीता गुप्ता, धर्मदेव, और 296 टीम उपस्थित रही।

# बीकेटी में पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़,एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बीकेटी, लखनऊ । गुरुवार देर रात बख्शी का तालाब थानांतर्गत पुलिस ने चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल से जा रहे बदमाशों रोकने का प्रयास किया तो पुलिस पर बदमाशो ने जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दिया,जिसके जवाब में पुलिस और दो ईनामिया बदमाशों में मुठभेड़ हो गई,जिसमे एक बदमाश घायल हो गया और दूसरा साथी मौक़े से फरार हो गया।एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र दुबे ने बताया कि गुरुवार रात लगभग एक बजे बीकेटी पुलिस और दो पच्चीस पच्चीस हज़ार के ईनामिया बदमाशों की अस्ती रोड़ किसान पथ के पास मुठभेड़ हो गई,जिसमें एक बदमाश छोटा भरवारा निवासी अमित रस्तोगी के पैर में गोली लग गई जिसको मौक़े पर ही गिरफ्तार कर लिया गया और ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया तथा दूसरा बदमाश राहुल गौतम मौक़े से फरार हो गया,जिसकी तलाश में पुलिस टीमें लगी हुई है।वही गिरफ्तार घायल बदमाश पर विभिन्न थानों में 19 से ज्यादा चोरी,लूट सहित अन्य मुकदमे दर्ज है तथा घटना स्थल से बाइक व अवैध तमंचा पुलिस ने बरामद किया है।

# दहेज के लिए किया प्रताड़ित मारपीट कर घर से निकाला मुकदमा दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बंथरा। थाना क्षेत्र स्थित एक गांव की रहने वाली युवती ने स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है कि उसके ससुराल में उसको आए दिन दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता रहा है। बीते दिनों मारपीट कर घर से भगा दिया गया इसके बाद से युवती अपने बच्चे के साथ मायके में अपनी मां के सहारे गुजर बसर कर रही है। युवती ने बताया है कि उसकी शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ विशाल मिश्रा पुत्र राज किशोर मिश्रा निवासी बभनपुरवा खुर्दही बाजार थाना गोसाईगंज जिला लखनऊ के साथ 11-12-2020 को हुई थी। विवाह में उसके पिता ने अपनी सामर्थ के अनुसार लगभग 15-16 लाख रुपए खर्च करने के साथ दहेज के सारे सामान के अलावा स्विफ्ट डिजायर गाड़ी का रुपया भी दिया था। युवती के अनुसार विवाह के बाद से ही पति विशाल मिश्रा, सास मीना मिश्रा, नंद पूर्णिमा दीक्षित व रश्मि पांडे ने उसे और दहेज लाने के लिए ताना मारना शुरू कर दिया साथ ही पति के द्वारा आए दिन उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की जाती थी। युवती ने बताया कि वह सब यह सोचकर बर्दाश्त कर रही थी कि भविष्य में सब कुछ सही हो जाएगा।युवती ने बताया कि 03-08-2022 को उसके एक पुत्र का जन्म हुआ उसके बाद भी पति द्वारा उसके साथ व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। बावजूद 14-12-2022 को सास मीना मिश्रा व पति विशाल मिश्रा ने पानी से भरी बाल्टी में उसका सर डुबोकर मारा पीटा व पति द्वारा सारे जेवरात छीन कर मात्र पहने हुए कपड़े में मारपीट कर उसे उसके बच्चे के साथ घर से बाहर निकाल दिया। तब से युवती मायके में रह रही है। फिलहाल युवती की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट के साथ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज करते हुए अपनी छानबीन शुरू की है।

# गोकशी करने जा रहे चार गोकशो को ग्रामीणों ने पकड़ा किया पुलिस के हवाले

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलालगंज पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से प्रतिबंध जानवरों को काटने जा रहे चार गोकशो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी गांव निवासी दिलीप सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते गुरुवार शाम अपने सहयोगी के साथ में भदेसुवा गांव जा रहा था तभी रास्ते में खेतों के बीच जानवरों के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब मैं नजदीक गया तो देखा कि खेतों के बीच में कुछ लोग प्रतिबंधित जानवरों को इकट्ठा कर उन्हें काटने जा रहे थे इसके बाद आसपास के ग्रामीणों को इकट्ठा कर जब हम सभी मौके पर पहुंचे तो गोकशी करने जा रहे युवकों ने गाली गलौज करते हुए धारदार हथियारों से हम सभी पर हमला कर मौके से भागने लगे इसके बाद ग्रामीणों की मदद से भाग रहे चार गोकश बदाली खेड़ा थाना सरोजिनीनगर निवासी मुख्तार, नवाबगंज थाना अजगैन निवासी रईस, बालागंज निवासी फुरकान एवं राजाजीपुरम निवासी राहुल को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया वही एक अन्य इनका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला मौके से दो गोवंशों को गोकशों से छुड़ाकर नजदीकी गौशाला सुलसामऊ हिलगी भेजा गया। इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से पकड़े गए गोकशो के विरुद्ध गंभीर धाराओ में मुकदमा दर्ज कर उनके कब्जे से एक ऑटो रिक्शा, स्कूटी, मोबाइल, चाकू, छुरी, बांका, प्लास्टिक की बोरी व रस्सी बरामद कर जेल भेज दिया गया।

## हाईवे का नाला उफनाया सड़क पर बह रहा पानी



लखनऊ। लखनऊ सुल्तानपुर रोड पर अहिमामऊ के पास कई दिनों से उफ़ना रहे नाले के कारण गंदा पानी रोड पर पिछले कई दिनों से बह रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर एनएचएआई ने पम्पिंग सेट लगाकर पानी निकाला। लेकिन शाम तक फिर नाला फुल होने के कारण नाले का गंदा पानी रोड पर बहने लगा। अहिमामऊ गांव में रहने वाले कोमल शुक्ला बताते है कि नाले के उफनाने व हाईवे पर पानी बहने की समस्या कभी खत्म नही होती है। सुबह पम्पिंग सेट चलाकर नीले का पानी निकाला जाता है तो शाम के वक्त फिर भर कर उफना जाता है। वही रहने वाले मयंक अवस्थी बताते है कि एनएचएआई नाले के पानी की निकासी के लिए स्थायी इंतजाम नही कर रही है। रोजाना नाले का पानी सड़क पर बहता है।

## आंध्र प्रदेश में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में स्वस्तिका किया यूपी का नाम रोशन गोल्ड मेडल पाकर घर लौटी स्वास्तिका का सबने किया सम्मान



लखनऊ। मूल रूप से बलिया जिले के मोहन टेकार निवासिनी 21 वर्षीय स्वस्तिका इस वक्त लखनऊ के सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के अहिमामऊ गांव में किराए पर रहती है। स्वास्तिका ने हाल ही में आयोजित आंध्र प्रदेश की कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर बेटियों का मान बढ़ाने के साथ यूपी का भी नाम रोशन किया है। स्वस्तिका ने बताया कि वह ग्रेजुएशन की पढ़ाई के साथ कुश्ती खेलने में भी रुचि रखती है। 2020 में कुश्ती लड़ने ने लिए मैदान में उतरी स्वास्तिका ने कई यूपी के कई जिलों में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेकर मेडल जीता। इस बार आंध्र प्रदेश की कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर गोल्फ जीता। गोल्ड मेडल जीतने के बाद अहिमामऊ वापस आई स्वास्तिका का लोगो ने माला पहनाकर स्वागत किया।

## नगराम: दबंगों ने घर में घुसकर महिला समेत चार को पीटा , मुकदमा दर्ज

नगराम, लखनऊ। थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने एक महिला के घर में घुसकर उसके साथ व उसके बेटों के साथ जमकर मारपीट कर दी , मारपीट की घटना में महिला समेत चार लोग घायल हो गए , पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने बहनोई समेत पांच नाम जद और 6 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मार–पीट का मामला रूपयों का लेन–देन बताया जा रहा है, क्षेत्र के अचली खेड़ा गांव निवासी इकबाल बहादुर की पत्नी पवन कुमारी ने अज्ञात मिलाकर लगभग एक दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गांव निवासी मानस पटेल के बहनोई का गुरुवार को फोन आया बेटे का फोन न उठने पर रात लगभग 10:30 बजे गांव के मानस , सिद्धार्थ , शिवांश , आदित्य पटेल मानस अपने बहनोई व छः अज्ञात के साथ घर में घुस आए तथा गाली गलौज करने लगे पीड़िता ने गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से लाठी–डंडों से हमला बोल दिया । बेरहमी से मारपीट करते हुए चारों को घायल कर दिया , 112 की सूचना पर आरोपितो ने जान से मारने की धमकी देती हुए अपने दो वाहन फोर व्हीलर मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए । जिससे पूरा परिवार काफी भयभीत है , पीड़िता की शिकायत पर तहरीर के मुताबिक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आयोजित हुई एनसीसी कैडेट्स की रैंक सेरेमनी



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। एनसीसी कैडेट्स की रैंक सेरेमनी 19 यूपी गर्ल्स बटालियन, एनसीसी लखनऊ की शुक्रवार को अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आयोजित की गई। यह कार्यक्रम कॉलेज की प्राचार्या प्रोफ़ेसर बीना राय के मार्गदर्शन और एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. सरिता सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि तिलोत्तमा वर्मा, आईपीएस डीजी ट्रेनिंग हेडक्वार्टर रही। इस मौके पर ग्लोरी ऑफ एनसीसी नामक एक वीडियो प्रस्तुत किया गया। रैंक पाने वालों में सीनियर अंडर ऑफिसर अवंतिका, अंडर ऑफिसर प्रिया कुलश्रेष्ठ और दिव्यांशी सिंह, सार्जेंट ज्योति यादव, नित्या मिश्रा, श्रेया शर्मा, जागृति कुमारी और माया कुमारी, कॉर्पोरल प्रिया वर्मा, खुशी कुमारी, तबस्सुम इकबाल और ज्योति त्रिपाठी, तथा लांस कॉर्पोरल सानिया, अंशिका शुक्ला, महिमा तिवारी और वान्या शुक्ला आदि शामिल रही।

# सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल की रजनीखंड शाखा में पहुँचे डॉ प्रवीण तोगड़िया, बच्चों से की मुलाकात



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आशियाना के रजनीखंड स्थित सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को हिंदू हृदय सम्राट कहे जाने वाले डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया पहुँचे, जहां उन्होने बच्चों से मुलाकात की और बच्चों से कई सवाल भी पूछे। जिसका बच्चों ने बड़ी बेबाकी से उत्तर दिया। इस दौरान स्कूल संस्थापक जगत नारायण पांडे, डायरेक्टर त्रिदीप नारायण पांडे एवं प्रधानाचार्य दिव्या पांडे ने अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद संस्थापक प्रवीण तोगड़िया का माल्यार्पण कर उनका स्वागत सम्मान किया। वहीं इस मौके पर स्कूल के मीडिया प्रभारी विक्रम कश्यप ने बताया कि हिंदू हृदय सम्राट प्रवीण तोगड़िया हिंदू समाज की विचारधारा को बढ़ाने का काम कर रहे हैं और युवाओं में नया जोश भर रहे हैं। वहीं इस मौके पर डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया ने बताया कि 2025 से प्रयाग में महाकुंभ उत्तरायण आरंभ महाशिवरात्रि 25 फरवरी तक प्रयागराज में चलेगा।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता ''ईको वॉरियर्स'' का आयोजन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। महानगर स्थित माउंट कार्मल कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता ''ईको वॉरियर्स'' का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 5 तक की लगभग 850 छात्राओं ने हर्षोल्लास संग रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। छात्राओं ने मार्चपास्ट में बैंड परेड के साथ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेजर दिव्या शर्मा तथा फादर रोनल्ड डिसूजा का स्वागत किया। मशाल रिले व सेरेमोनियल लैंप(अनुष्ठानिक ज्योति) द्वारा कार्यक्रम के शुभारंभ के साथ खेल भावना की शपथ दिलाई। इस खेल प्रतियोगिता में रस्साकशी, 50 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 4 ह100 मीटर दौड़ के साथ-साथ कई आकर्षक दौड़ प्रतियोगिता व ड्रिल का आयोजन किया गया।

# करोरा: सात दिवसीय रघुवर दास बाबा का पौराणिक मेला सम्पन्न



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नगराम , लखनऊ। नगराम क्षेत्र के करोरा बाजार स्थित संत रघुवर दास मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय धनुष यज्ञ पौराणिक मेला सम्पन्न हो गया ?। मेला आयोजक नीरज त्रिवेदी ने बताया कि यह पौराणिक मेला धनुष यज्ञ मेला समिति के अथक प्रयासों से सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से मेला प्रबंधक रिपुदमन तिवारी, उपाध्यक्ष केपी सिंह व संयोजक दीपक तिवारी रहे । मेला समापन पर नीरज त्रिवेदी , रिपुदमन तिवारी , गिरीश त्रिवेदी, केपी सिंह समेत दीपक तिवारी ने सभी दूरदराज से आए दुकानदारों का आभार प्रकट किया तत्पश्चात मेला महोत्सव के सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों को शांति पुर्ण मेला सम्पन्न होने पर मेला आयोजक नीरज त्रिवेदी ने अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया, इस मौके पर रज्जन मिश्रा, सुरेश मिश्रा, राहुल तिवारी, प्रवीन तिवारी, श्रीकृष्ण भंडारी,मो0 जुबेर, मो0 यासीन समेत समिति के कई लोग मौजूद रहे।

# केपी सिंह इंस्टिट्यूट में मनाई गईं पुण्यतिथि, हुआ विशाल भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लहरपुर सीतापुर । विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी एम0 के0 डी0 ग्रुप के चेयरमैन डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह जी के पूज्य पिता जी स्वर्गीय श्री कृष्ण पाल सिंह ( एम के डी ग्रुप के संस्थापक ) जी की पुण्यतिथि पर दिनांक 13/12/2024 दिन शुक्रवार को के0 पी0 सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल ग्राम-पारासराय, लहरपुर रोड, सीतापुर में समस्त स्वास्थ्य सम्बन्धी चिकित्सकीय परामर्श, खून संबंधित जाँचे, रेडियोलॉजी की जाँचे व दवाएँ निशुल्क प्रदान की गयीं, जिसमे हमारे समस्त विभागों के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा परीक्षण उपरांत परामर्श प्रदान किया गया, जिसमें डॉ एस ए मीर (जनरल फ़िज़िशियन) डॉ के शरीफ़ (पीडियट्रिशियन), विक्रम सिंह ( यूरो सर्जन ),डॉ आनंद (जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन ), अस्पताल के जनरल मैनेजर अंशुमान सिंह, सीईओ सावन रोहिला, के पी सिंह मेमोरियल इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर डॉ अनूप सर्वैया व माँ कमला देवी श्री पीतांबरा विद्यापीठ कॉलेज के प्रिंसिपल ऐश्वर्य प्रताप सिंह , निजी सचिव शिवपूजन सिंह, एचआर कोमल व एडमिनिस्ट्रेटर नीरज मौजूद रहे। जिसमें 867 मरीज़ों की विशाल भीड़ की समस्याओं को देखकर अस्पताल के चेयरमैन डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह व वाइस चेयरमैन श्रीमती शचि सिंह जी ने ओपीडी परामर्श शुल्क मात्र 50 रु0 ही लिए जाने की घोषणा की साथ ही उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत की योजना अस्पताल में जल्द ही लागू हो जाएगी, इसके बाद उन्होंने कहा स्वर्गीय बाबू जी को यही सच्ची श्रद्धांजलि है जिससे सीतापुर ज़िले व आसपास के ज़िलों को ओपीडी परामर्श 50 रुपये में होने से सही समय पर सही स्वस्थ संबंधित सलाह मिल पाएगी। इसके साथ अन्य जाँचो , दवाओं व भर्ती की सुविधा न्यूनतम दरों पर की जाने की घोषणा करते हुए चेयरमैन डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह जी ने कहा कि यह अस्पताल सीतापुर ज़िले व आसपास के ज़िलों से आये मरीजो को समर्पित है साथ ही उन्होंने कहा कि ज़िले के सभी डॉक्टर अपनी सेवाएँ ग़रीब लोगो तक अस्पताल के माध्यम से पहुँचा सकते हैं।श्रद्धांजलि अर्पित करने आये ज़िले के सम्मानित सदस्य राजेश वर्मा जी (पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन व पूर्व सांसद) , एम.एल.सी. पवन सिंह चौहान , सुरेश राही ( जिला कारागार मंत्री ),राजेश शुक्ला (जिला अध्यक्ष भाजपा ),संतोष सिंह ( वरिष्ठ पदाधिकारी आर0 एस0एस0),अचिन मेहरोत्रा (पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ), पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा जी , पूर्व विधायक सुनील वर्मा जी, राजा शुक्ला अरुण सिंह आचार्य दिनेश शुक्ला अशरफ बिलाल व मौजूद सम्मानित व्यक्तियों ने चेयरमैन सुरेंद्र प्रताप सिंह जी के इस कार्य की सराहना की व लोगों को अस्पताल के माध्यम से सही इलाज दिलाने का प्रण लिया। इसी के साथ एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# सीतापुर में धर्मांतरण कराने वाले सात अभियुक्त हुए गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । श्री चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में घटित घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए सर्वसंबंधित को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीन रंजन के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सिधौली श्री कपूर कुमार के नेतृत्व में थाना सिधौली पुलिस टीम द्वारा धर्म परिवर्तन से संबंधित पंजीकृत मु0अ0सं0 334/24 धारा 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 से संबंधित अभियुक्तगण (1). अशोक कुमार पुत्र स्व0 जगन्नाथ निवासी ग्राम कुढा चकशगुनपुर पो0 विशुनदासपुर थाना गदागंज जनपद रायबरेली वर्तमान पता चमरपुरवा थाना अटरिया जनपद सीतापुर (2). अनिल कुमार पुत्र देवदत्त निवासी ग्राम गोपालापुर पो0 रसूलपनाह थाना गोला जनपद लखीमपुर (3). सुनील पुत्र मैकूलाल निवासी ग्राम राजापुरवा पो0 कुसुमखोर थाना कन्नौज जनपद कन्नौज (4). अनुराग भारती पुत्र राजेश कुमार निवासी ग्राम रजलामऊ पो0 इस्माईलपुर थाना गुर सहायगंज जनपद कन्नौज (5). अंकित रावत पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम चतुरपुर पो0 कुम्हरावां थाना इटौजा जनपद लखनऊ (6). बलराम पुत्र सुन्दर लाल निवासी ग्राम बुढनापुर पो0 महेवागंज थाना कोतवाली सदर जनपद लखीमपुर (7). रामपाल पुत्र परमेश्वर निवासी ग्राम फत्तेखेरवा पो0 मन्दूरी थाना रामपुर कलां जनपद सीतापुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मौके से 02 अदद डायरी व 02 अदद मोबाइल फोन बरामद हुए है। गिरफ्तार अभियुक्तगण का चालान मा0न्यायालय किया जा रहा है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

# अवैध शस्त्र सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में थाना रामपुर कलां , रेउसा व महोली पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों को 03 अवैध शस्त्र व 03 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत है-

1.थाना रामपुर कलां पुलिस टीम द्वारा अवैध तंमचा सहित अभियुक्त गिरफ्तार- थाना रामपुर कलां पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त अफसार खान पुत्र सुबराती निवासी ग्राम भोइला कला थाना मानपुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। जिससे एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 290/24 धारा 25(1-उ) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है ।

2.थाना रेउसा पुलिस टीम द्वारा अवैध तंमचा/कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार- थाना रेउसा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त बालकराम पुत्र अशर्फीलाल निवासी डबकहा म0 गोविन्दापुर थाना तम्बौर जनपद सीतापुर को 01 अदद तंमचा व 1 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 570/2024 धारा 25 (1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्याया0 किया गया है।

3.थाना महोली पुलिस टीम द्वारा अवैध तंमचा/कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार- थाना महोली पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 369/24 धारा 307 भादवि में वांछित अभियुक्त पुतान यादव पुत्र शंकर यादव निवासी कारीपाकर थाना महोली जनपद सीतापुर को मिर्ज़ापुर मोड के पास से को 01 अदद तंमचा व 1 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 369/2024 में धारा 25 (1-बी) आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गई। अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्याया0 किया गया है।

# जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने विकास भवन के मुख्य विकास अधिकारी के चेम्बर में योजनाओं का ज्ञान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने विकास भवन के मुख्य विकास अधिकारी के चेम्बर में योजनाओं का ज्ञान, प्रगति का आधार, जिसका शीर्षक मेरी पंचायत मेरा अधिकारी जन सेवायें आपके द्वार पुस्तिका का मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला पंचायत राज अधिकारी डा0 निरीश चन्द्र साहू, जिला सूचना अधिकारी लाल कमल संग विमोचन करते हुये बताया कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार में लाभार्थीपरक योजनाएं चलती रहती हैं, जिसके बारे में आम जनता को जानकारी नहीं होती है और बहुत से लोगों को जानकारी नहीं रहती है, उन सभी को जानकारी देने के लिये यह पुस्तक बनायी गयी है। 27 विभागों में जो भी लाभार्थीपरक योजनाएं हैं, उनकी समरी बनायी गयी है, कैसे उसको इसका लाभ मिलेगा और कैसे वह आवेदन कर सकता है, कार्यालय में आकर कर सकता है, क्या उसकी पात्रता शर्ते हैं और उसका नोडल अधिकारी कौन है। यह प्रचार-प्रसार का बहुत ही अच्छा माध्यम बनेगी। चाहें व ग्रामीण क्षेत्र का निवासी अथवा शहरी क्षेत्र का निवासी है, उसके लिये यह पुस्तक अच्छा माध्यम बनेगी। इसकी कापी सभी जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करायी जायेगी एवं सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों पर इसकी एक-एक कापी रखवायी जायेगी एवं पंचायत सहायकों के माध्यम से संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुये जिस किसी को भी जिस योजना का लाभ प्राप्त करना हैं, जिस किसी योजना का आवेदन करना है। पंचायत सहायक पात्रता की जांच करते हुये लाभ दे सकेगा।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जारी किया आदेश, समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को दिये कड़े निर्देश

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा किये जाने वाले जनता दर्शन तथा तहसील दिवसों में अत्यधिक मात्रा में लोग योजनाओं का लाभ एवं सरकार द्वारा जारी किये जाने वाले प्रमाण-पत्रों/सेवाओं का लाभ प्राप्त न होने की शिकायतें लेकर उपस्थित होते हैं।

इससे प्रतीत होता है कि संबंधित लाभार्थियों/व्यक्तियों को योजनाओं के विषय में पर्याप्त जानकारी/लाभ ग्राम पंचायत स्तर एवं विकास खण्ड स्तर पर प्राप्त नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण अत्यधिक संख्या में लोग जनता दर्शन/तहसील दिवसों में अपनी समस्या के निराकरण हेतु उपस्थित होते हैं।

## पंचम दिवसीय भागवत कथा का शुरू हुआ आयोजन



लहरपुर सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। आपको बताते चले लहरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पतवारा में पंचम दिवसीय भागवत कथा का आयोजन आज से शुरू हुआ है पंडित जयप्रकाश अवस्थी के दवारा सुंदर-सुंदर वर्णन के साथ झांकियो का भी मनमोहक प्रोग्राम कराया जा रहा है जिसमें काफी दूर दराज से लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं यह प्रोग्राम दिन में 3 घंटा और रात्रि के 3 घंटे का होता है ।माना जाता है , ग्राम पतवारा में बने इस महामाई के दरबार में हर 6 महीने में भक्ति साधना से जुड़े प्रोग्राम होते रहते हैं सच्चे मन से मांगने वाले की मनोकामना पूर्ण होती है जो अपनी श्रद्धा के अनुसार महामाई के दरबार में चाहे वह सतचंडी महायज्ञ हो या रुद्राभिषेक हो या कोई अन्य आयोजन उनके दवारा कराए जाते हैं ।आज श्रीमद् भागवत कथा का प्रथम दिन से ही लोगों की भीड़ ,उमड़ने लगी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की हुईं मौत

झरेखापुर सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हरगांव थाना क्षेत्र मे सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी लखीमपुर । जनपद के खीरी थाना क्षेत्र के महेवागंज निवासी अभिषेक मिश्रा (29) किसी काम सीतापुर आया था।बृहस्पतिवार देर रात घर वापस जाते समय सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर गदनापुर गांव के सामने किसी अज्ञात वाहन से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर आयी पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से सीएचसी हरगांव पहुंचाया वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया परिजन सीएचसी से शव लेकर अपने गृह जनपद चले गये थे। वाहन की तलाश की जा रही है।

## नहीं कार्यमुक्त हों सकें लहरपुर कोतवाली के चर्चित सिपाही इस समय चर्चा का विषय बनें हुये

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। लहरपुर आठ माह से कोतवाली में अपनी धाक जमाएं बैंठे दो सिपाही इन दिनों कई समाचार पत्रों की सुर्खियां बटोरते शोशल मिडिया पर देखें जा रहें हैं। जबकि सरकार की जीरो टॉलरेंस की खुलकर धज्जियां उड़ाते हुए देखा जा सकता है। बात अगर सीतापुर पुलिस की कि जाएं तो पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की कलम ने 14/3/2023 को स्पष्ट कर दिया था की, पीएनओ,112112888, दीवान विनय कुमार को लहरपुर से थाना सिधौली व पीएनओ नं 1926612338 मनीष चौधरी को लहरपुर से संदना स्थानांतरित कर दिया था। किंतु दोनों सिपाहियों की आंख मिचौली ने लहरपुर कोतवाली नही छोडी।जबकि दूसरा आदेश 24/7/2024 को इन्ही दोनों आरक्षियों का दोबारा पुनः सीतापुर देहात कोतवाली में हुआ परंतु फिर लहरपुर कोतवाली नही छोडी। और आज भी कोतवाली में कार्यरत हैं। जबकि स्थानांतरण सूची जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी होती उस पर अगर गौर किया जाए तों आठ माह में दो बार स्थानांतरण हुआ लेकिन फिर भी दोनों आरक्षी कोतवाली लहरपुर में जमें रहना आमजन मानस में बड़े सवाल खड़े करता है। जो इन दिनों विभिन्न अखबारों में सुर्खियां बटोर रहा है। और आमजन मानस में सवाल पे सवाल खड़े कर रहा हैं। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि, सिपाही छुट्टी पर गए हुए हैं आते ही रवानगी हो जाएगी

## परिषदीय विद्यालय के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी ले रहे हैं रुचि

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।कंपोजिट विद्यालय गढ़ाकला के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि ले रहे हैं। विद्यालय के शिक्षक हुकुम सिंह ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के लिए खेल भी महत्वपूर्ण विषय है। खेलने से शरीर स्वस्थ और मन भी प्रसन्न रहता है। आज के माहौल में बच्चों पर पढ़ाई का बोझ ज्यादा है। इसलिए अभिभावकों को भी यह ध्यान रखना चाहिए कि उनके बच्चे खेले यह बच्चे ही देश के विकास की नींव होते हैं।यदि ऐसे में हमें इनका भविष्य अच्छी तरह से तैयार करना है। तो खेलने के लिए उनको खुली छूट देनी चाहिए।जिससे बच्चों को तंदुरुस्त और साक्षर बनाया जा सके।होगा खेलने से बच्चों के मस्तिक का विकास होता है।साथ ही शरीर हष्ट पुष्ट तंदुरुस्त रहता है।

## आर्य समाज के तत्वाधान में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर का हुआ सम्मान

सुल्तानपुर। आर्य समाज सुल्तानपुर द्वारा आयोजित वेद मंत्र पाठन, संभाषण, एकल भजन एवं समूह भजन गायन प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की अध्यक्ष के रूप में अपना दायित्व सफलता पूर्वक निर्वहन करने पर डॉ0राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ0 कविता पाठक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ अरविंद चतुर्वेदी, प्रधान अरविंद पांडेय व मंत्री उदय राज वर्मा द्वारा उन्हें संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। उक्त मौके पर प्रधानाचार्य वीरेंद्र मौर्य, अजीत कुमार द्विवेदी सहित प्रतियोगी छात्र छात्राएं तथा नगर के गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार मे लिप्त खण्ड विकास अधिकारी के खिलाफ़ लामबन्द हुऐ प्रधानों ने खोला मोर्चा, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जनपद सीतापुर के विकास खण्ड ऐलिया में खण्ड विकास अधिकारी के पद पर तैनात शैलेन्द्र सिंह यादव पर कमीशन के गम्भीर आरोप लगाते हुए विकास खण्ड ऐलिया के प्रधानो ने जिलाधिकारी सीतापुर को ज्ञापन सौंपा प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी को हटाने की मांग उठाई है। प्रधानों ने आरोप लगाया है कि मनरेगा योजना के तहत कराये जाने वाले विकास कार्यों में कच्चे कार्य स्वीकृत करने के नाम पर 10 प्रतिशत कमीशन लिया जाता है तथा पक्के कार्य स्वीकृत करने के नाम पर 15 प्रतिशत कमीशन लिया जाता है। कार्य पूर्ण होने पर भुगतान के लिए 20 प्रतिशत कमीशन के नाम पर धन उगाही की जाती है ग्राम पंचायत में जब निरीक्षण के लिए जाते है तब ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव से

**योगी सरकार की भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश की धज्जियां उड़ा रहे जिले के आलाधिकारी**

धनराशि की माँग की जाती है। ऐसे भ्रष्ट अधिकारी की दूषित कार्यशैली के कारण विकास खण्ड ऐलिया में विकास कार्य प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो रहे हैं तथा ग्राम प्रधानों के लिए कार्य कराना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

भ्रष्ट खण्ड विकास अधिकारी को तत्काल विकास खण्ड ऐलिया से अन्यत्र स्थानान्तरित करके इनके कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार पर उचित कार्यवाही की जाए। अधिकारियो द्वारा कोई कार्यवाही नही हुई तो विकास खण्ड ऐलिया के समस्त ग्राम प्रधान अखिल भारतीय प्रधान संगठन की तरफ से धरना कर पैदल मार्च कर लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर अपनी पीड़ा बताएंगे।

# कॉलेज के प्राचार्य ने गिनाई डिग्री कॉलेज की उपलब्धियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिला मुख्यालय पर स्थित गांधी पार्क के सामने लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के कांफ्रेंस हाल में प्रबंध समिति अध्यक्ष जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्य क्षता में कॉलेज की शैक्षिक प्रगति और नैक अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों की उपलब्धियों पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।प्राचार्य रविंद्र कुमार पाण्डेय ने प्रोजे क्टर स्लाइड शो के माध्यम से बताया कि दो अक्टूबर 1966 को पांच विषय और 35 विद्यार्थियों से तत्कालीन डीएम राजेंद्र नाथ ने नींव रखी थी जो इस समय स्नातक में तेरह विषय और परास्नातक में दस विषयों के अध्ययन की सुविधा के साथ आठ हजार से अधिक छात्र छात्राओं का पंजीकरण है।महाविद्यालय जनपद का एक सर्वांगीण विकास का केंद्र बन चुका है कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि बीएड,बीएससी,कृषि, बीसीए कोर्स अंतर्गत शिक्षण कार्य बेहतर वातावरण में संचालित किया जा रहा है।कालेज के प्राचार्य ने बताया कि 2021 में कॉलेज को बीबीए,बीसीए,बीए शारीरिक शिक्षा,गृह विज्ञान,बीएससी कृषि,एमएससी जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान विषय की मान्यता प्राप्त हुई है और बीएससी कृषि की स्थाई मान्यता के लिए प्रयास किए जा रहे हैं,जो वर्तमान सत्र में संपन्न होगी।प्रबंध समिति अध्यक्ष डीएम नेहा शर्मा ने एलबीएस पीजी कॉलेज के शैक्षिक वातावरण को बेहतर बनाने में शिक्षकों के मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि छात्र कल्याण योजना अंतर्गत 2024-25 में कॉलेज के सभी विद्यार्थियों का एक लाख रुपए दुर्घटना बीमा और 50 हजार चिकित्सा बीमा कराया गया है, जो सराहनीय है। डीएम ने कॉलेज में गत वर्ष कॉलेज में कराए गए कार्यों की चर्चा की।डीएम ने नैक की उपलब्धियों की जानकारी दी।कॉलेज के मुख्य परिसर में छात्रों के लिए वाई-फाई, एक लाख से अधिक पाठ्य पुस्तकें, ई बुक्स और जर्नल्स उपलब्ध हैं।कालेज के छात्रों को लैंगुएज लैब में बारह देशों की भाषा का अध्ययन कराया जाता है।डीएम ने कहा कि कालेज में सेबी, एनआईआईटी, एनआईएसएम, महिंद्रा जैसी कई औद्योगिक कम्पनियों में छात्रों का प्लेसमेंट चयन हुआ है।इस दौरान प्रबंध समिति उपाध्यक्ष वर्षा सिंह, सचिव उमेश शाह, नैक समन्वयक प्रो.जितेंद्र सिंह, शोध निदेशक प्रो.शैलेंद्र नाथ मिश्र,प्रो.राम समुझ सिंह, छात्र कल्याण अधिकारी प्रो.शिव शरण शुक्ला, क्रीड़ा सचिव डॉ.मनोज कुमार मिश्र,निर्माण सहायक शरद पाठक मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य जागरूकता के लिए अभिभावकों व किशोरियों के साथ चर्चा हो: नितिन सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। परिवार नियोजन को लेकर लोगों को जागरूक करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। परिवार नियोजन जैसा महत्वपूर्ण कार्यक्रम तभी पूरी तरह से सफल हो सकेगा, जब उसमें पुरुषों की समान रूप से भागीदारी होगी। यह बात कसमंडा ब्लॉक के बीडीओ नितिन सिंह ने विकास खंड कार्यालय के सभागार में एक अंतरविभागीय ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के साथ ही माता-पिता के साथ विवाह की सही उम्र और उससे होने वाले शारीरिक और सामजिक लाभों को लेकर सामूहिक रूप से चर्चा किए जाने की जरूरत है। इसके लिए हम सभी को एक साझा प्रयास करना होगा। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस बैठक का आयोजन पापुलेशन फाउण्डेशन आफ इण्डिया (पीएफआई) एवं मोवियस फाउण्डेशन के सहयोग से संचालित उम्मीद परियोजना के तहत किया गया। बैठक में इस परियोजना के नोडल विभाग के रूप में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, आजीविका मिशन, आईसीडीएस सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर पीएफआई के राम बरन यादव ने उम्मीद परियोजना के अन्तर्गत अभी तक हुये कार्यों एवं आगामी कार्यो की रूप रेखा के विषय में चर्चा करते हुए कहा कि उम्मीद परियोजना हमारी आकार परियोजना का ही एक महत्वपूर्ण भाग है। यह परियोजना वर्तमान में उत्तर प्रदेश के आठ जिलों, बहराइच, श्रावस्ती, बाराबंकी, उन्नाव, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, गोंडा और सीतापुर चलायी जा रही हैं। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन की जागरूकता और स्वीकार्यता को समुदाय में बढ़ाना है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर विभागीय ब्लॉक समन्वय समिति की बैठकों में बाल विवाह, लैंगिक असमानता तथा किशोरियों की स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता से सबंधित समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस मौके पर पीएफआई संस्था की पूर्णिमा चौधरी ने संस्था के द्वारा समूह के कल्याण के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उम्मीद परियोजना के तहत सीएचसी पर उम्मीद परिवार नियोजन परामर्श केंद्रों की स्थापना की जा रही है। इसके बाद पीएचसी स्तर पर भी इन परामर्श केंद्रों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के मिश्रिख, बिसवां, परसेंडी, ऐलिया, महमूदाबाद, खैराबाद, सिधौली, कसमंडा और गोंदलामऊ विकास खंडों में उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है। यह जिले की सातवीं बैठक है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग के लोग मौजूद रहे।

# बीआरसी कमलापुर में सम्पन हुई प्रधानाध्यापको के साथ मासिक समीक्षा बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कसमंडा कमलापुर । ब्लॉक संसाधन केंद्र कसमंडा पर मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई जिसमें सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के बाद बैठक की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र नाथ प्रजापति के द्वारा निम्न कई बिंदुओं पर चर्चा की गई जैसे विद्यालय की साफ सफाई पर , डीएलएड प्रशिक्षण द्वारा निपुण आकलन पर चर्चा नए पैटर्न पर एन एल एप में हुए बदलाव पर चर्चा, आकलन के लिए तरीके पर गणित बनाई गई ब्लॉक निपुण बनाने पर चर्चा कक्षा कक्ष रूपांतरण एवं निपुण तालिका डायरी के नियमित प्रयोग पर चर्चा शिक्षकों की उपस्थिति एवं छात्र की उपस्थिति पर चर्चा अर्धवार्षिक परीक्षा पर चर्चा की गई बच्चों के नियमित आकलन और अपेक्षित शैक्षिक सुधार पर विशेष तरीके से चर्चाएं की गई । ए आर पी दिनेश सिंह, प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाध्यापिका सहित बीआरसी के कर्मचारी मौजूद रहे।

# जमीन बेचने के नाम पर 60 लाख रुपये धोखाधड़ी करने का आरोपी है मनीष

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## वांछित मनीष को कसया पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर छोड़े जाने का मामला

## चर्चा का विषय बना सत्ता का प्रभाव या मैनेज का खेल

कुशीनगर । जनपद के कसया पुलिस द्वारा बीते दिनो ठगी और धोखाधड़ी के मामले में वांछित अभियुक्त मनीष श्रीवास्तव को गिरफ्तार करके थाने से छोडे जाने के मामले को लेकर कसया पुलिस की खूब किरकिरी हो रही है। ऐसी चर्चा है कि पुलिस को जब मनीष के सत्तादल से ताल्लुककात की जानकारी हुई तो वह चोक मे आ गयी और आनन-फानन में मामला मैनेज कर न सिर्फ वांछित मनीष को थाने से छोड दिया बल्कि ग्रुप से फोटो सहित गिरफ्तारी से संबंधित प्रेस नोट डिलिट करके मामले से हाथ खडा कर लिया।

बतादे कि वांछित व वारण्टी अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए जनपद में चलाये जा रहे अभियान के तहत कसया पुलिस ने

रविवार की देर शाम धोखाधड़ी व ठगी के मामले वांछित मनीष श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया था। इसकी पुष्टि पुलिस प्रशासन के मीडिया सेल द्वारा बकायदे फोटो सहित मनीष की गिरफ्तारी से संबंधित

प्रेस नोट कुशीनगर मीडिया । पुलिस ग्रुप में पोस्ट भी किया गया था लेकिन कुछ देर बाद ही ग्रुप से प्रेस नोट डिलिट कर वांछित मनीष को थाने से छोड दिया गया। कसया पुलिस के इस कार्रवाई के बाद नगर मे चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया चहुंओर पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर खूब छिछालेदर हो रही है। कोई सत्ता का प्रभाव तो कोई मैनेज का खेल बता रहा है सच्चाई क्या है यह कसया पुलिस बखूबी जानती है जो मनीष की गिरफ्तारी से इंकार करते हुए वांछित को पूछताछ के लिए बुलाये जाने की बात कहकर अपने कार्यप्रणाली पर सीना चौडा कर रही है लेकिन मनीष की फोटो सहित गिरफ्तारी से संबंधित प्रेस नोट को ग्रुप मे पोस्ट कर डिलिट किये जाने के मामले मे मीडिया को संतुष्टपूर्ण जबाब देने मे असहज महसूस कर रही है। इसके पीछे सबब चाहे सत्ता का प्रभाव हो या फिर मैनेज का खेल राम जाने।

वर्ष 2023 मे सितंबर माह के 29 तारीख को जनपद के कसया थाना क्षेत्र के अन्धया निवासी रजनीश मिश्रा पुत्र गिरजा शंकर मिश्रा द्वारा मनीष श्रीवास्तव पुत्र गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव निवासी वार्ड संख्या - 13 कसया के खिलाफ दिये गये तहरीर




के आधार पर कसया थाने मे दर्ज किये गये मुकदमा पर गौर करे तो वादी रजनीश मिश्रा अपने जरुरत के वास्ते वर्ष 2020 में कसया में जमीन तलाश रहे थे इसी दौरान मनीष श्रीवास्तव से उनका संपर्क हुआ जहां मनीष ने रजनीश को बताया कि उनके पास जमीन है, लेना चाहे तो ले सकते है। मनीष द्वारा जमीन का खतौनी भी दिखाया गया जिसमे आराजी नंबर 168 रकबा 0.3280 हेक्टेयर व आराजी नंबर 169 रकबा 0.1700 हेक्टेयर आंछादित था। इसके बाद रजनीश द्वारा उक्त जमीन का विक्रय-विलेख कराने के लिए 7 फरवरी - 2020 को मनीष श्रीवास्तव को कुल धनराशि 90 लाख रुपये के सापेक्ष 10 लाख रुपये नगद देकर अनुबंध-पत्र जरिये नोटरी कराया गया। दर्ज एफआईआर के मुताबिक आवेदक रजनीश अपने विभिन्न सहयोगियों से सहयोग लेकर मनीष श्रीवास्तव एवं उनके बताये गये अन्य खाताधारकों क्रमशः साधना, अरविन्द व विनोद आदि के बैंक खाते में कुल 60 लाख 49 हजार पांच सौ रुपये भुगतान कर दिया। तभी किसी व्यक्ति ने रजनीश को बताया कि मनीष श्रीवास्तव फ्राड किस्म का व्यक्ति है, दूसरे की जमीन को अपना बताकर उस पर एडवांस ले लेता है। उससे सर्तक रहने की आवश्यकता है। यह बात सुनते ही रजनीश के कान खड़े हो गये और मनीष श्रीवास्तव द्वारा दिये गये खतौनी का अधिवक्ता के जरिए सत्यापन कराया तो पता चला कि आराजी नंबर 168 व 169 किसी दूसरे व्यक्ति अरविन्द आदि के नाम से अंकित है। इससे स्पष्ट हो गया कि मनीष श्रीवास्तव ने छल-कपट, घोखाधडी व कूटरचना कर फर्जी खतौनी तैयार कर रजनीश को झांसे में लेकर पैसा हडपने का कार्य किया है। फिर क्या, रजनीश मिश्रा ने इस संबंध सम्बंध में 23 मई-2023

को मनीष श्रीवास्तव से वार्ता किया तो मनीष ने कहा कि मेरे द्वारा बनाये गये अनुबंध-पत्र की मूलप्रति लेकर आईये और अपना पैसा ले लीजिये। मनीष के कहने पर रजनीश अनुबंध पत्र का मूल प्रति लेकर उनके घर पहुचे जहां मनीष श्रीवास्तव ने अनुबंध-पत्र की मूल प्रति लेकर 27 मई-2023 को पैसा वापस लौटाने की बात कही। दर्ज मुकदमे के कहा गया है कि जब रजनीश निर्धारित तिथि 27 मई को मनीष श्रीवास्तव से पैसा मांगने गये, तो मनीष ने 22 जून 2023 फिर 25 जुलाई 2023 को पैसा वापस करने का समय दिया। मनीष श्रीवास्तव द्वारा बार-बार समय देने के बाद पैसा नही लौटाने पर रजनीश का शक पूर्णतः यकीन में बदल गया कि मनीष पैसा हडपने के उद्देश्य से टाल-मटोल कर रहे है। अंत में आजीज होकर वादी रजनीश ने मनीष श्रीवास्तव से कहा कि वह कानूनी कार्यवाही करने जा रहे है यह सुनते ही मनीष भड़क गये और भद्दी-भ?द्दी गालियां देते हुये हत्या करने की धमकी दी, तथा कहा कि मैं पैसा नहीं दूंगा, जाओ जो करना है, कर लेना। वादी रजनीश के इस तहरीर पर कसया पुलिस ने 29 सितम्बर - 2023 को मुकदमा अपराध संख्या - 852/2023 धारा 419,420,504,506,406 के तहत मनीष श्रीवास्तव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

कहना ना होगा कि रजनीश मिश्रा द्वारा दिये गये तहरीर पर कसया पुलिस ने दिनांक 29 सितम्बर - 2023 को अपराध संख्या - 852/2023 धारा 419, 420, 406, 504, 506 के तहत मनीष श्रीवास्तव के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया था जबकि 8 दिसम्बर - 2024 को मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेसनोट (जो कुछ देर बाद डिलिट कर दिया गया) उसमे धारा 467, 468, 471 बढाई गयी है। जानकारों का कहना है कि अपराध की स्थिति, परिस्थिति और प्रवृति को देखते हुए विवेचना के दौरान पुलिस धाराओं मे बढोतरी व घटौती कर सकती है। इस संबध में वांछित आरोपी मनीष श्रीवास्तव का कहना है कि विवेचना मे मुझे पूछताछ के लिए बुलाया गया था। तहरीर सही नही पाया गया उसमे जो भी डाक्यूमेंट लगाया गया है वह सब फोटोकापी है। मैने थाने में सवाल किया है कि जब संविधान में लिखा है कि फोटोकापी मान्य नही है तो फिर मेरे उपर मुकदमा कैसे दर्ज हो गया है। उन्होने कहा कि मैने अपना बयान दर्ज करा दिया है मेरा फर्जी हस्ताक्षर का एग्रीमेंट का फोटोकापी लगाया गया। उस पर किया गया हस्ताक्षर मेरे हस्ताक्षर से मिलान नही कर रहा है। वही मनीष श्रीवास्तव को गिरफ्तार करने वाले उप निरीक्षक कुलदीप मौर्या का कहना है कि मनीष श्रीवास्तव को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। जब उनसे पूछा गया कुशीनगर मीडिया । पुलिस ग्रुप मे मीडिया सेल द्वारा फोटो सहित मनीष श्रीवास्तव की गिरफ्तारी का प्रेसनोट पोस्ट किया गया था। इस पर उन्होंने कहा कि विज्ञप्ति लिखने वाले की गलती से खबर ग्रुप मे पोस्ट हो गयी है।

# दलाई लामा को नोबेल पुरस्कार मिलने की तिब्बतियों ने मनाई 35वीं वर्षगांठ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कुशीनगर। बुद्ध स्थली स्थित तिब्बत मन्दिर में बौद्ध धर्म गुरु और 14 वें दलाईलामा को नोबेल शांति पुरस्कार मिलने की 35 वीं वर्षगांठ क उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर निर्धन पुरुषों, महिलाओं, बच्चों को भोजन कराया गया।

गुरुवार को तिब्बती मन्दिर के प्रमुख भिक्षु कुन्चुक लामा व भिक्षु संघ से जुड़े भिक्षुओं ने मुख्य मंदिर में घी के दीप जलाए और विशेष पूजन अर्चन कर चिवर चढाया। इसके पश्चात तिब्बत मोनेस्ट्री में स्थित मुख्य मंदिर में बुद्ध की प्रतिमा का धम्म पाठ के साथ पूजन किया गया और दलाई लामा के चित्र के समक्ष कैंडिल जलाकर उनके निरोग व दीर्घायु जीवन के लिए प्रार्थना की गई। स्थानीय महिलाओं व बच्चों ने बुद्ध गीत प्रस्तुत किये। भिक्षु कुन्चुक लामा ने कहा कि तिब्बती धर्मगुरु परम पूज्य दलाई लामा को 10 दिसम्बर 1989 को उन्हें नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। पूरे विश्व में तिब्बती समाज इस दिन को उत्सव के रूप में बड़े हर्ष के साथ मनाता है। इस अवसर पर भिक्षु तेनजिंग धोचक लामा, भन्ते ग्यात्सो लामा, मुखलाल सिंह, ओमप्रकाश कुशवाहा, बिट्टू आर्या, अजय कुमार सिंह, अनिल राजभर मौजूद रहे।

# सेहतमंद रहने के लिये हेल्थ क्लब फायदेमंदः डा. प्रियेश कुमार त्रिपाठी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कुशीनगर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चकदेइया में देवेश हेल्थ क्लब का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख डा. प्रियेश कुमार त्रिपाठी ने फीता काटकर किया और अपना फार्म भरकर प्रवेश लिया।

शुक्रवार को उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यअतिथि श्री त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हेल्थ क्लब के खुलना प्रसंशनीय है। युवा सेहतमंद रहेंगे। शहरों में यह संसाधन मौजूद है लेकिन ग्रामीण अंचल में इसका अभाव है। गांवों में छिपी प्रतिभाओं को शरीर सौष्ठव के मामले में खुद को तराशने का अवसर है और सीखकर रोजगार की ओर उन्मुख हो सकते हैं। डा. त्रिपाठी एवं अतिथियों का माल्यार्पण कर संचालक व प्रशिक्षक पवन कुमार चतुर्वेदी, रमेश सिंह, देवेश चतुर्वेदी, हर्षवर्धन चतुर्वेदी, इशांत ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। सभी का आभार व्यक्त करते हुए संचालक श्री चतुर्वेदी ने बताया कि अत्याधुनिक सुविधाओं से क्लब लैस है। यहां ओलंपिक वजन प्रशिक्षण, ओलंपिक प्लेट व रॉड वेट ट्रेनिंग, तेजी से वजन घटाना, एरोविक क्लासेज, जुम्बा क्लासेज आदि की व्यवस्था की गई है। इस दौरान डा राजीव दिवेदी, शिक्षक राजेश कुमार शुक्ला, अविनाश शुक्ला, प्रवीण राव, ग्रामप्रधान संजीव सिंह, ग्रामप्रधान राजेश शर्मा, ग्रामप्रधान सुनील राजभर, ग्रामप्रधान प्रतिनिधि पिपरझाम संजीव सिंह, पूर्व प्रधान अशोक राय, संजय सिंह, अमित कुमार सिंह, प्रेम शंकर सिंह, अश्वनी चतुर्वेदी, सर्वेश गोंड़, हरिंदर गोंड़ सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नमामि गंगे ने गंगाद्वार से उतारी श्री काशी विश्वनाथ धाम की आरती

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण के तीसरी वर्षगांठ पर शुक्रवार को नमामि गंगे के सदस्यों ने महर्षि योगी वेद विज्ञान अध्ययन पीठ के वेदपाठी बटुकों एवं जनमानस के साथ गंगाद्वार से धाम की आरती उतारी। सदस्यों ने श्री काशी विश्वनाथ और मां गंगा की आरती उतारकर राष्ट्र में समृद्धि की कामना की। नव्य गंगाद्वार से द्वादश ज्योतिर्लिंगों का पाठ कर बाबा विश्वनाथ को शीश नवाया। इस दौरान श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में चहुंओर ? जय शिव ओंकारा... की गूंज रही इसके बाद वेदपाठी बटुकों और नमामि गंगे के स्वयंसेवकों ने गंगा द्वार के तट की सफाई की। सनातनी संस्कृति के दिव्य अवसर पर नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि काशी देव भूमि है। मोक्ष स्थली काशी समर्पण, संस्कार व संस्कृति का मर्म समाहित किए हुए है। काशी ही नहीं बल्कि विश्व में साधना का केंद्र बाबा विश्वनाथ हैं। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख बाबा विश्वनाथ अनादिकाल से काशी में गंगा तट पर विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि भव्य नव्य दिव्य काशी विश्वनाथ धाम आज सांस्कृतिक दिव्यता के साथ आकर्षित व मंत्रमुग्ध कर रहा है। बाबा का अलौकिक दरबार तन–मन प्रफुल्लित कर रहा है। सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार पृथ्वी और स्वर्ग के बीच काशी को बड़े तीर्थ के रूप में माना गया है। जनसामान्य के साथ देवी–देवता, महापुरुष भी इस पवित्र धरा पर भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर आते रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ धाम से आज बनारस की आर्थिक तस्वीर भी बदल गई है। काशी विश्वनाथ धाम ने सनातन धर्मावलंबियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। आज हम हमारी काशी के सांसद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में कह सकते हैं..... आओ देखो घूमो हमरी काशी।

## गोसाईंगंज में एलडीए की कार्यवाही, अवैध निर्माण ध्वस्त

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के ज़ोन 2 में प्रवर्तन दस्ते ने गोसाईंगंज क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल किये जा रहे निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया। प्रवर्तन जोन 2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि मोहनेश्वर प्रसाद सिंह पुत्र कमला प्रसाद सिंह द्वारा गोसाईंगंज के ग्राम–हबुआपुर में लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इस निर्माण कार्य के खिलाफ़ विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते सहायक अभियंता राम सागर वर्मा व अवर अभियंता भरत पाण्डेय व प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया।

## यूपी कालेज नमाज विवादः नहीं हुई जुमे की नमाज,सुरक्षा की किलेबंदी

**वाराणसी।** उदय प्रताप महाविद्यालय (यूपी कालेज) में नमाज विवाद को लेकर शुक्रवार को सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया। जुमे की नमाज को देखते हुए अफसर फोर्स के साथ कालेज के मुख्य गेट से लेकर मजार तक गश्त करते रहे। हालांकि मजार पर जुमे की नमाज नहीं पढ़ी गई। पिछले जुमे को भी नमाज नहीं पढ़ी गई थी। कालेज प्रशासन ने भी परिसर में चल रही परीक्षा को देखते हुए धार्मिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की थी। बताते चलें यूपी कॉलेज परिसर स्थित मस्जिद में दो ताले जड़े गए हैं। एक ताला मस्जिद से जुड़े लोगों की ओर से लगाया गया है और दूसरा ताला किसने लगाया, इसका पता फिलहाल नहीं चल पाया है। मस्जिद पर दूसरा ताला लगने से विवाद गहराने की संभावना पर वहां 24 घंटे पुलिस का पहरा है। मजार विवाद के कारण छात्रों का विरोध भी लगातार जारी है। छात्र नेताओं ने दो टूक कहा कि कॉलेज सिर्फ शिक्षा का केंद्र होना चाहिए और यहां किसी भी तरह की धार्मिक गतिविधि नहीं होनी चाहिए। छात्रों ने चेतावनी दी है कि अगर मजार पर नमाज पढ़ी गई तो वे सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। फिलहाल फोर्स के लगातार गश्त से परिसर में शांति व्यवस्था कायम है।

# प्रधान मंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का सिधुआ बाजार में हुआ उद्घाटन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पडरौना,कुशीनगर । बृहस्पतिवार को सिधुआ बाजार के कुशवाहा हेल्थ केयर में प्रधान मंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन नगरपालिका परिषद पडरौना को मनोनीत सभासद नीरज सिंह बिट्टु ने फीता काटकर किया। इसके पहले दुकान की संचालक साजिद मुहम्मद खांन द्वारा माला पहनाकर मनोनीत सभासद नीरज सिंह बिट्टु का स्वागत किया गया। जेनेरिक दवा दुकान का उद्घाटन करते हुए मनोनीत सभासद नीरज सिंह ने कहा कि यह एक कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री के द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में चलाया जा रहा है। इससे आम लोगों को सुलभ एवं सस्ती दवा मिलेगी, जिससे आम जनों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस दुकान के खुलने से लोगों को दवा के भारी भरकम बिल के बोझ से छुटकारा मिलेगा। बता दें कि इस दुकान से सटे कुशवाहा हेल्थ केयर भी संचालित है,जहां पर मरीज के लिए इमरजेंसी सेवा 24 घंटे उपलब्ध है,इसके अलावा यहां महिलाओं की समस्याओं का भी इलाज किया जाता है। इस दौरान डाक्टर हरिकेश कुशवाहा, डॉक्टर आदिल एम खान, प्रेमचंद रौनियार,अरविन्द कुमार गोलु आदी लोग मौजुद रहे।

# स्व. नवल किशोर सिंह की 33वीं पुण्यतिथि 17 दिसम्बर को

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



## श्री राम चरित मानस पाठ, काव्य गोष्ठी, श्रद्धांजलि सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत संगीत और राष्ट्रीय एकता विराट कुश्ती दंगल का होगा आयोजन

कुशीनगर। कसया तहसील के साखोपार में नवल किशोर सिंह सेवा संस्थान द्वारा समाजसेवी, कवि एवं लेखक रहे स्वर्गीय नवल किशोर सिंह की 33 वीं पुण्यतिथि 17 दिसंबर को दिन मंगलवार को समारोह पूर्वक आयोजित है।

उक्त जानकारी एक देते हुए स्व. श्री सिंह के सुपुत्र व प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति अजय प्रताप नारायण सिंह व स्व. श्री सिंह के पौत्र सदस्य बीओसीडब्ल्यू बोर्ड श्रम मंत्रालय उत्तर प्रदेश अभय प्रताप नारायण सिंह ने बताया है कि प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी पुण्यतिथि के अवसर पर विविध प्रकार के कार्यक्रम होंगे। समारोह में श्री राम चरित मानस पाठ, काव्य गोष्ठी, श्रद्धांजलि सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत संगीत और राष्ट्रीय एकता विराट कुश्ती दंगल का आयोजन रखा गया है। आयोजकों ने बताया कि समारोह में भारी संख्या में लोगों की भीड़ होती है और विभिन्न विभागों द्वारा जहां प्रदर्शनी लगाएं जाएंगे वहीं स्वास्थ्य विभाग और कई निजी अस्पतालों द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाए जाएंगे। अपने पिता और पूर्वज को याद करने का यह अनूठा तरीका जिले में काफी प्रसिद्ध है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-AY-Medstn-87-24-1 (Misc Static-Services-Medical Facilities at Station) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहॉ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3817/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्याः– विद्युत/डब्ल्यू०/आलमबाग/194/2024–25 | |
| क | कार्य का विवरणः कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ में आर0एम0पी0यू0 में एल0एच0बी0 वातानुकूलित यान/हाइब्रीड वातानुकूलित यान में ट्रफ फ्लोर एवं डक्ट से होने वाले पानी के रिसाव की रोकथाम की व्यवस्था। | |
| ख | अनुमानित लागत | रू० 57,27,076/– |
| ग | धरोहर राशि | रू० 1,14,600/– |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ड. | कार्य समापन अवधि | 24 माह |
| | अन्य सूचना | |
| 3 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवम समय | 04.01.2025 को अपरान्ह 13:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि व समय | 04.01.2025 को अपरान्ह 13:00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल आफ़र पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरांन्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। **निविदा संख्याः– विद्युत/डब्ल्यू०/आलमबाग/194/2024–25 दिनांक– 13.12.2024** 3821/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## मानक व गुणवत्ता को ताख पर रख कजगांव में बनाई जा रही इण्टरलाकिंग सड़क



जौनपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कितनों भी जतन करें कि सरकार की साख पर कोई आंच न आये परन्तु इसके बावजूद नगर पंचायत कजगांव मानक व गुणवत्ता को ताख पर रख इण्टरलॉकिंग में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करवा कर मुख्यमंत्री की साख पर बट्टा लगा रहा है। बता दें कि उपरोक्त नगर पंचायत में इण्टरलाकिंग का कार्य कराया जा रहा है। ठेकेदार के द्वारा इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण के कार्य में जमकर अनियमितता की जा रही है। स्थिति यह है कि जहां अच्छे क्वालिटी की निर्माण सामग्री उपयोग में लायी जानी चाहिए थी, वहां दोयम दर्जे की निर्माण सामग्री का उपयोग कर त्र इण्टरलाकिंग का कार्य कराया जा रहा है, जो बाजारवासियों में चर्चा का विषय बना हुआ। नगर पंचायत कजगांव के अधिशासी अधिकारी एवं चेयरमैन द्वारा उक्त निर्माण कार्य के आंख मूदने के कारण ठेकेदार मनमाने तरीके से निर्माण कार्य को अंजाम दे रहे हैं। मानक व गुणवत्ता की स्थिति यह है कि इण्टरलाकिंग कार्य हेतु दोनों तरफ दोयम दर्जे की ईटों एवं बालू सीमेन्ट के उपयोग के कारण जगह-जगह दोनों तरफ ईटों की दीवाल टूटकर धाराशाही हो जा रही है। उक्त घटिया निर्माण कार्य की ओर बाजार के लोगों ने जिलाधिकारी एवं नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए निर्माण की जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# कुशीनगर ब्लॉक प्रमुख संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने विंध्यवासिनी श्रीवास्तव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पडरौना,कुशीनगर। कुशीनगर ब्लॉक प्रमुख संघ के संगठन विस्तार में विशुनपुरा प्रमुख विंध्यवासिनी श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। ब्लॉक प्रमुखों ने संगठन के विस्तार के साथ ही बैठक कर क्षेत्र पंचायतों में संचालित सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के विकास कार्यों पर भी चर्चा की।

पडरौना नगर के गंडक नहर रोड स्थित एक होटल सभागार में ब्लॉक प्रमुख संघ की बैठक हुई। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए विशुनपुरा के ब्लॉक प्रमुख विंध्यवासिनी श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपते हुए फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। प्रमुख संघ अध्यक्ष विशाल सिंह ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपकर संगठन की मजबूती की अपेक्षा की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनने पर विंध्यवासिनी श्रीवास्तव को राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, कुशीनगर सांसद विजय कुमार दुबे,सदर विधायक मनीष जायसवाल,खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय व रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड़ ने बधाई और शुभकामनाएं दी। ब्लॉक प्रमुखों ने बैठक कर विकास कार्यों पर चर्चा की। अध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा कि जिले में पर्यटन बढ़ावा को लेकर प्रमुख संघ शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट करेगा। पडरौना प्रमुख आशुतोष सिंह बहुगुणा ने कहा कि प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास, व्यक्तिगत-सार्वजनिक शौचालय, हर घर जल योजना, सोलर लाइट, मनरेगा, महिला श्रमिक आदि विकास कार्यों के मुद्दे पर सभी ब्लॉक प्रमुख गंभीर हैं। इस दौरान प्रमुख संघ महामंत्री धनन्जय तिवारी, उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह लक्ष्मण, प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव, लल्लन प्रसाद गोंड़, शेषनाथ यादव, महेंद्र पासवान, अमरजीत यादव, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रितिक सिंह गौतम, सचिन मिश्र, नीशू सिंह, मिथिलेश चौबे आदि मौजूद रहे।

# एमएनआरए कॉलेज में कृषि वैज्ञानिकों ने फसल अवशेष प्रबन्धन पर स्टूडेंट्स को किया जागरुक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नानपारा, बहराइच। स्थानीय मिथिलेश नंदिनी रेशमा आरिफ महाविद्यालय में कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के वैज्ञानिकों द्वारा फसल अवशैष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत मोबिलाइजेशन ऑफ़ स्कूल स्टूडेंट के तहत इन सीटू फसल अवशेष प्रबन्धन परियोजना पर 175 स्कूल विधार्थियों को जागरुक करते हुए प्रश्नोतरी व निबंध कार्यक्रमों का संचालन करते हुए छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया । परियोजना के नोडल अधिकारी सुनील कुमार बताया कि फसलों के अवशेष जलाने के बजाय आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए उसे खेतों में ही मिला देना चाहिए। ऐसा करने से खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। केंद्र के उद्यान विशेषज्ञ उमेश कुमार ने बताया कि कृषि अपशिष्ट को कृषि उत्पादों जैसे फलों/सब्जियो डेयरी और अनाज साथ ही मांस मुर्गी और फसलों की खेती और प्रसंस्करण के बाद बचे हुए अपशिष्ट के रूप में परिभाषित किया जाता है। केंद्र के डॉक्टर सूर्यबलि सिंह ने बताया कि खेतों मुर्गी पालन घरों और बूचड़खानों से निकलने वाला उर्वरक और अन्य अपशिष्ट फसल का अपशिष्ट खेतों से निकलने वाला उर्वरक अपवाह पानी हवा या मिट्टी में प्रवेश करने वाले कीटनाशक और खेतों से निकलने वाला नमक और अवशेष शामिल हैं। केंद्र के फसल सुरक्षा विशेषज्ञ डॉक्टर पी के सिंह ने बताया कि फसल अवशेषों का प्रबंधन कर फसलों के समय में बुआई कर अधिकतम उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। फसल अवशेष का प्रबंधन करने से मृदा की भौतिक] रासायनिक एवं जैविक गुणवत्ता में वृद्धि की जा सकती है । फसल अवशेष मृदा में जल धारण क्षमता को बढ़ाता है। जिससे फसल को लंबे अवधि तक मृदा जल प्राप्त होता है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ परमानन्द पांडे सहित प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने पराली प्रबंधन पर छात्रों व बालिकाओं को कार्यक्रम के मानक को अपने गाँव गाँव जाकर मृदा संरक्षण का आह्वाहन करने को कहा ।

# जिले में खुलेआम हो रहा मिट्टी खनन, अधिकारी मौन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। भले ही सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा खनन कार्यो की समीक्षा करते हुवे सख्त निर्देश दिए गए हों कि राजस्व प्राप्ति के लिए जिला अधिकारी व जिला खनन अधिकारी की जवाबदेही तय की जाए।बावजूद यदि हम बात गोण्डा खनन विभाग की करें तो यहां अवैध रूप से खुलेआम खनन होने के बाद भी यहां के अधिकारी सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुवे ज्यादातर मामलों में मौन साधे बैठे हैं। जबकि मुख्यमंत्री का साफ कहना है कि प्रदेश में किसी भी तरह का खनन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।अवैध खनन को रोकने के लिए उन्होंने यहां तक कह रखा है कि स्वीकृत क्षेत्र के अंदर खनन कर रहे वाहनों पर व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम(वीटीएस) लगाये जाएं ताकि पता चल सके कि खनन स्वीकृत क्षेत्र में हो रहा है या नहीं।लेकिन बात अगर हम गोण्डा



जिले में हो रहे खनन की करें तो पिछले काफी अर्से से नगर व देहात थाना क्षेत्र में जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा दी जा रही खुली छूट के कारण खनन माफियाओं की शरण स्थली बनी हुई है।जिसे कि उपजाऊ भूमि प्रभावित होने प्रदूषण होने व जनहानि के खतरे के रूप में भी देखा जाता है।खनन को लेकर खनन अधिकारी सहित बड़े अधिकारियों की निष्क्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब यह कारोबार जनपद के लगभग सभी क्षेत्रों में फैल चुका है।और अधिकारी कुछ मामलों में खाना पूर्ति कर शासन द्वारा अपनी अपनी पीठ थपथपाए जाने का इंतजार किया करते

**जिले में मानक के अनुसार नहीं हो रहा खनन जानकारी होने पर भी अधिकारी नहीं करते कार्यवाही अवैध खनन को लेकर मुख्यमंत्री के निर्देशों की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियां**

हैं।उक्त मामले को लेकर जब खनन अधिकारी से बात की जाती है तो वे पूछते हैं कि उससे पूछो कि खनन कहां पर हो रहा है और किसी भट्टे वाले का तो नहीं है वही एक कहावत कही गई है कि उल्टा चोर कोतवाल को ही डांटे तो अगर खनन अधिकारी से कोई चीज पूछ लिया जाए तो वह उल्टा उससे ही प्रश्न करने लगते हैं और अपना पाला झाड़ लेते हैं।मोतीगंज थाना क्षेत्र हो या फिर देहात और नगर कोत वाली क्षेत्रों में जेसीबी,ट्रैक्टर-ट्राली व डमफर आदि के माध्यम से हो रहे अवैध खनन व खुलेआम उक्त क्षेत्रों में दौड़ रही गाड़ियों के बारे में अनजान बनने की कोशिश करते हैं।और तो और हो रहे खनन की मौके से जानकारी प्राप्त होने के बाद भी वे मूकदब्धिर दर्शकों की भूमिका में ही नजर आते हैं।सूत्रों की माने तो मोतीगंज थाना क्षेत्र में हो रहे उक्त खनन में कई अन्य के साथ एक तथाकथित पत्रकार का नाम भी प्रमुखता से सामने आता है।जो कि

एक नामी अख़बार से भी चर्चित है सूत्र बता रहे है ये अपने आप को अधिकारियों से भी सीधा संपर्क होना बता रहा है।जबकि खनन अधिकारी को लेकर लोगों का यह भी कहना है कि जनपद आगमन पर खनन आदि को लेकर उनके द्वारा कई ताबड़तोड़ कार्यवाही कर खनन कर्मियों के बीच भय का वातावरण पैदा कर दिया गया था, लेकिन अब शायद खनन कर्मियों को उनका आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।परिणाम स्वरूप जनपद में बेखौफ खनन माफियाओं द्वारा किए जा रहे खनन के मामले बढ़ते जा रहे हैं।और यही कारण है कि बेलगाम खनन माफियाओं द्वारा एक दो फुट नहीं चार से पांच फीट मिट्टी खोद क़र तालाब बनाए जा रहा है।

# जिले में कुकुरमुत्ते की तरह फैले झोलाछाप डॉक्टर और अवैध नर्सिंग होम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिले में तहसील करनैलगंज, मनकापुर,गोण्डा, और तरबगंज क्षेत्र में कुकुरमुत्ते की तरह झोलाछाप डॉक्टरों का जाल फैला हुआ देखा जा रहा है सूत्रों से मिली जानकारी डी फार्मा किए हुए डॉक्टर अपने आप को बताते हैं एमबीबीएस की डिग्री आखिर कार ऐसे डॉक्टरों के ऊपर क्यों नहीं हो रही कार्रवाई,सूत्र बता रहे है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो के अधीक्षक और सीएमओ को जाता है मोटा नजराना तभी तो डॉक्टर पर किया जा रहा है अभय दान,आए दिन झोला छाप डॉक्टर मरीज के साथ करता है गलत तरीके से करते हैं अभद्रता से करता है बात अपने




आप को बताते है डिग्री होल्डर डॉक्टर,अगर ऐसे डॉक्टरों के ऊपर नहीं की गई कार्रवाई किसी दिन हो सकता है बड़ा हादसा पैसे के लालच में गरीब मरीजों को लूटने का किया जा रहा है काम सूत्र बता रहे है कि कर्नलगंज तहसील क्षेत्र में झोला छाप डॉक्टर अपने आप को बताते है उच्च अधिकारियों से मेरी अच्छी जान पहचान है मुझे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सब जानते हैं झोला छाप डॉक्टर की बातों से तो लग रहा है मोटा पैसा जाता है चढ़ावा ! तभी तो कर रहा है मरीजों के साथ पैसे लूटने का काम, बहुत जल्द ऐसे डॉक्टरों की की जाएगी शिकायत किसी की जिंदगी से कर रहे खिलवाड़ चंद पैसों के लालच में झोलाछाप डॉक्टरों का कस्बा परसपुर, कटरा बजार में फैला झोला छाप डॉक्टर कुकुरमुत्ते की तरह पहले हैं ऐसे डॉक्टरों के ऊपर आखिरकार किसका है अभयदान ड्रिप व इंजेक्शन लगाने की नहीं है जानकारी उसके बावजूद मरीज को लेटा दिया जाता है और ड्रिप लगाने के बाद मोटा पैसा वसूलते हैं सूत्र बता रहे है कि झोला डॉक्टर, कई लोगों को बता चुका है कि परसपुर अधीक्षक को मोटा पैसा लेकर डॉक्टर को दुकान खोलने की देते हैं अनुमति इसीलिए बैठे मौत के सौदागर डॉक्टर के ऊपर नहीं हो रही कार्रवाई। जबकि झोलाछाप डॉक्टरों से परसपुर में हो चुकी है कई लोगों की मौतें क्या फिर कोई बड़ीं घटना होने का इंतजार कर रहा - स्वास्थ्य विभाग फिर जाएगी किसी मासूम की जान।

# आयुक्त ने अधिकारियों को लगाई फटकार,शिकायत के निस्तारण में लापरवाही हुई तो होगी कार्रवाई




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । देवीपाटन मण्डल में शुक्रवार को आयुक्त सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का असंतोष जनक निस्तारण करने पर आयुक्त ने बैठक कर कई अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई।उन्होंने कहा कि कई विभागों द्वारा शिकायतों का उचित निस्तारण न करने पर नवम्बर माह के मासिक मूल्यांकन में देवीपाटन मण्डल सातवें नम्बर पर है।उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सख्त निर्देश दिए कि पोर्टल पर प्राप्त होने शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए।यदि आगे से विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरती गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कदम उठाया जाएगा।आईजीआरएस मैं बेहतर रैंकिंग लाने के लिए उन्होंने निर्देश दिए कि पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों में अधीनस्थ की आख्या का परीक्षण करने के उपरान्त शिकायतकर्ता से वार्ता करने के पश्चात ही निस्तारित करें। यदि प्रकरण स्पेशल क्लोज श्रेणी के अन्तर्गत का है तो निस्तारण के समय अनिवार्य रूप से अंकित करें।

### शिकायतकर्ता से जरूर किया जाए संपर्क : आयुक्त

बैठक के दौरान मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कहा कि प्रायः देखा गया है कि शिकायतकर्ता से वार्ता करने में यह कह जाता है कि निस्तारण कार्यालय द्वारा उनसे सम्पर्क नहीं किया गया, जिसके कारण मा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से फीडबैक में प्रकरण असंतुष्ट फीडबैक में स्थानान्तिरित कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में निस्तारण आख्या में शिकायतकर्ता का नम्बर, वार्ता करने का समय अवश्य अंकित किया जाये, जिससे फीडबैक में उनके द्वारा यह न कहा जाये कि संबंधित कार्यालय से सम्पर्क नहीं किया गया। ऐसे संदर्भ जिसमें किसी अधीनस्थ अधिकारियों की शिकायत की गई है, उनको संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित न किया जाये। निस्तारण आख्या में अग्रसारित करने वाले अधिकारी का नाम व मुहर अनिवार्य रूप में अंकित करें।निस्तारण आख्या में यदि शिकायतकर्ता या संबंधित स्थल का फोटो अपलोड किया जा रहा है,तो फोटो में दिनांक व समय अंकित करें। बैठक में अपर आयुक्त,अपर निदेशक स्वास्थ्य, संयुक्त आयुक्त उद्योग,उप आबकारी आयुक्त आबकारी विभाग, अधिशासी अभियंता,लघु सिंचाई वह अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## खाते में दस हजार की रकम जमा न होने की डाक अधीक्षक से शिकायत

औरैया। फफूंद थाना क्षेत्र में एक युवक ने फफूंद पोस्ट ऑफिस में अपने खाते में दस हजार रुपये जमा न करने का आरोप लगाते हुए डाक अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव कोठीपुर निवासी शिवम त्रिपाठी ने पोस्ट मास्टर जनरल आगरा और सहायक डाक अधीक्षक औरैया को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि उसका फफूंद डाकघर में बचत खाता है। जिसमें उसने 19 अप्रैल 2024 को 10 हजार रुपये जमा किए थे। इसकी पास बुक में पेन से इंट्री भी कर दी गई थी, जब से अभी तक कई बार उसने खाते से लेनदेन भी किया और उसमें लिखे जा रहे बैलेंस से संतुष्ट था। 27 नवंबर को जब वह पास बुक प्रिंट कराने आया तो उसकी पासबुक प्रिंट करने में आनाकानी की गई। ज्यादा कहने के बाद पासबुक प्रिंट की गई तो उसमें 19 अप्रैल 2024 को जमा की गई 10 हजार रुपये की इंट्री नहीं थी। बताया कि जब उसने इसकी शिकायत पोस्टमास्टर से की तो उन्होंने गुस्से में कहा कि जो करना हो करो यह इंट्री मैने नहीं की न ही आपका पैसा जमा है। इस संबंध में पोस्टमास्टर प्रसून गुप्ता ने बताया कि खाता धारक उनके पास आया था।

# मोतीगंज थाना क्षेत्र में हरे पेड़ काट दिए गए, और मोतीगंज पुलिस को दिखे ही नहीं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र में पिछले एक माह से हरे-भरे फलदार प्रतिबंधित वृक्षों की कटान बिना परमिट जारी है। इस पर न तो वन विभाग अंकुश लगा पा रहा है और न पुलिस ही कार्रवाई कर रही है। यही वजह है कि जिम्मेदारों के उदासीन रवैए से वन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और वे इलाके में पेड़ों की अंधाधुंध कटान कर रहे है ताजा मामला मोतीगंज थाना क्षेत्र के राजापुर (बोहिया) गांव का है, जहां शुक्रवार को तड़के शीशम के दो पेड़ों को बिना परमिट के ही काट डाला गया। इसकी शिकायत रेंजर सुशांत शुक्ला, वन दरोगा आरसी सिंह व वन रक्षक समीर रंजन चौधरी को दी गई, लेकिन इस मामले में देर शाम तक कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।हालांकि, रेंजर ने कहा कि हर हाल में कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी तरफ, पिछले दिनों थाना क्षेत्र के दिनारा, कोल्हुआ में आम के पेड़ों को धराशाई कर दिया गया। इसी थाना क्षेत्र के भोरहा सागौन के करीब दस पेड़ों को बिना परमिट के ही काट लिया गया। इसकी शिकायत वन और



पुलिस विभाग में की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।दिनारा में महुआ के दो पेड़ों को काट लिया गया।इसकी भी शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गयी किंतु पुलिस और वन विभाग आंखें बंद किए रहा।मोतीगंज थाना क्षेत्र में इन दिनों बड़े पैमाने पर हरे-भरे फलदार वृक्षों की अंधाधुंध कटान की जा रही है लेकिन वन विभाग के साथ ही इलाकाई पुलिस भी चुप्पी साधे हुए है। ऐसे में लोगों द्वारा इनकी कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि क्षेत्र में प्रतिबंधित वृक्षों की अवैध कटान में पुलिस के साथ ही वन विभाग के क्षेत्रीय जिम्मेदारों की भी साठगांठ रहती है, जिसके चलते आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के बजाय सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। मोतीगंज थाना क्षेत्र में जिम्मेदारों द्वारा खुलेआम पर्यावरण संतुलन की अनदेखी की जा रही है। यहां धड़ल्ले से हरे पेड़ों के बाग उजाड़े जा रहे हैं।इसमें रक्षक ही भक्षक की भूमिका निभाते हैं।लकड़कट्टे चोरी-छिपे प्रतिबंधित वृक्षों को काटने से परहेज नहीं करते हैं।वहीं वन विभाग आंखें बंद करके ऐसे पेड़ों को काटने की अनुमति प्रदान कर रहा है,जो हरा होने के साथ-साथ फल देने की स्थिति में भी होते हैं।

**क्या कहते हैं रेंजर**

इस संबंध में जब वन विभाग के पंडरी कृपाल के रेंजर सुशांत शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायत मिली है।क्षेत्रीय वन रक्षक को मौके पर भेजा गया है।रेंजर सुशांत शुक्ला ने कहा कि क्षेत्र में बिना परमिट के पेड़ों की कटान नहीं होने दी जाएगी।

## शासकीय धन का फर्ज़ीवाड़ा करने पर लेखाकार व सीएलएफ अध्यक्ष के विरुद्ध दर्ज हुई एफआईआर

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खण्ड–फखरपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित प्रयास प्रेरणा महिला संकुल समिति के बचत खाते से सचिव श्रीमती रेशमी पाल के फर्जी हस्ताक्षर करके वित्तीय वर्ष 2022–23 से अब तक लेखाकार विक्रम मिश्रा द्वारा रू. 9,96,700.00 एवं सी.एल.एफ. अध्यक्ष श्रीमती अनुसूईया देवी द्वारा रू. 4,99,560.00 कुल धनराशि रू.14,96,260.00 का अन्तरण करवाये जाने का तथ्य संज्ञान में आने पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के निर्देश पर सम्बन्धित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 के अन्तर्गत धारा 319 (2), 318 (4), 340 (2), 316 थाना–फखरपुर में 13 दिसम्बर 2024 को प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है कि सम्बन्धित प्रकरण के संज्ञान में आने पर सीडीओ के निर्देश पर उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा 23 नवम्बर 2024 को जिला मिशन प्रबन्धक मानवेन्द्र यादव विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) एवं समस्त ब्लाक मिशन मैनेजर के साथ प्रकरण की जांच की गई। जिसमें शिकायत की पुष्टि एवं दोषी कर्मिको द्वारा पूर्व में लिखित रूप से उपरोक्त कृत्य स्वीकार किये जाने की आख्या उपलब्ध कराये जाने पर सीडीओ के निर्देश पर खण्ड विकास अधिकारी द्वारा थाना फखरपुर में लेखाकार विक्रम मिश्रा व सीएलएफ अध्यक्ष श्रीमती अनुसूईया देवी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गई है।

## बिजली विभाग की ओर से एक मुफ्त समाधान योजना लागू

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। नानपारा पावर कॉरपोरेशन के अवर अभियंता ओम प्रकाश ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा बिजली बकायेदारों के लिए एक मुफ्त समाधान योजना लागू कर दी गई है। यह योजना आगामी 15 दिसंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक चलेगी इस योजना में समस्त विद्युत भार जैसे घरेलू, वाणिज्यिक, निजी संस्थान एवं औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ताओं को विलंबित भुगतान के आधिभार पर छूट दी जा रही है समय रहे थे उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठाएं।

## 17 दिसम्बर को आयोजित होगा पेंशनर्स दिवस

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद स्तर पर राज्य सरकार के पेंशनरों की समस्याओं की सुनवाई एवं निराकरण के लिए गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में पेंशनर्स दिवस मनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने जनपद के कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि जनपद स्तर पर आयोजित पेंशनर्स दिवस के अवसर पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि अधिक से अधिक पेंशनर्स की समस्याओं का निराकरण कराया जा सके।

## बड़े हादसे को दावत दे रही सड़क के बीच टूटी पुलिया

औरैया कैनविज टाइम्स संवाददाता। कभी छोटी–छोटी समस्याएं भी बड़े– हादसे का कारण बन जाती हैं। यह हाल ग्राम पंचायत हरचंदपुर के पावर हाउस व प्राथमिक विद्यालय के सामने बनी नाली की पटिया का है। नाली की पटिया टूटने से कई बार छोटे बच्चे ,साइकिल सवार ,और मोटरसाइकिल सवार गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। मगर कई गांवों को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग के बीच टूटी पटिया शायद जिम्मेदारों को कई महीने से दिखाई नहीं दे रही है। ऐसा लगता है कि यह समस्या जब किसी बड़े हादसे का कारण बनेगी तो शायद जिम्मेदारों को अपनी जिम्मेदारी का एहसास होगा। बताते चलें कि कुछ ही दिनों पहले इस पटिया की मरम्मत गांव के समाज सेवक द्वारा की गई है परंतु किसी महकमा ने कोई भी सहयोग नहीं किया जिससे कि समाजसेवकों द्वारा नाराजगी जतायी गई है। जिससे समाज में आए दिन एक न एक अनहोनी होती रहती है आपको बताते चलें कि पाता रोड से जुड़े गांव जिसमें देवराव ,पुर्वा मके होते हुए अछल्दा से बिधूना जाते हैं और पाता रोड से गांव, पाता गेल से होते हुए फफूंद के रास्ते होते हुए कई शहरों के लिए निकला जाता है । मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों का आवागमन दिनभर लगा रहता है जिससे कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में गांव के लोगों को भारी नुकसान हो रहा है। आए दिन स्कूली बच्चे इसका शिकार भी बन रहे हैं पर कोई भी जिम्मेदार इसको सही नहीं करवा रहा है।

## शहर में जाम की समस्या के समाधान के लिए एक्शन प्लान, 16 दिसंबर से चलेगा अभियान : नगर मजिस्ट्रेट

जालौन। शहर में बढ़ते जाम की समस्या को देखते हुए नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा ने कोतवाली उरई में ऑटो रिक्शा और ई–रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में जाम की समस्या के समाधान पर चर्चा की गई और बिना परमिट ऑटो रिक्शा और अपंजीकृत ई–रिक्शा की संख्या को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया।

नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि शहर में बिना परमिट ऑटो रिक्शा और अपंजीकृत ई–रिक्शा की संख्या काफी बढ़ गई है, जिनके पास वैध परमिट नहीं है।

# जिले के 15 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । उ.प्र. लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा 22 दिसम्बर 2024 को (दो पालियों/सत्रों में पूर्वान्ह 09.30 बजे से 11.30 बजे तक व अपरान्ह 02.30 बजे से 04.30 बजे) तक आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा-2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा सभी 15 परीक्षा केन्द्रों हेतु केन्द्र व्यवस्थापक, सहायक केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। समस्त 15 परीक्षा केन्द्रों के प्रधानाचार्य को केन्द्र व्यवस्थापक की जिम्मेदारी सौपी गई है। परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज के लिए श्रीमती कृष्णा कुमार को सहायक केन्द्र व्यवस्थापक नायब तहसीलदार सदर सुरेन्द्र प्रसाद को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व अति.मजि.प्रथम राम दयाल को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। महाराज सिंह इण्टर कालेज के लिए प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को सहा. व्यवस्थापक, बीईओ फखरपुर राकेश कुमार को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व एसडीएम महसी अखिलेश कुमार सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। आज़ाद इण्टर कालेज के लिए परशुराम पाल को सहा. व्यवस्थापक, बीईओ डॉ. अजीत कुमार

### नियुक्त किये गये केन्द्र व्यवस्थापक स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट

सिंह को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व एसडीएम न्यायिक कैसरगंज लालधर यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज के लिए राजेश प्रताप सिंह को सहा. व्यवस्थापक, नायब तहसीलदार मिहींपुरवा हर्षित पाण्डेय को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व तहसीलदार कैसरगंज अभयराज पाण्डेय को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। चौधरी सियाराम इण्टर कालेज के लिए श्रीमती बबिता मिश्रा को सहा. व्यवस्थापक, नायब तहसीलदार कैसरगंज ब्रम्हादीन को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व एसडीएम कैसरगंज आलोक प्रसाद को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। किसान डिग्री कालेज ब्लाक-ए के लिए प्राचार्य डॉ. विनय सक्सेना को केन्द्र व्यवस्थापक, बच्छराज को सहा. व्यवस्थापक, बीईओ रिसिया रणजीत सिंह को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व बीडीओ महसी हेमन्त यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

राजकीय बालिका इण्टर कालेज के लिए श्रीमती श्वेता अग्रवाल को सहा. व्यवस्थापक, बीईओ कैसरगंज जितेन्द्र कुमार चौधरी को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व तहसीलदार पयागपुर धर्मेन्द्र कुमार को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। राजकीय पॉलीटेक्निक आसाम चौराहा के लिए डॉ. अजय कुमार वर्मा को सहा. व्यवस्थापक, नायब तहसीलदार फखरपुर बृजेश कुमार को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व तहसीलदार सदर अनिरूद्ध यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। किसान डिग्री कालेज ब्लाक-बी के लिए विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र प्रो. राजवीर सिंह को केन्द्र व्यवस्थापक, सुश्री साक्षी वर्मा को सहा. व्यवस्थापक, बीईओ नवाबगंज राधेश्याम वर्मा को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व बीडीओ मिहींपुरवा अजीत कुमार सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के लिए सुश्री सुरभि शर्मा को सहा. व्यवस्थापक, नायब तहसीलदार सम्बद्ध कलेक्ट्रेट सचिन श्रीवास्तव को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व एसडीएम न्यायिक सदर श्रीमती पूजा यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर के लिए श्रीमती प्रियंका को सहा. व्यवस्थापक, नायब तहसीलदार नवाबगंज शैलेश कुमार को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व तहसीलदार नानपारा अजय कुमार यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, रिसिया नानपारा के लिए डॉ. विजय कृष्ण यादव को सहा. व्यवस्थापक, बीईओ शिवपुर जगन्नाथ यादव को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व एसडीएम नानपारा अश्वनी कुमार पाण्डेय को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

# प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक ने एसएसबी 42वीं वाहिनी का किया दौरा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 42वीं वाहिनी, बहराइच प्रथम के कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन के निर्देशन में डॉ. भीमराव अम्बेडकर, पुलिस अकादमी मुरादाबाद उत्तर प्रदेश में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक, 34 अधिकारीयों (25 पुरुष व 09 महिला ) का परिचयात्मक भ्रमण 42 वीं वाहिनी स.सी.बल बहराइच प्रथम में किया गया। वाहिनी आगमन के उपरांत सर्वप्रथम कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से 42वीं वाहिनी के कार्यक्षेत्र एवं प्रचलनात्मक गतिविधियों के बारें में जानकारी दी इसके उपरांत 42वी वाहिनी परिसर में राहत एवं बचाव दल द्वारा डेमो प्रदर्शन दिखाया गया और इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके बाद प्रशिक्षु अधिकारी एकीकृत जाँच चौकी (आईसीपी) रुपैडिहा के लिए रवाना हुए । प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक अधिकारीयों ने एकीकृत जाँच चौकी रुपैडिहा और एकीकृत जाँच चौकी रुपैडिहा का भ्रमण किया। जहाँ पर सुरक्षा एवं जांच तथा वहाँ के ड्यूटी की कार्यप्रणाली को देखा एवं समझा। तद्पश्चात एकीकृत जाँच चौकी रुपैडिहा का भ्रमण करने के बाद डॉ. भीमराव अम्बेडकर, पुलिस अकादमी मुरादाबाद उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुए। इस कार्यक्रम के दौरान उप कमांडेंट दिलीप कुमार, उप कमांडेंट रमन लाल, उप कमांडेंट बाशुकी नंदन पाण्डेय और सहायक कमांडेंट संचार शशिकांत कुमार सिंह मौजूद रहे।

# राजस्व वृद्धि पर नहीं दे रहे अधिकारी ध्यान मानकों को ताख पर रखकर हो रहा हैं जेसीबी से अवैध खनन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**खनन माफिया लगातार शासन प्रशासन को दे रहे हैं चुनौती**

**अवैध खनन का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जमकर हो रहा है। वायरल**

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र एव कलीनगर तहसील क्षेत्र में लगातार खनन माफिया प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। लोधीपुर से आगे दिन रात मानको को ताक पर रखकर मिट्टी खनन कर रहे हैं।अवैध खनन की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन महकमे मे हड़कंप मच गया विभाग की गाड़ियां रात के अंधेरे में ऐसे दौड़ रही थी। मानो कि उन्हें इसकी कोई खबर ही नहीं है। वही सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद खनन माफिया सक्रिय हो गए। सूत्रों की माने तो इस अवैध खनन के बढ़ते मामलों में कहीं ना कहीं राजस्व प्रशासन और पुलिस प्रशासन भी जिम्मेदार है। खनन माफिया इस अवैध खनन के बदले स्थानीय अधिकारियों की मुट्ठी गर्म करने का कार्य करते हैं।इसके बाद बड़े-बड़े खनन के कार्य को अंजाम दिया जाता है। मामला तहसील पूरनपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम लोधीपुर चौराहे का है। जहां पर चौराहे से कुछ दूरी पर खनन माफियाओं द्वारा रातों-रात जेसीबी और दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ एक गैंग बनाकर बड़े प्लांट को पाटने काम किया जा रहा हैं। जिसकी सूचना सोशल मीडिया पर अचानक वायरल होना शुरू हो गई उसके बाद पुलिस और राजस्व विभाग ऐसी हरकत में आया मानो कि उसे इस बारे में कोई भनक नहीं है वहीं दूसरी ओर लोदीपुर चौराहे पर किया जा रहा जेसीबी से खनन यह दर्शाता है। कि यह खनन विभागीय अधिकारियों की कर परस्ती में प्री प्लान के तहत किया जा रहा है। क्योंकि वहां पर दर्जनों की संख्या में खनन के दौरान जासूस खड़े रहते हैं। जो सिर्फ यह देखते हैं। कि कौन कहां से आ रहा है।इतना ही नहीं इससे पूर्व में भी पूरनपुर और कलीनगर राजस्व विभाग और पुलिस विभाग दोनों ही अपने-अपने को बचाने का प्रयास लगातार कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार अवैध खनन को रोकने का प्रयास कर रही है।लेकिन उनके ही सरकार में बैठे कर्मचारी और अधिकारी इसको बढ़ावा देने से बाज नहीं आ रहे हैं।लगातार कलीनगर तहसील क्षेत्र में अवैध खनन का जारी है।रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए खनन से भरी ट्रालियां महंगे दामों में बेचकर अपनी आमदनी कर जेब में भर रहे हैं। लेकिन राजस्व प्रशासन का नुकसान कर रहे हैं। संबंधित विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे खनन माफियाओ के हौसले लगातार बुलंद हैं।

# सिंहपुर के बीईओ को बेसिक शिक्षा मंत्री आज करेंगे सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप कुमार सिंह द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट योगदान देने पर सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी को आगामी चौदह दिसम्बर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में सम्मानित किया जायेगा। इसकी जानकारी मिलते ही क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष समेत अन्य कई शिक्षक नेताओं ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को अंगवस्त्र भेंटकर का फूल मालाओं से स्वागत किया है। बेसिक शिक्षा विभाग की अपर राज्य परियोजना निदेशक एकता सिंह ने एक पत्र जारी कर लिखा है कि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण शिलान्यास शुभारम्भ किये जाने हेतु एक समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप कुमार सिंह के कर कमलों द्वारा आगामी चौदह दिसम्बर को किया जायेगा। इस कार्यक्रम में निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत उत्कृष्ट योगदान देने पर सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी को सम्मानित किया जायेगा। इसकी जानकारी मिलते ही विकास खण्ड सिंहपुर के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार तिवारी, एआरपी ओंकार पाण्डेय, अनुज शुक्ला, सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय, उबैद अहमद सहित अन्य तमाम शिक्षकों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी को अंगवस्त भेंट कर फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी है। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने इसका श्रेय परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को देते हुये कहा कि इनके परिश्रम का यह नतीजा है।

# अपर जिलाधिकारी ने ठंड के दृष्टिगत अलाव व्यवस्था एवं रैन बसेरा का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शहर के चिन्हित स्थानों पर अलाव समय से न जलते पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई निरीक्षक का वेतन रोकने एवं प्रतिकूल प्रविष्टि देने के दिए निर्देश**

**अधिशासी अधिकारी बिना सूचना के मुख्यालय छोड़ने पर एक दिन का वेतन काटने एवं स्पष्टीकरण जारी करने के दिए निर्देश**

पीलीभीत। राहत आयुक्त के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी ऋतु पुनिया ने आज ठंड के दृष्टिगत केजीएन कालोनी में नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे की व्यवस्था को देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाहर लाईट लगवाने व समुचित प्रकाश व्यवस्था कराने, बाथरूम को ठीक करने एवं साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही साथ उन्होंने शहर के 31 स्थान अलाव हेतु चिन्हित किए गए हैं समस्त स्थान पर अलाव जलवाना सुनिश्चित किया जाए,इसके साथ ही अलाव का निरीक्षण मजिस्ट्रेट द्वारा कराया जाएगा,आलव जलते ना पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। शहर में अलाव व्यवस्था को देखा, अलाव समय से न जलते पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई निरक्षक का वेतन रोकने एवं स्पष्टीकरण व प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी बिना सूचना के छुट्टी पर जाने पर उनका स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति बाहर खुले में पाए जाये तो उसे तत्काल रैन बसेरे में पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

## बहन बेटियों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को लेकर ब्राह्मण समाज मे आक्रोश

सुल्तानपुर। जिले मे सोशल मिडिया के माध्यम से एक बार पुनः माहौल गर्म हो गया है, फ़ेसबुक पर द्वारिका अम्बेडकर के नाम से चल रही एक आईडी पर एक आपत्तिजानक पोस्ट को लेकर माहौल गरम हो गया जिसको लेकर परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक रजि. संगठन ने मामले को तत्काल प्रभाव से संज्ञान मे लेते राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट पं नीरज दुबे ने पुलिस अधीक्षक से मिल कर मामले की जानकारी दी और थाने पर जाकर मुकदमा भी दर्ज करवाया। श्री दुबे ने बताया कि अगर दोषी पर कठोर कार्यवाही नहीं हुयी तों हम शांत नहीं बैठेंगे। फिर आगे धरना प्रदर्शन और कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे इस अवसर पर एडवोकेट हैपी दुबे मुख्य सहयोगी, एडवोकेट संदीप मिश्रा जिला संगठन मन्त्री, एडवोकेट शिवा पाण्डेय नगर अध्यक्ष, एडवोकेट अनुप मिश्रा, एडवोकेट विवेक दुबे, एडवोकेट आत्ममानी मिश्रा वा अन्य दर्जन भर अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जहां नारियों का सम्मान होता है वहां करते हैं देवता वास : न्यायाधीश विजय कुमार गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन विषय पर रामकली बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि जहां नारियों का सम्मान होता है वहां देवता वास करते हैं। इसलिए हम सभी को चाहिए कि नारियों व बेटियों का सम्मान करें। उन्होंने महिलाओं व बेटियों के लिए संविधान में दी गई कानूनी जानकारी के बारे में बताया और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना व सुरक्षा के लिए उठाए गए उपाय के बारे में बताया। असिस्टेंट लीगल डिफेंस काउंसिल अंजली कुमारी ने अपने संबोधन में बालिकाओं को बताया कि वह सदैव अपने अधिकार के प्रति सजग रहे। यदि उन्हें स्कूल से आते-जाते या परिवार में कोई समस्या आती है तो उसका मुकाबला करें न्याय अवश्य मिलेगा। मध्यस्थ हरीराम सरोज ने अपने संबोधन में बताया कि मिशन शक्ति की जरूरत आज समाज में सभी को दिखाई दे रही है हम सभी को चाहिए कि समाज में बढ़ रहे बेटियों के प्रति अत्याचार व अपराध को रोकने में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं व उनकी सुरक्षा के लिए किए गए उपाय का सहयोग कर ले। पैनल लायर अमित पांडेय ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं से संबंधित होने वाले अपराध के बारे में उनकी सुरक्षा कैसे हो सकती है और दोषियों को कैसे दंड दिलाया जा सकता है विस्तार से बताया। उप जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में कहा गया कि यदि उन्हें कहीं कोई दिक्कत आती है तो वह प्राधिकरण का सहयोग ले और शिक्षा में कोई दिक्कत आए तो जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से संपर्क करें। कार्यक्रम को विद्यालय की प्रधानाचार्य रीना सिंह ने भी संबोधित किया अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वह सृष्टि को संचालित करने वाली महिला व बेटियां हैं उनके बगैर सृष्टि की संरचना संभव ही नहीं है । हमको डरने की जरूरत नहीं है न्यायपालिका व सरकार हमारे साथ है हम इसका भरपूर लाभ लें। इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं ने कई नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया और समाज में बेटियों के प्रति हो रहे अत्याचार के बारे में आईना दिखाया। कार्यक्रम को विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती नीलम, दीपिका शुक्ला व डॉक्टर अंजली सिंह ने संबोधित कर अपने-अपने तरीके से जानकारी दी। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के मध्य सतीश पांडेय, पैनल लायर वरुण रतन, पीएलवी सर्वेश सिंह सुनील राठौर पूनम गौतम कृष्ण कुमार उपाध्याय मौजूद रहे।

# अमेठी में प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष हैण्डबाल प्रतियोगिता होगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। उपक्रीड़ाधिकारी मोहम्मद मुशर्रफ़ खां ने बताया कि प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में दिनांक सत्रह से बीस दिसम्बर तक किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता का उदघाटन सत्रह दिसम्बर को तीन बजे जिलाधिकारी निशा अनंत,पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा के द्वारा किया जायेगा।उक्त प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के अठारह मण्डलों की टीम प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता में लगभग दो सौ पचास खिलाड़ी,टीम मैनेजर उपस्थित रहेंगे साथ ही प्रतियोगिता को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ से नामित बारह निर्णायक तथा लगभग पचास वालिंटियर्स एवं क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अयोध्या तथा जिला खेल कार्यालय अमेठी के अधिकारी/कर्मचारियों के निर्देशन में सफल आयोजन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर उक्त प्रतियोगिता के दर्शनदीर्घा में आने हेतु जनपद अमेठी के समस्त अतिथियों, खेल प्रेमियों, गणमान्य नागरिकों एवं खिलाड़ियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

# पुरैना में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन समस्याओं का किया गया समाधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।विकासखंड की ग्राम पंचायत पुरैना तालुका महाराजपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया है। ग्राम चौपाल की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी ने की है। ग्राम वासियों की जन समस्याएं सुनी इसके अलावा ग्राम पंचायत में खंड विकास अधिकारी द्वारा निर्माणाधीन अन्नपूर्णा भवन और पंचायत भवन व नाला निर्माण

का निरीक्षण किया गया है। ग्राम चौपाल में मुख्य रूप से ग्राम विकास अधिकारी सचिव राजेश कुमार गौतम,नरेंद्र कुमार एडीओ समाज कल्याण,ग्राम प्रधान राम प्रसाद राय,राजेश कुमार कृषि विभाग,प्रदुल सिंह,मनोज कुमार सामाजिक कार्यकर्ता महिला कल्याण विभाग सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नगर में लगे अलाव का एसडीएम ने नायब तहसीलदार के साथ किया निरीक्षण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद द्वारा ठंड के प्रकोप को देखते हुए नगर के नगर पालिका कार्यालय के पास कस्बा चौक की पूरनपुर सहित विभिन्न चौराहो पर अलाव की व्यवस्था कराई है। अलाव की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने नगर पालिका परिषद कार्यालय पर लगे अलाव का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान नगर वासियों से वार्तालाप भी की और उनकी समस्याओं को सुना और जाना निरीक्षण में नायब तहसीलदार ऋषि कुमार दीक्षित सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे हैं।

## मोहनगंज पुलिस ने गैरजनपद के युवक को स्मैक के साथ भेजा जेल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत अठारह ग्राम स्मैक के साथ एक बाइक सवार युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शुक्रवार को उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल संख्या यूपी 33 बीपी 0634 सवार ओम प्रकाश पुत्र हौसला प्रसाद निवासी ग्राम बाकी मजरे डोमापुर थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली उम्र करीब पच्चीस वर्ष को देवकली माइनर के पास से दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से कुल अठारह ग्राम स्मैक बरामद हुई और मोटरसाइकिल उपरोक्त के कागज मांगने पर दिखा नही सका जिसे सीजकर दिया गया है। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## जामो पुलिस ने दस हजार के इनामी को धरदबोचा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जामो पुलिस ने गोवध के अभियोग में वांछित दस हजार रुपये के इनामिया कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को उप निरीक्षक हरदेव बहादुर सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर गोवध निवारण अधिनियम के मामले में वांछित नसीम पुत्र रहीसुल जमा निवासी हेरूआ थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब चालीस वर्ष को ग्राम दुरामऊ माइनर पुलिया के पास से समय करीब छह बजे गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार नसीम थाना जामो पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में वांछित व दस हजार रुपये का इनामिया अपराधी है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

## सेण्ट्रल बार के नामांकन दाखिले के साथ निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेण्ट्रल बार एशोसिएशन जिला मुख्यालय की वर्ष 2025 की कार्यकारिणी के लिए शुक्रवार को शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के बाद निर्विरोध निर्वाचन के साथ सम्पन्न हो गई।एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष जगनारायण तिवारी ने बताया कि किसी भी पद के लिये एक से अधिक नामांकन दाखिल न होने के कारण सभी पदों के लिये निर्विरोध निर्वाचन हुआ है।उन्होंने बताया कि सेंट्रल बार एशोसिएशन के अध्यक्ष पद पर गिरीश यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्त व अवनीन्द्र पाण्डेय,मध्यम उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह व राम चन्द्र चौहान, महासचिव अभिनेष शुक्ला, कोषाध्यक्ष संजय सिंह, जूनियर उपाध्यक्ष श्यामजी पाण्डेय, ऑडिटर रमेश दुबे, सचिव प्रशासन अरविन्द सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष दिलीप जायसवाल, सचिव प्रकाशन स्वामीनाथ प्रजापति, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य दुलीचन्द अग्रवाल व राकेश चन्द्र द्विवेदी, जूनियर कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण यादव, नंदलाल, प्रणव प्रकाश मिश्र, अभिषेक यादव, आशीष शुक्ल व विनोद यादव का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। इसके अलावा सर्वसम्मति से राकेश शुक्ल, प्रवीण कुमार मिश्र, सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव व अमित मिश्र को उपाध्यक्ष, शीतला प्रसाद मिश्र को प्रवक्ता तथा ज्योति सिंह व पूजा सिंह को सदस्य मनोनीत किया गया। नव निर्वाचित कार्यकारिणी का कार्यकाल एक जनवरी से इकतीस दिसम्बर तक होगा।

# विद्युत विभाग का आवास जर्जर अधिकारी कहां करे रात्रि निवास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय सुलतानपुर। तहसील मुख्यालय बल्दीराय स्थित विद्युत उपकेन्द्र पर कर्मचारियों/अधिकारियो के रहने के लिए बने आवास जर्जर अवस्था में है। कर्मचारी जान जोखिम में डालकर रहने को मजबूर है, किन्तु जिले के विभागीय शीर्ष अधिकारी जर्जर आवास के निर्माण करवाने में कोई रुचि नही ले रहे है।

बता दे कि विद्युत उपकेन्द्र का बल्दीराय का निर्माण लगभग छः दशक पूर्व करवाया गया था। केन्द्र पर विद्युत विभाग के कर्मचारियो व अधिकारियो के रहने के लिए आवास का भी निर्माण करवाया गया था, जिसमे केन्द्र पर तैनात एसडीओं जेई सहित अन्य कर्मचारी रात्रि निवास करके विभागीय कार्य करते थे किन्तु यह आवास अब छः दशक पुराना होने के कारण अत्यंत जर्जर अवस्था में हो गया है फिर भी विभाग के कुछेक कर्मचारी विभाग की लापरवाही का शिकार होते हुए इसी जर्जर आवास में रात्रि कर अपने अधिकारियो को कोस रहे है। विभाग के शीर्ष अधिकारी जहां जिले भर में नए नए पावर हाऊस का प्रस्ताव कर उसका निर्माण करवा रहे है वही बल्दीराय विद्युत उपकेन्द्र पर जर्जर आवास के निर्माण करवाने में कोई दिलचस्पी नही दिखा रहे है। केन्द्र पर वर्तमान में एस डी ओ जेई लिपिक तथा दो विभागीय कर्मचारी तैनात है इनमें एक कर्मचारी तो मजबूरन इसी जर्जर आवास में रहकर विभाग के दुर्दशा को कोस रहा है। शेष संविदाकर्मी भी विभाग में चौबीस घन्टे कार्य करते हुए प्राईवेट आवासो का सहारा ले रहे है। एसडीओ तथा जेई इस जर्जर आवास में रहना नही चाह रहे है क्योंकि यह जर्जर आवास कब धराशाही हो जाय किसी को नही पता। क्षेत्रवासियो ने जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए तत्काल विद्युत विभाग के जर्जर आवास का निर्माण करवाने की मांग की है।

## किसान के बेटे महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को कांग्रेस अनावश्यक रूप से टारगेट ना करे : मंजीत सिंह जिलाध्यक्ष

पीलीभीत।भारत में किसान का बेटा देश में आजादी के 70 साल बाद उपराष्ट्रपति बना है। पूरे देश ने देखा है कि उसने सदन की गरिमा बनाए रखी है।लेकिन कंग्रेस उनको अनावश्यक रूप से टारगेट करने का कार्य कर रही है। महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हमेशा गरीबों के कल्याण और संविधान की रक्षा की बात की है।हाल में ही उपराष्ट्रपति द्वारा किसानो के न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानून बनाने के सम्बन्ध में सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कृषि मंत्री से सवाल किया था।सभी राजनीतिक दलों एवं किसानो ने उनकी प्रशंसा की थी। कि किसान के पक्ष को बखूबी उठाया है।कांग्रेस ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ उच्च सदन के महासचिव को अविश्वास प्रस्ताव सौंपा है।उसको भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक उसे बर्दास्त नहीं करेगी और यदि कांग्रेस ने अपना प्रयास जारी रखा तो इसके लिए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक नई दिल्ली जन्तर-मन्तर पर प्रदर्शन पर विचार करेगी। हमें किसान पुत्र उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर गर्व है।

# नशे के खिलाफ कदम

देश में नासूर बनते नशे के खिलाफ अभियान में यदि 114 वर्षीय धावक फौजा सिंह प्रेरक पदयात्रा कर सकते हैं तो ऊर्जावान युवा-बुजुर्ग क्यों नहीं। 'नशा मुक्त-रंगला पंजाब' अभियान के अंतर्गत निकाले गए नशा विरोधी मार्च में मंगलवार को मैराथन धावक फौजा सिंह के साथ ही पंजाब के राज्यपाल अस्सी वर्षीय गुलाब चंद कटारिया की आठ किलोमीटर की पैदल यात्रा सुर्खियों में रही। निश्चित रूप से पंजाब सरकार की पहल अनुकरणीय है। इसमें दो राय नहीं कि कोई भी बड़ा सामाजिक बदलाव का आंदोलन व्यापक जन भागीदारी से ही सिरे चढ़ सकता है। आज पंजाब समेत देश के अन्य राज्यों में युवा पीढ़ी जिस भयावह तरीके से नशे के दलदल में धंसती जा रही है, वह राष्ट्र के लिये एक गंभीर चुनौती है। जिसका मुकाबला सरकारों के साथ आम आदमी के जुड़ाव से ही संभव है। निश्चित रूप से ऐसी पदयात्रा सिर्फ राजनीतिक निहितार्थों और प्रतीकात्मक रूप से आयोजित नहीं होनी चाहिए। ऐसे अभियान को आंदोलन का रूप देकर इस तार्किक परिणति तक पहुंचाया जाना चाहिए। साथ ही इस तरह के अभियानों से हासिल उपलब्धियों का मूल्यांकन भी जरूरी है। निस्संदेह, औपचारिकताओं के निर्वहन और मीडिया में सुर्खियां बटोरना ऐसे आंदोलन का लक्ष्य तो कदापि नहीं हो सकता। राज्यपाल महोदय का यह कथन सोलह आने सच है कि इस मुद्दे पर बच्चों को शिक्षित करने के साथ ही महिलाओं की इस आंदोलन में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। निस्संदेह, नशे के नश्तर से महिलाओं को मर्मांतक पीड़ा सहन करनी पड़ती है। अब चाहे पति हो या बेटा, नशे की लत लगने से पूरा परिवार ही संकट में आ जाता है। इसमें दो राय नहीं कि जब पंजाब की नारी शक्ति एकजुट होकर इस मुहिम का नेतृत्व करेगी तो पंजाब अपने स्वर्णिम दिनों की ओर लौट सकता है। निश्चित रूप से किसी राज्य या देश की जवानी का नशे के सैलाब में डूबना राष्ट्रीय क्षति ही है। इसके लिये नशे की आपूर्ति रोकने से लेकर प्रयोग तक पर नियंत्रण की राष्ट्रव्यापी मुहिम की जरूरत है। निस्संदेह, नशे के तेजी से बढ़ते शिकंजे से न केवल असामयिक मौतों, लाइलाज बीमारियों का खतरा बढ़ता है, बल्कि समाज में अपराधों का सिलसिला भी तेज हो जाता है। देखने में आया है कि बड़े अपराधों से लेकर चोरी छीनाझपटी की घटनाओं के मूल में नशाखोरी की भूमिका होती है। कई आपराधिक घटनाओं के मूल में उन कालेज जाने वाले छात्रों की भूमिका पायी गई है, जो नशे के लिये पैसा जुटाने के लिये अपराध की अंधी गलियों में उतर जाते हैं। यह जानते हुए भी यह रास्ता उनके जीवन को बर्बादी की राह पर ले जाता है। निश्चित रूप से समाज विज्ञानियों को भी व्यापक अध्ययन करना चाहिए कि क्यों नई पीढ़ी नशे की ओर तेजी से उन्मुख हो रही है। एक समय था कि पंजाब में आतंक फैलाने के खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिये सीमा पार से नशे की बड़ी खेप पंजाब भेजी जाती रही है। चरमपंथियों को आर्थिक मदद पहुंचाने के लिये भी इस षड्यंत्र को सुनियोजित तरीके पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठानों ने अंजाम दिया। हाल के दिनों में बीएसएफ ने पाकिस्तान की सीमा से लगते भारतीय इलाकों में ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थों को गिराने की साजिशों पर लगाम लगायी है। निश्चित रूप से पहले कदम के रूप में सीमाओं को नशे की तस्करी से निरापद बनाने की जरूरत है। वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था में शामिल उन काली भेड़ों को भी बेनकाब करने की जरूरत है जो नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रही हैं। साथ ही नशे से पीड़ितों को इस दलदल से बाहर निकालने के लिये नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना और पीड़ितों को मनोवैज्ञानिक उपचार देने की भी जरूरत है। निश्चित रूप से नशा पंजाब के लिये बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। जिसके खिलाफ साझा लड़ाई से ही हम कामयाब हो सकते हैं। सही मायनों में यह स्थिति इस संवेदनशील सीमांत राज्य के लिये ही चुनौती नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय संकट की भी आहट है। केंद्रीय एजेंसियों व पंजाब के शासन-प्रशासन को मिलकर नशे के समूल नाश के लिये व्यापक अभियान चलाने की जरूरत है।

# विपक्षी दल मतदाताओं से हार जाते हैं, दोष ईवीएम को

**महाराष्ट्र के मारकड़वाड़ी गाँव में मतपत्र से मतदान को लेकर जो नाटक हुआ, वह डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान का अपमान है। किसी भी राजनीतिक दल या व्यक्ति को स्वार्थी कारणों से संविधान का अनादर करने का अधिकार नहीं है। अगर ईवीएम हैकिंग संभव है, तो क्या सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली शक्तिशाली कांग्रेस ने पीएम उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी को 2014 के लोकसभा चुनाव में बहुमत से जीतने दिया होता? अगर ईवीएम हैकिंग संभव है तो भाजपा, जो 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 या उससे अधिक सीटों का लक्ष्य लेकर चल रही थी, उसे केवल 240 सीटें ही क्यों मिलीं, जो 272 सीटों के साधारण बहुमत से भी कम है? अगर ईवीएम हैकिंग संभव है, तो भाजपा केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब और जम्मू कश्मीर में इतने बड़े अंतर से क्यों हारी। ये भाजपा के जीतने के लिए महत्वपूर्ण राज्य हैं। तार्किक रूप से, अगर हम इन सभी तर्कों पर विचार करते हैं, तो इंडी गठबंधन की झूठी कहानी विफलता को स्वीकार करने में असमर्थ प्रतीत होती है। 1990 के दशक के दौरान चुनाव आयुक्त टीएन शेषन ने मतपत्र धोखाधड़ी से निपटने के महत्व को पहचाना। उन्होंने संभावित उत्तर के रूप में ईवीएम के विकास पर जोर दिया। जबकि राजनीतिक दलों ने चिंता व्यक्त की थी, लेकिन ईवीएम से छेड़छाड़ का समर्थन करने के लिए कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया है। हालाँकि, समस्या बनी हुई है। ईवीएम की शुरुआत से पहले, भारतीय चुनावों में वोट डालने के लिए मतपत्रों का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता था। मतपत्रों का उपयोग समय लेने वाला था, बूथ कैप्चरिंग और मतपेटी में बदलावं जैसी गड़बड़ियों का खतरा था, गलत मार्किंग के कारण बड़ी संख्या में अवैध वोट होते थे, लंबी गिनती की कवायद, अधिक विवाद और देरी से परिणाम की घोषणा होती थी।**

पहले, गांधी परिवार की कांग्रेस के लिए हर चुनाव में भारी बहुमत पाना सहज प्रक्रिया थी, लेकिन अब राहुल गांधी और अन्य वंशवादी दलों के लिए चुनाव जीतना एक दुःस्वप्न बन गया है। बढ़ती साक्षरता दर, राष्ट्रीय चिंताओं की बढ़ती समझ और कांग्रेस का असली चेहरा हमारे अद्‌भुत देश के लोगों को दिखाई दे रहा है। हालाँकि, गांधी परिवार और वंशवादी राजनीतिक दल वास्तविकता को स्वीकार करने में हिचकिचाते हैं। वे मानते हैं कि राज्यों और राष्ट्र पर शासन करना उनका जन्मजात अधिकार है और जब 2014 के बाद से ऐसा नहीं हुआ है, तो वे तथ्यों पर विचार किए बिना तकनीकी रूप से बेहतर चुनावी प्रक्रियाओं और सरकारी संस्थानों को दोष देते हैं। महाराष्ट्र के मारकड़वाड़ी गाँव में मतपत्र से मतदान को लेकर जो नाटक हुआ, वह डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान का अपमान है। किसी भी राजनीतिक दल या व्यक्ति को स्वार्थी कारणों से संविधान का अनादर करने का अधिकार नहीं है। अगर ईवीएम हैकिंग संभव है, तो क्या सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली शक्तिशाली कांग्रेस ने पीएम उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी को 2014 के लोकसभा चुनाव में बहुमत से जीतने दिया होता? अगर ईवीएम हैकिंग संभव है तो भाजपा, जो 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 या उससे अधिक सीटों का लक्ष्य लेकर चल रही थी, उसे केवल 240 सीटें ही क्यों मिलीं, जो 272 सीटों के साधारण बहुमत से भी कम है? अगर ईवीएम हैकिंग संभव है, तो भाजपा केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब और जम्मू कश्मीर में इतने बड़े अंतर से क्यों हारी। ये भाजपा के जीतने के लिए महत्वपूर्ण राज्य हैं। तार्किक रूप से, अगर हम इन सभी तर्कों पर विचार करते हैं, तो इंडी गठबंधन की झूठी कहानी विफलता को स्वीकार करने में असमर्थ प्रतीत होती है। 1990 के दशक के दौरान चुनाव आयुक्त टीएन शेषन ने मतपत्र धोखाधड़ी से निपटने के महत्व को पहचाना। उन्होंने संभावित उत्तर के रूप में ईवीएम के विकास पर जोर दिया। जबकि राजनीतिक दलों ने चिंता व्यक्त की थी, लेकिन ईवीएम से छेड़छाड़ का समर्थन करने के लिए कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया है। हालाँकि, समस्या बनी हुई है। ईवीएम की शुरुआत से पहले, भारतीय चुनावों में वोट डालने के लिए मतपत्रों का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता था। मतपत्रों का उपयोग समय लेने वाला था, बूथ कैप्चरिंग और मतपेटी में बदलावं जैसी गड़बड़ियों का खतरा था, गलत मार्किंग के कारण बड़ी संख्या में अवैध वोट होते थे, लंबी गिनती की कवायद, अधिक विवाद और देरी से परिणाम की घोषणा होती थी और यह एक पर्यावरण को हानि करने वाला और गैर-पर्यावरणीय तरीका था। 2017 में जब भारत के चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से ईवीएम मशीनों की हैकिंग या छेड़छाड़ साबित करने को कहा तो कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं कर पाया, जिससे यह साबित हो गया कि चुनाव हारने के बाद इंडी गठबंधन द्वारा लगाए गए आरोप महज मतदाताओं को धोखा देने और डॉ बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में विश्वास की कमी पैदा करने का नाटक है। पहले, कागज मोड़ने और मतदाताओं द्वारा अपने स्टांप की जगह को थोड़ा बदलने के कारण कई वोट रद्द हो जाते थे। कई अनपढ़ व्यक्ति या कांपते हाथों ने अपने स्टांप को बॉक्स की सीमा पर या बाहर थोड़ा धकेल दिया, जिससे वोट अवैध हो जाते थे। विभिन्न स्थानों पर राजनीतिक गुंडों और असामाजिक तत्वों ने बॉक्सों की अदला-बदली की। गिनती एक मैनुअल प्रक्रिया का उपयोग करके हुई, जिससे गलत गिनती की संभावना बढ़ जाती थी। ईवीएम के महत्वपूर्ण और ध्यान देने योग्य लाभ - ईवीएम के साथ मतदान करना काफी सरल और मतदाता-अनुकूल है क्योंकि मतदाता को अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देने के लिए केवल बीयू पर बटन दबाने की आवश्यकता होती है। ईवीएम प्रणाली में कोई भी अवैध वोट नहीं होता है, हालांकि बैलेट पेपर प्रणाली के साथ, काफी संख्या में बैलेट पेपर अवैध हो जाते थे, और कुछ परिस्थितियों में, अवैध बैलेट पेपर की संख्या निर्वाचित उम्मीदवार के जीत के अंतर से अधिक हो जाती थी। यह ऑडिट करने योग्य, पारदर्शी, सटीक, सुरक्षित है, और मानवीय त्रुटि को कम करता है। यह कुछ घंटों में तेज़ परिणाम प्रदान करता है, जो कि भारत जैसे विशाल देशों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहाँ कई सौ हज़ार मतदाता हैं, जहाँ गिनती में कई दिन या हफ़्ते लगते थे। ईवीएम मतदान से समय, ऊर्जा और धन की भी बचत होती है, लाखों पेड़ों की तो बात ही छोड़िए। पहले, करोड़ों बैलेट पेपर छापे जाते थे, जिसके लिए सैकड़ों टन कागज़ की ज़रूरत होती थी, और बैलेट पेपर का उत्पादन बहुत लंबे समय तक बड़ी संख्या में सरकारी प्रेस में किया जाता था, जिसके लिए प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में सैकड़ों चुनाव अधिकारी नियुक्त किए जाते थे। इसके अलावा, देश में मतदान के लिए आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रगति का अभिनव उपयोग भारतीय समाज की रचनात्मकता, आविष्कारशीलता और अग्रणी कौशल का पूर्ण समर्थन करता है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि और प्रतिष्ठा को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। जैसा कि स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, मतपत्रों और ईवीएम दोनों के साथ 7 दशकों से अधिक समय तक चुनाव कराने में संचित तुलनात्मक अनुभव का भार, साथ ही ईवीएम का उपयोग करने के कई स्पष्ट लाभ, ईवीएम को वोट डालने का पसंदीदा तरीका बनाते हैं। मतपत्रों का उपयोग स्पष्ट रूप से एक पारंपरिक, पुरातन मतदान प्रक्रिया थी। मतपत्रों का उपयोग करने की पिछली प्रथा के साथ उपरोक्त मुद्दों को संबोधित करने के साथ-साथ तकनीकी सुधारों को बनाए रखने के लिए, ईसीआई ने 1977 में ईवीएम का विचार प्रस्तावित किया। कर्नाटक उच्च न्यायालय और मद्रास उच्च न्यायालय दोनों ने कहा कि चुनावों में ईवीएम का उपयोग करने से पारंपरिक बैलट पेपर/बैलेट बॉक्स चुनाव प्रणाली की तुलना में महत्वपूर्ण लाभ हैं। मद्रास उच्च न्यायालय ने ईवीएम से छेड़छाड़ के किसी भी आरोप को स्पष्ट रूप से नकार दिया। मद्रास उच्च न्यायालय ने निम्नलिखित टिप्पणियाँ कीं: ''वायरस अंदर जाने का कोई जोखिम भी नहीं है क्योंकि ईवीएम की तुलना व्यक्तिगत कंप्यूटर से नहीं की जा सकती है। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, कंप्यूटर प्रोग्रामिंग का ईवीएम से कोई लेना-देना नहीं है। कंप्यूटर में अपने इंटरनेट कनेक्शन के कारण अंतर्निहित सीमाएँ होंगी और डिज़ाइन के अनुसार, यह प्रोग्राम संशोधन की अनुमति दे सकता है, लेकिन ईवीएम स्वायत्त इकाइयाँ हैं और ईवीएम में प्रोग्राम मौलिक रूप से अलग है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बारे में हाल ही में इंडी गठबंधन द्वारा लगाए गए आरोपों की कई स्थानों पर जांच की गई है, जैसा कि हारे हुए उम्मीदवार ने मांग की थी, और वीवीपीएटी पर्चियों और डाले गए वोटों का मिलान बिल्कुल सही पाया गया है। हालांकि, राहुल गांधी, शरद पवार और अन्य इंडी गठबंधन के नेता अभी भी हार को पूरी तरह से स्वीकार किए बिना इसे मुद्दा बना रहे हैं। हमारे देश के लोग ऐसे किसी भी प्रयास को स्वीकार नहीं करेंगे जो पूरी तरह से फर्जी हो और संविधान का उल्लंघन करता हो। यह समय है कि गांधी परिवार और अन्य राजवंशों को केवल वोट बैंक के बजाय लोगों के कल्याण के लिए वास्तव में चिंतन और प्रयास करना चाहिए। झूठे आख्यानों का उपयोग करने के बजाय ऊर्जा को निर्देशित करने का यह सबसे प्रभावी तरीका है। आइए हम मतदाताओं की बुद्धिमत्ता पर विश्वास करें और लालची जरूरतों के लिए काम करना बंद करें। **-पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

# ऊर्ज़ा का अपव्यय धरती और हम सबके लिए हानिकारक

14 दिसंबर ऊर्ज़ा संरक्षण दिवस पर विशेष

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

हर कोई जानता है कि पृथ्वी पर ग्लोबल वार्मिंग दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है और वातावरण में अपने विभिन्न प्रकार के हानिकारक परिणाम छोड़ रही है। ग्लोबल वार्मिंग के पर्यावरण पर बहुत बुरे घातक प्रभाव हैं जैसे अत्यधिक वर्षा, अत्यधिक गर्मी के दिन (शुष्क मौसम), बाढ़ ,भूस्खलन कैंसर पैदा करने वाली पराबैंगनी किरणें, आदि। यह समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। लोगों को ऊर्ज़ा के संरक्षण के बारे में जागरूक होना चाहिए और यह भी तय करने का समय आ गया है कि कि भविष्य की पीढ़ियाँ आराम से कैसे रह सकेंगी। ऊर्ज़ा एक ऐसा शब्द है जो अपने आप में किसी भी पहलू में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता को परिभाषित करता है, यह कई रूपों में हो सकता है जैसे विद्युत ऊर्ज़ा, ऊष्मा ऊर्ज़ा, हाइड्रोलिक ऊर्ज़ा, प्रकाश ऊर्ज़ा और कई अन्य। इन सभी ऊर्ज़ाओं का उपयोग किया जाता है और उन्हें अन्य विभिन्न रूपों में परिवर्तित किया जाता है ताकि वे बिजली पैदा कर सकें और काम करने में मदद कर सकें। हमारे जीवन में कई जगहें हैं जहाँ हम ऊर्ज़ा का उपयोग करते हैं, उदाहरण के लिए खाना बनाते समय, टीवी देखते समय या कुछ संगीत बजाते समय स्ट्रीट लाइट। ऊर्ज़ा की खपत हर जगह होती है। इसलिए यह साबित होता है कि हम इसके बिना जीवित नहीं रह सकते। लेकिन कोई भी इसबात पर ध्यान नहीं देता कि इतनी ऊर्ज़ा का उपयोग करने के बाद हमें क्या परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। इससे निश्चित रूप से पर्यावरण की स्थिति, वित्तीय स्थिति को नुकसान पहुँचता है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जीवित प्राणियों का आराम सुगम्य जीवन प्राकृतिक जीवन छिन जाता है।हर व्यक्ति के जीवन में कई बदलाव किए जा सकते हैं ताकि ऊर्ज़ा को संरक्षित किया जा सके। क्योंकि यह हर किसी के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऊर्ज़ा संरक्षण के लिए तो वैसे कई छोटे-छोटे उपाय किए जा सकते हैं, लोगों को अपने कपड़ों को वॉशिंग मशीन में और ज़्यादातर ठंडे पानी में धोना चाहिए। और ऊर्ज़ा बचाने के लिए अन्य अलग-अलग सेटिंग्स का इस्तेमाल करना चाहिए। यह घर में मौजूद दूसरी इलेक्ट्रॉनिक मशीनों के साथ भी किया जा सकता है। लोगों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे कम एयर कंडीशनर का उपयोग करें और अपने इलाके के आसपास अधिक से अधिक पेड़ लगाएं ताकि उन्हें प्राकृतिक और ताजा हवा मिल सके। लोगों को अपने घरों में रिसाइकिल होने वाली वस्तुओं का इस्तेमाल करना चाहिए, उदाहरण के लिए डिब्बे, प्लास्टिक की बोतलें और अख़बार। इनसे बहुत ज़्यादा ऊर्ज़ा बचती है और ये नए उत्पाद बनाने में भी मदद करते हैं। ऊर्ज़ा की बचत कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद कर सकती है, जिससे एक पृथ्वी एक स्वच्छ ग्रह बन सकती है, जो सभी के लिए स्वस्थ है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप ऊर्ज़ा का समझदारी और विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग कर रहे हैं, कुछ रोज़मर्रा की तरकीबें सीखना त्वरित और आसान है। ऊर्ज़ा का संरक्षण करना सीखने का कोई वास्तविक नुकसान नहीं है। आप पर्यावरण की मदद करते हैं और ऊर्ज़ा खपत से कम उपयोगिता बिलों के साथ जीतते हैं। ऊर्ज़ा का संरक्षण बहुत महत्वपूर्ण है, और समय की मांग है क्योंकि उद्योगों के विकास में वृद्धि हुई है, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे अपने द्वारा उत्पादित सभी हानिकारक कचरे का ध्यान नहीं रखते हैं। इससे पर्यावरण और जलवायु परिस्थितियों को बहुत नुकसान पहुंचा है और हम बदतर जीवन जी रहे हैं। बढ़ते प्रदूषण के कारण जलवायु स्थिति में बदलाव का एक बहुत ही सामान्य उदाहरण ओजोन परत का असमान्य क्षरण है, जो हानिकारक पराबैंगनी किरणों के कारण त्वचा कैंसर का कारण बनता है।ऊर्ज़ा संरक्षण नियम बताता है कि ऊर्ज़ा को न तो बनाया जा सकता है, और न ही नष्ट किया जा सकता है। और यह केवल एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित हो सकती है। यह दर्शाता है कि ऊर्ज़ा पूरे सिस्टम में एक समान रहेगी जब तक कि बाहर से कुछ अतिरिक्त ऊर्ज़ा न जोड़ी जाए। ऊर्ज़ा संरक्षण के लिए साधारण और आवश्यक उपाय इस तरह कर सकते हैं कि कमरे से बाहर निकलते समय लाइट बंद कर देना, जब उपकरण उपयोग में न हों तो उन्हें बंद कर देना और गाड़ी चलाने के बजाय पैदल चलना, ये सभी ऊर्ज़ा संरक्षण के उदाहरण हैं।

## सेहत मंत्र

# खाएंगे कूल फूड तो रहेंगे कूल-कूल

गर्म पदार्थ जैसे कि मांसाहारी भोजन, अंडे, गरम मसाला, तली हुई पूडिय़ां वगैरह एवॉयड करें। नॉनवेज के शौकीन सप्ताह में एकाध बार ही खाएं। महिलाएं होममेकर हों या कामकाजी हैं, गर्मी में दोनों को हाइड्रेशन मेंटेन करना बहुत जरूरी है यानी पानी खूब पीयें। ठंडे पदार्थ जैसे जौ, काला चना, चावल आदि को अपने भोजन में शामिल करें। इनमें पोषक तत्व भी भरपूर होते हैं। गर्म पदार्थ जैसे कि मांसाहारी भोजन, अंडे, गरम मसाला, तली हुई पूड़ियां वगैरह एवॉयड करें। नॉनवेज के शौकीन सप्ताह में एकाध बार ही खाएं। तेज गर्मी में आपकी कुछ कोशिशें आपको कूल रखने में कामयाब रहेंगी। सुबह नाश्ते में छांछ या ठंडा दूध ले सकती हैं। स्वाद के लिए दूध में इलायची पाउडर मिलाया जा सकता है। खाली पेट मौसमी फल का भी सेवन कर सकती हैं। दो घंटे बाद एक कटोरी दलिया या एक प्लेट पोहा खाएं। लंच में यदि गेहूं की रोटी खाती हैं तो उसमें थोड़ा चने का आटा भी मिक्स करें। यह न सिर्फ ठंडा होता है, बल्कि पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। यही नहीं चना न केवल वजन घटाता है, बल्कि शुगर भी कम करता है। ऑफिस जाने वाली महिलाएं अपने साथ नींबू पानी, छांछ, नारियल पानी आदि अवश्य रखें। दो-दो घंटे के अंतराल पर उनका सेवन करें। पहले गर्मी के मौसम में गुलाबरस शर्बत, ठंडाई आदि ली जाती थी। आज भी इनका महत्व कम नहीं हुआ है। इन्हें घर में तैयार कर या फिर बाजार में उपलब्ध ऐसे शर्बतों का प्रयोग किया जा सकता है। खाली पेट रहने से बचें। जो महिलाएं ऑफिस जाने के क्रम में अधिक यात्रा करती हैं, वे अपने पास मूंगफली आदि का पैकेट जरूर रखें, क्योंकि खाली पेट रहने पर लू या डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। पानी की बॉटल तो जरूर रखें। सनग्लासेज और बिना पावर के चश्मे से आंखों का बचाव करें। धूप में सिर को कवर करके चलें।

मौसमी फलों जैसे कि तरबूज खरबूज आदि का सेवन दिन में एक बार जरूर करें। खीरा, ककड़ी, प्याज आदि को भी भोजन में शामिल करें, ताकि जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ति हो सके। नेचुरल फ्रूट्स में शुगर की मात्रा भी बेहद कम होती है। रात में फल खाने से नुकसान तो नहीं है, लेकिन फायदा भी नहीं है। इसलिए दिन में ही इसे खाएं।

## धर्म मंत्र

# अपने चमत्कारों के लिए भी जाने जाते हैं साईंबाबा

अपने भक्तों के हर दुख दर्द को दूर करने के लिए विख्यात हैं शिरडी के साईं बाबा। साईं बाबा ने अपना पूरा जीवन मानव कल्याण को समर्पित किया और एक ईश्वर की अवधारणा का लोगों को संदेश दिया। उनके मंदिरों में सभी धर्मों और जातियों के श्रद्धालु आते हैं और साईं बाबा आशीर्वाद देकर सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। साईं बाबा की प्रसिद्धि देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी है। माना जाता है कि सन्‍ 1854 में साईं बाबा शिरडी आए थे। वह दिव्य शक्ति के महात्मा थे। जब साईं बाबा शिरडी आए, उस समय वह एक छोटा सा गांव था। बाद में बाबा के चमत्कार से शिरडी की ख्याति दूर?दूर तक फैलती गई जिससे इस क्षेत्र का विकास होता चला गया। साईं बाबा शिरडी में एक पुरानी मस्जिद में रहा करते थे। उनके भक्तों को उनसे मिलने यहीं आना पड़ता था। साईं बाबा ने इस मस्जिद का नाम द्वारका भाई रखा था। शिरडी में कई नई इमारतें बनने के बावजूद साईं बाबा द्वारका भाई में ही रहना पसंद करते थे। साईं बाबा ने शिरडी में आने के बाद अपनी योग शक्ति से एक अग्नि जलाई थी जिसे धुनी कहा जाता है। इस धुनी में दिन?रात आग जलती रहती है। इस धुनी की राख को उदी कहा जाता है। साईं बाबा भक्तों को उदी दिया करते थे, इसी उदी से भक्तों के रोग दूर होते थे और उनके कष्टों का निवारण होता था। आज भी साईं बाबा के मंदिरों में भक्तों को यह उदी दी जाती है। साईं बाबा अंतर्यामी भी थे उन्हें अपने भक्तों पर आने वाले संकट का आभास हो जाया करता था।

पर्यटन



# पर्यटकों को आकर्षित करता है पंचगनी का ठंडा मौसम और जादुई झरने

महाराष्ट्र में वैसे तो कई प्रसिद्ध हिल स्टेशन हैं लेकिन सतारा जिले के पंचगनी की बात ही कुछ और है। यह इलाका कई प्रमुख आवासीय शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रसिद्ध है। पंचगनी की खोज ब्रिटिश लोगों ने की थी और गर्मियों में यह ब्रिटिश लोगों के रुकने का स्थान होता था। यह उल्लेख मिलता है कि 1860 के दशक में जॉन चेस्सों नामक अंग्रेज अधिकारी ने यहां पश्चिमी दुनिया के बहुत सारे पौधों की प्रजातियों को लगाया जिसमें सिल्वर ओक एवं पोइंसेत्टिया प्रमुख हैं। पंचगनी की खासियत यह है कि यहां का मौसम साल भर खुशनुमा रहता है इसलिए यह अंग्रेजों की आरामगाह थी। पंचगनी का अर्थ है पाँच पहाड़ियाँ। यह क्षेत्र समुद्री सतह से लगभग 1,350 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। यहाँ का शांत और ठंडा मौसम लगातार गर्म और झुलसे हुए पठार से पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहाँ के पहाड़ जादुई झरनों और सँकरे, छोटी तथा घुमावदार धाराओं से आच्छादित हो जाते हैं। यदि आप ड्राइव करते हुए यहां आएं तो आपको और मजा आयेगा। अगर आप मुंबई से आ रहे हैं तो मुंबई-पुणे राजमार्ग का उपयोग करने पर जल्दी यहाँ पहुंच सकते हैं। पंचगनी पहाड़ी के नीचे के रास्ते पर है जो सतारा की ओर जाता है। यदि आप बहुत बड़े समूह में यात्रा कर रहे हैं तो यह ठीक रहेगा कि आप पंचगनी-महाबलेश्वर रोड पर अंजुमन ए इस्लाम शाला के सामने स्थित बंगले किराये पर ले लें। यहां घूमने के लिए सबसे सही समय सितंबर से मई तक है जब मानसून धीमा पड़ जाता है। ठंड में पंचगनी का तापमान 12 डिग्री सेल्सियस होता है। जून से सितंबर के भारी वर्षा के दिनों में भी परिवार और पर्यटक यहां आते हैं और इस स्थान के अलौकिक सौंदर्य को देखते ही रह जाते हैं। पंचगनी सहयाद्री पर्वत श्रृंखला के पाँच पहाड़ियों के मध्य में है और इसके चारों ओर पांच गांव- दंदेघर, खिंगर, गोद्वाली, अमरल एवं तैघाट हैं भी बसे हैं।

# गुणवत्तापूर्ण ससमय पूरा हो निर्माणाधीन परियोजनाओं का कार्य : डीएम सत्येंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोक सभागार में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनपद की 50 लाख से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण एवं सांसद निधि योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं, उन्हें सम्बन्धित विभाग को शीघ्र हैण्डओवर कर दिया जाए तथा जो परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं उन्हें तत्काल पूर्ण कराया जाए। बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत जिन भवनों के निर्माण कार्य पूरे हो गए, जांच के बाद उन्हें सम्बन्धित विभाग को हैंडओवर कर दिया जाए। मत्थेश्वर महादेव मंदिर खसपरिया और कोटवाधाम में विकास कार्य समय पर पूर्ण कर हैंडओवर किया जाए। जिला चिकित्सालय में अग्निशमन की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए और जिला महिला चिकित्सालय में अधूरे कार्य की शीघ्र पूरा किया जाए। सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में बन रहे मंडप का कार्य और राज्यकर कार्यालय भवन में चल रहे कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए। पीएमजेएसवाई की जो सड़कें अभी अधूरी है उन्हें भी समय से पूरा करा लिया जाए। सांसद निधि के कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य समय पर पूर्ण कराये जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रांतीय खण्ड की जो परियोजनाएं अधूरी है उन्हें समय से पूरा किया जाए। जिले की जिन भी परियोजनाओं में पटाई के लिये मिट्टी की जरूरत है उसके लिये सरकारी स्तर पर नियमानुसार मिट्टी की व्यवस्था कराई जाएगी। राजकीय पौधशाला उधौली, सतरिख सहित राजकीय पालीटेक्निक जहाँगीराबाद के निर्माणाधीन कार्यों को समय से पूरा कराया जाए। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा व राजकीय इंटर कॉलेज सतरिख के अधूरे कार्यो को समयान्तर्गत पूरा किया जाए। परियोजनाओं के सत्यापन हेतु नामित नोडल अधिकारी एवं तकनीकी अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं का सत्यापन प्रत्येक माह करते रहे तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित करें। भविष्य में उच्चाधिकारियों के निरीक्षण में गुणवत्ता के सम्बन्ध में कोई त्रुटि पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग एवं अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को निर्देशित किया कि सभी सड़कों का निर्माण यथा शीघ्र कराना सुनिश्चित करें, जिससे लोगों के आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि सभी परियोजनाओं का निर्माण कार्य समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। सत्यापन में लगाये गये नोडल अधिकारियों द्वारा जो त्रुटियों अंकित की जा रही है, उसका समाधान कराकर अनुपालन आख्या अवश्य उपलब्ध करायें। राजकीय जिला पुस्तकालय में चल रहे कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत आवास निर्माण के कार्यों व जलनिगम शहरी के तहत पानी की टंकी सहित सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व समय पर पूरे किए जाए।

जिन भवनों का निर्माण पूरा हो गया है उनमें विद्युत विभाग, बिजली कनेक्शन समय पर सुनिश्चित कराये। लोकनिर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अंतर्गत जिले की सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण एवं मेंटेनेंस के कार्यों को समय पर पूर्ण किया जाए। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, जिला अर्थ एवं सांख्यकी अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पांडेय, एसीएमओ डॉ डी.के. श्रीवास्तव, आशीष त्रिपाठी सहायक अभियंता जल निगम, विश्वनाथ गुप्ता सहायक अभियंता बाढ़ खंड, अजीत पटेल सहायक अभियन्ता निर्माण खण्ड 1, आशीष त्रिपाठी सहायक अभियंता जल निगम, सहायक अभियंता ग्रामीण विकास, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, प्रभारी डीपीओ एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियन्ता सहित समस्त सम्बन्धित विभाग के नोडल एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

# ढकोसला साबित हो रही है गांव की समस्या गांव में समाधान चौपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ और समस्याओं का निदान उनके द्वार महज़ ढकोसला बन कर रह गई है। ग्राम चौपाल से जिम्मेदारों की दूरी, से यह यह महात्वाकांक्षी योजना भी मजाक बन कर रह गई है। स्मरण रहे कि ग्रामीण अंचलों में ग्राम चौपाल का आयोजन प्रत्येक शुक्रवार को किया जाता है। निंदूरा प्रतिनिधि ने बताया कि ब्लॉक निंदूरा स्थित ग्राम पंचायत हिदायतपुर शिपाह व डफरपुर में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया। डफरपुर में एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह ने जन शिकायतें सुनी। डफरपुर चौपाल में कुल चार प्रार्थना पत्र आए जिसमें दो प्रार्थना पत्र राशन कार्ड संबंध में आए परंतु पूर्ति विभाग का कोई कार्मिक मौजूद नहीं था। एक प्रार्थना पत्र पेंशन संबंधी प्रस्तुत हुआ।जिसे संबंधित ने ऑनलाइन कराने के लिए बोल दिया गया और एक प्रार्थना पत्र आवास मांग को लेकर था। चौपाल में केवल पंचायती राज और ग्राम्य विकास विभाग के अतिरिक्त राजस्व समेत कोई भी मौजूद नहीं रहा था। हिदायतपुर में एडीओ सांख्यिकी ए.के मौर्य ने जन समस्याएं सुनी यहां पर आवास और शौचालय की मांग संबंधी कुल नौ प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया है।चौपाल में एडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि साफ सफाई पर जोर दिया।तो एडीओ कृषि हरि प्रकाश चौधरी ने लोगों मिलेट्स के उपयोगिता और लाभ के बारे में बताया। सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि के मुताबिक विकास खंड क्षेत्र के दो ग्राम पंचायतों में गांव की समस्या गांव में समाधान को लेकर ग्राम चौपाल का आयोजन में आवास हैंडपंप पेंशन से संबंधित 6 शिकायतें आई ।मौके पर दो शिकायतें का निस्तारण कर दिया गया है।पहली चौपाल ग्राम पंचायत रामसहाय गांव के पंचायत भवन में ग्राम प्रधान दयाशंकर शुक्ला की अध्यक्षता एवं पंचायत सचिव राजेश कुमार के संयोजन में आयोजित की गई। चौपाल में विकास तिवारी ने आवास की मांग को लेकर शिकायत किया जिसपर सचिव ने आश्वासन दिया। वही गांव के ही रोहित,अश्वनी पाल ने हैंडपंप मरम्मत के लिए शिकायत किया।इस शिकायत का तत्काल निस्तारण के लिए ग्राम प्रधान ने हैंडपंप मिस्त्री को भेजा। दूसरी चौपाल मदारपुर के पंचायत भवन में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में सहायक विकास अधिकारी पंचायत शम्भूनाथ पाठक ने ग्रामीणों की सुनी समस्या जिसमें पेंशन से संबंधित एक शिकायत आई जबकि आवास से संबंधित दो शिकायतें आई। मौके पर पेंशन संबंधी शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर पंचायत सचिव वीरेंद्र तिवारी ग्राम प्रधान जय राम मोर्या तथा पंचायत सहायक के अतिरिक्त सफाई कर्मी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# एलयूसीसी के अभिकर्ता पर धोखाधड़ी का दर्ज हुआ मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एलयूसीसी,द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट एवं थिप्ट कोआपरेटिव सोसाइटी के अभिकर्ता द्वारा रुपए हड़पने एवं मारने पीटने पर पीड़ित की तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

मसौली थाना क्षेत्र के बिन्दौरा निवासी सुरेन्द्र कुमार पुत्र स्व सूर्यलाल ने थाना क्षेत्र के ही सिसवारा के विपक्षी राजकुमार उर्फ राजू पुत्र स्व परशुराम जो कि चार वर्ष पूर्व मेरे घर आये और कहा कि मैं एलयूसीसी द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट एवं थ्रिप्ट कोआपरेटिव सोसाइटी का अभिकर्ता हूँ और कहा कि यह कम्पनी बीमा फिक्स डिपाजिट आदि रूप में पैसे जमा करती है। इसमें तुम और अपनी पत्नी सुमित्रा देवी का बीमा करा लो जिस पर पीड़ित ने कहा कि इस कम्पनी पर मुझे विश्वास नही है। हम इसमें बीमा नहीं करवायेंगे। इस बात पर उक्त विपक्षी ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि तुम मेरे कहने पर इस कम्पनी में अपना बीमा करा लो अगर यह कम्पनी चली जाती है तो पूरा रुपया हम देंगे। कहो तो स्टाम्प पेपर पर लिख कर दे दूँ। इस तरह पीड़ित को उक्त विपक्षी के बहकावे में आकर प्रार्थी ने एक पालिसी सं- 11 एल 253बीइसी1ए दिनांक 21 नवम्बर 2019 में जमा धनराशि 60,000/- व अपनी पत्नी सुमित्रा देवी की एक पालिसी सं 09एल 2सी068डी21 दिनांक 5 सितम्बर 2020 में जमा धनराशि 25,500 व एक फिक्स डिपाजिट पीड़ित अपने नाम खाता संख्या 11 एल9ए3सी25ए0 दिनांक 8 नवम्बर 2019 10,000जमा किया था जो पीड़ित जमा करता चला आ रहा था बीच में पीड़ित को जरूरी कार्य हेतु रुपयों की आवश्यकता हुई तब पीड़ित ने उपरोक्त विपक्षी से कहा कि मुझे रुपयों की आवश्यकता है मेरी पालिसी तोड़वाकर मेरा रुपया निकलवा दो, परन्तु विपक्षी आजकल करके टालता रहा और पीड़ित का फोन उठाना भी बन्द कर दिया। जिस पर पीड़ित दिनांक 5 दिसम्बर 2024 समय सुबह 10:30 को अपनी पत्नी सुमित्रा देवी के साथ उपरोक्त विपक्षी के घर गया और विपक्षी से कहने लगा कि मेरी पालिसी तोड़वाकर मेरा रुपया निकलवा दो इसी बात पर उक्त विपक्षी विवाद करने लगे कहा कि एक भी रुपया नही निकलवायेंगे और सीधे पीड़ित का कालर पकड़ कर गन्दी गन्दी गालियाँ देते हुए मारने-पीटने लगा और कहने लगा कि यहाँ से भाग जाओ नही तो जान से मारकर गायब करवा दूंगा। जिससे प्रार्थी काफी परेशान है। पीड़ित की तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू किया है।

# गो तस्करों पर कसा शिकंजा, सुनसान क्षेत्र में सिविल ड्रेस में तैनात हुई पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। ठंड की सुनसान रातों में सन्नाटा होने पर गो तस्करी की घटनाएं बढ़ जाती है। हफ्ते भर में गो तस्करी के दो मामलों के आने के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। जिसके संबंध में पूछने पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डा.अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह से मिले निर्देशों के बाद पुलिस ठंड की सुनसान रातों में गो तस्करों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर चुकी है। जिसके लिए सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिविल ड्रेस में पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। ताकि गो तस्करों को पुलिस की गतिविधियों के संबंध में कोई जानकारी ना हो और उन्हें आसानी से दबोचा जा सके। बता दे की बीते मंगलवार को जैदपुर थाना क्षेत्र में हलका प्रभारी जयचन्द्र सिंह देर रात वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में जा रहे एक हाफ डाला को पुलिस ने रुकवाया। पुलिस ने वाहन को चेक किया तो देखा उसके अंदर चार भैंस के साथ व भैस के बच्चे ठूंसकर भरे थे। इस दौरान छोटा हाथी हाफ डाला पर सवार दोनों लोगों से पुलिस ने पूछताछ की। इसमें एक ने अपना नाम रहमत अली

**शर्दी की रातों में बढ़ जाती है गो तस्करी की घटनाएं**

निवासी राजा बड़ा गांव, थाना मसौली व दूसरे ने अपना नाम निजाम निवासी कस्बा जैदपुर बताया। हिरासत में लिए गए युवक ने बताया कि वह मवेशियों खरीद फरोख्त का व्यापार करते है। पुलिस द्वारा खरीद फरोख्त के अभिलेख मांगें मगर वह कुछ नहीं दिखा सके। पुलिस ने दोनों युवकों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के अर्न्तगत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।इसीतरह बीते आठ दिसंबर को सतरिख थाना क्षेत्र के कमरपुर गांव में गौरियाघाट रोड पर देर रात पुलिस कंट्रोल रुम को सूचना मिली कि कुछ अज्ञात शख्स वाहन में सवार होकर जंगल के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे हैं। सूचना मिलने पर तुरंत स्वाट व थाना सतरिख पुलिस टीम ने दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने देखा कि एक पेड़ से दो गोवंशीय पशु बंधे हुए थे और पास में पिकअप वाहन तिरपाल से ढ़का हुआ खड़ा था। उसके पास ही एक और अन्य वाहन व मोटरसाइकिल खड़ी थी, जिसमें लोहे का चापड़, चाकू, छुरी व जानवरों को बांधने वाली रस्सी रखी थी। पुलिस ने इस मामले में साथ को तस्करों को गिरफ्तार किया है जिनमें सरवर गुफरान, अंकुल गुप्ता, इरफान नवीजान और अजीज शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों में उमर माथे पर टीका लगाकर और हाथ में त्रिशूल लेकर घूमता था। ताकि वह ग्रामीणों सहित पशुओं को भ्रमित कर सके। फिलहाल मामले में पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन दोनों मामलों के प्रकाश में आने के बाद जिले की पुलिस व आला अधिकारियों ने इससे निपटने की तैयारी भी शुरू कर दी है।

## अवैध खनन कर रहे डंफर, पुलिस मौन

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ -महमूदाबाद मार्ग पर अवैध खनन में लिप्त डंफर ने साइकिल सवार को रौंद डाला।साइकिल सवार की दर्दनाक मौत हुई। पुलिस ने शव कब्जे में लिया।इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और हंगामा काटा। कुर्सी बसारा गांव के निकट डंपर ने हुए हादसे में सड़क पार रहे साइकिल सवार का शव डंफर चालक दूर तक शव को घसीटते ले गया। चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।मृतक की शिनाख्त रामलाल 65 वर्ष निवासी बसारा के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। कुछ देर बाद मृतक के स्वजन मौके पर पहुंचे।

## कस्तूरबा विद्यालय का बीएसए ने किया निरीक्षण

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड हरख अंतर्गत बंगला बाजार स्थित कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय का बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय ने आज औचक निरीक्षण किया। बता दें कि बृहस्पतिवार को इसी विद्यालय मे कक्षा सात की एक 14 वर्षीय छात्रा आँचल की अचानक तबियत बिगड़ी,आनन फानन मे उसे सीएचसी जैदपुर ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री पांडेय ने गहराई से अनेक विंदुओं का परीक्षण किया। बीएसए ने विद्यालय परिसर मे बने आवास का भी निरीक्षण किया तथा छात्राओं से भी पूछताछ की। बेसिक क्षिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय ने फोन पर वार्ता मध्य विद्यालय निरीक्षण की बात कही। बताया कि छात्रा का पोस्टमार्टम हो रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थित स्पष्ट होगी और आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## टेनिश बाल क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न, मैन ऑफ दी मैच नासिर सम्मानित

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत के समीप मैदान में तीन दिवसीय टेनिस बॉल टूर्नामेंट के फाइनल में आज नूर इलेवन शाह कटरा कप्तान लाला ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित ओवरों आठ में पांच विकेट पर 86 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए आर्मी इलेवन के कप्तान बबलू आरा मशीन की टीम द्वारा एक ओवर शेष रहते 87 रन बनाकर टूर्नामेंट का फाइनल मैच अपनी टीम के नाम कर लिया। मैच में खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए नासिर होटल ने शानदार 65 रन बनाएं जिन्हें मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से बबलू खान मिस्त्री द्वारा नवाजा गया। टूर्नामेंट की विजेता टीम के कप्तान बबलू आरा मशीन व उपविजेता टीम को बबलू खान द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टूर्नामेंट के संयोजक मोहम्मद शुएब राइन , मोहम्मद शाहिद अंसारी मोहम्मद शिबू खान रफत मोबाइल मोहम्मद शादाब सिद्दीकी शाहिद सैकड़ो लोग उपस्थित रहे ।

# देश प्रदेश के विकास पर आधारित थी सपा सरकार की सोच : गौरव रावत

**गौरव ने जनता को समर्पित किया इंटरलॉकिंग मार्ग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। समाजवादी पार्टी विकास पर विश्वास करती है वर्तमान समय मे भाजपा सरकार विकास से दूर है तथा नफ़रत के बीज बोकर राजनीति कर रही है वादे न निभाना, जनता को धोखे में रखना भारतीय जनता पार्टी की नीति जिससे जनता का विश्वास भाजपा से उठ रहा है। उक्त विचार शुक्रवार को जैदपुर विधानसभा के ग्राम मंजीठा में पूर्वांचल क्षेत्र विकास निधि योजना से बनी इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण करते हुए सपा विधायक गौरव कुमार रावत ने कही उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में हर वर्ग परेशान है सबसे ज्यादा परेशान किसान है क्योंकि किसानों की सरकार में कोई सुनने वाला नहीं है किसान को उसकी उपज का उचित मूल इस सरकार में नहीं मिल रहा है। पूरे उत्तर प्रदेश में नए विकास के कार्य बीजेपी सरकार द्वारा नहीं किए गए हैं पूर्व की सपा सरकार के किए गए विकास कार्यों को अपना बताकर उनका उद्घाटन करने में व्यस्त है। विधायक गौरव रावत ने देश और प्रदेश की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश और प्रदेश को अराजकता, भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी की आग में झोंकने वाले लोग आज बटने और कटने की बात कर रहे है ये वही लोग है जिन्होंने जाति, धर्म संप्रदाय के नाम पर पूरे देश को बाट दिया। गौरव कुमार रावत ने कहा कि रामराज के नाम पर नाथूराम राज चल रहा है प्रदेश में फर्जी एनकाउंटर के नाम पर जाति विशेष के लोगो की हत्या की जा रही है जबकि इनामी माफियाओं को सत्ता में संरक्षित किया जा रहा है। इस अवसर पर मसौली ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश यादव, ग्राम प्रधान मो0 वज्जू, विधायक प्रतिनिधि रिजवान संजय, गुड्डू वर्मा, रक्षा राम वर्मा, अर्जुन वर्मा, नंदकिशोर, कपूर यादव, राकेश वर्मा, दिनेश रावत आदि लोग मौजूद रहे।

## लाखों की साइबर ठगी करने वाले युवक को दिल्ली पुलिस ने उठाया

**बाराबंकी साइबर सेल के प्रयास से दिल्ली पुलिस को मिली सफलता**

बाराबंकी। साइबर अपराध कर ठगी करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। स्थानीय थाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 02/2024यू/यस-420,406,468,384,507,411आई पी सी 66डी आई टी एक्ट में अभियुक्त शिवम यादव पुत्र देशराज यादव निवासी गुड़गांव पोस्ट महमूदपुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर योगेश वर्मा के साथ हुई धोखाधड़ी में भी अभियुक्त का नाम प्रकाश में आया है। दिल्ली पुलिस के थाना नार्थ ईस्ट साइबर पुलिस थाना नई दिल्ली में पंजीकृत मु0अ0सं066/2024धारा419/420भा0द0वि0में भी अभियुक्त वांछित था जिसकी गिरफ्तारी हेतु दिल्ली पुलिस की टीम उप निरीक्षक नंदन सिंह चौहान के नेतृत्व में व स्थानीय पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त को स्थानीय थाना पर लाकर पूछताछ की गई जिसमे उसने अपने द्वारा किए गए अपराध को स्वीकार किया।अभियुक्त पूर्व में साइबर धोखाधड़ी के एक मामले में गुरुग्राम पुलिस द्वारा गिरफ्तार भी किया गया था पिछले दिनों ही वह जेल से छूटा है।अपराध करने की नियत से अभियुक्त सूरतगंज थाना मोहम्मदपुर खाला में जनसुबिधा केंद्र चला रहा है।अभियुक्त शिवम के विरुद्ध उदयपुर राजस्थान व पश्चिम बंगाल में साइबर अपराध करने की बात सामने आई है।

# एक मुश्त समाधान योजना का गांव गांव प्रचार प्रसार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सूरतगंज बाराबंकी। एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 24-25 योजना को लेकर विद्युत विभाग के अवर अभियंता शैलेन्द्र कुमार यादव के नेतृव में सभी विद्युत कर्मचारियों ने विद्युत उपकेंद्र से रैली निकाली। । सूरतगंज विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता शैलेंद्र कुमार यादव,टीजीटू मोहम्मद अलीम इरशाद, प्रदीप प्रजापति,आदि विद्युत विभाग के कर्मियों ने उपभोक्ताओं को छूट से संबंधित जानकारी देते हुए अपील किया कि सरकार द्वारा लाई गई एक मुश्त समाधान (ओटीएस) योजना का लाभ ले। विद्युत विभाग के कर्मचारी लाउडस्पीकर बैनर पोस्टर आदि से गांव-गांव पहुंचकर ओटीएस योजना का प्रचार प्रसार किया।इस संबंध में अवर अभियंता शैलेंद्र कुमार यादव ने बताया कि 15 दिसम्बर से सरकार के द्वारा ओटीएस योजना शुरू की जा रही है जिसमें उपभोक्ताओं को भारी छूट दी जा रही है क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अपील है कि अपना बकाया बिल ओटीएस योजना का लाभ लेकर जमा कर दें। उपभोक्ता जल्दी आए ज्यादा लाभ पाए। इस अवसर पर निरंकार यादव, रोहित मिश्रा , आकश वर्मा,प्रवेश,सचिन गुप्ता, रामेश्वर,सन्दीप,अमित,लालता मिश्रा ,प्रमोद, बब्लू,सुनील, जयदीप मिश्रा, अजित कुमार,भूपेंद्र कुमार यादव ,सुनील कुमार, हेमराज , नरेंद्र कुमार , नीरज, रामू, कुमार, अरविंद कुमार ,मनोज,सुमित,आलोक सहित सभी विद्युत कर्मचारी मौजूद।

# जनपद में पहली बार जैव विविधता पर दो दिवसीय फ़ोटो प्रदर्शनी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जिले की समृद्ध बायोडायवर्सिटी को अपने कैमरे से कैद करने वाले सचिवालय सेवा के अधिकारी व वाइल्डलाइफ फ़ोटोग्राफर नवीन कुमार बनौधा की फोटो प्रदर्शनी का आयोजन जनपद पहली बार होनें जा रहा हैं। जिसकी शुरुआत 14 दिसंबर को सुबह 10 बजे से ऑफीसर्स क्लब में होगी। इस दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का समापन 15 दिसंबर की शाम सात बजे होगा। शनिवार सुबह 10 बजे फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन यूपीपीसीएफ के एचडी संजय कुमार करेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व विशेष सचिव उच्च शिक्षा सीपू गिरी, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा और डीएफओ आकाशदीप बधावन उपस्थित रहेंगे। प्रदेश के प्रकृति के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहे लेखक, फोटोग्राफर व पर्यावरणविद नीरज कुमार श्रीवास्तव कार्यक्रम में शामिल होकर पर्यावरण प्रेमियों से रूबरू होगें। बनौधा इस प्रदर्शनी में जिले के वेटलैंड, समृद्ध प्राकृतिक भूदृश्य के साथ-साथ स्थानीय व प्रवासी पक्षियों, वन्य-जीव, बहुरंगी तितलियों की प्रजातियों की खींची गई फ़ोटो और उससे जुड़ी जानकारियों को प्रदर्शित करेंगे। बनौधा ने बताया कि जिले में बेहद समृद्ध वेटलैंड और जंगल हैं। यहां पर हर साल अक्टूबर से मार्च तक प्रवासी पक्षियों का डेरा लगता है। इन अवधि में प्रवासी पक्षी भोजन और प्रजनन के लिहाज से यहां के समृद्ध वेटलैंड्स को प्राथमिकता देते हैं।

ऐसे में स्थानीय नागरिकों को भी वेटलैंड्स को बचाने में अपना अहम रोल अदा करने की जरूरत है। वेटलैंड को बनाए रखने के लिए यह प्रयास स्थानीय लोगों, प्रशासन, वन विभाग और जनप्रतिनिधियों के आपसी सामंजस्य से ही संभव हो सकेगा। उन्होने पर्यावरणीय संरक्षण के इस कार्यक्रम में युवाओं, छात्र-छात्राओं से शामिल होकर जुड़ने की अपील की है।

# बालाजी ग्रुप का वार्षिक स्पोर्ट्स मीट आयोजन

**शारीरिक विकास होना भी बहुत आवश्यक : अंकुर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।स्थानीय के.डी सिंह बाबू स्टेडियम में बालाजी ग्रुप आफ स्कूल द्वारा छठी स्पोर्ट्स मीट ''उड़ान 2024'' का भव्य आयोजन किया गया। इसमें बालाजी का बचपन स्कूल के कक्षा दो से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों ने 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर लंबी कूद आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस मौके को और भी खास बनाते हुए इन बच्चों ने यह साबित कर दिया कि वह एक बार फिर से इस मैदान में अपनी प्रतिभा का परचम लहराने के लिए तैयार है। विद्यालय के प्रबंधक अंकुर माथुर ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ किया।श्री माथुर ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आज के समय में बच्चों का मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास का होना भी बहुत आवश्यक है।

100 मीटर में प्रथम स्थान पर ग्रुप ए से बालक एवं बालिका वर्ग से अखिल कुमार,इशिता यादव द्वितीय स्थान पर मोहम्मद अयान,श्रेया जैन तृतीय स्थान पर तालिब राजा एवं अक्षरा शुक्ला रहीं।ग्रुप बी से प्रथम स्थान पर अमानत, हुजैफा द्वितीय स्थान पर आद्रिका शुक्ला ,आरुष रावत तृतीय स्थान पर आद्रिका तिवारी देवांश गुप्ता रहे तथा ग्रुप सी से प्रथम स्थान पर भव्या सिंह कृष्णा शुक्ला द्वितीय स्थान पर ईशानी गुप्ता अर्शित वर्मा तथा तृतीय स्थान पर वृष्टि सिंह प्रक्षाल जैन रहे ग्रुप ए से 200 मीटर रेस में प्रथम स्थान पर इशिता यादव, मोहम्मद अयान द्वितीय स्थान पर श्रेया जैन आरुष खान एवं प्रतिष्ठा पर अक्षर श्रीवास्तव रोहन सिंह रहे ग्रुप डी से प्रथम स्थान पर आद्रिका तिवारी तेजस शर्मा द्वितीय स्थान पर शगुन वर्मा हर्ष यादव तृतीय स्थान पर शानवी सिसोदिया एवं मोहम्मद हुजैफा रहे ग्रुप सी से प्रथम स्थान पर भव्य सिंह रक्सौल जैन द्वितीय स्थान पर प्रतिदिन रौनक सिंह रौनक सिंह तथा तृतीय स्थान पर अंशिका गुप्ता देवांश पटेल रहे ग्रुप बी और ग्रुप सी से प्रथम स्थान पर आद्रिका शुक्ला तेजस वर्मा परिणीति सिंह और रौनक सिंह द्वितीय स्थान पर शुभम वर्मा उत्तर शर्मा हर्षित वर्मा वही तिथि स्थान पर अमानत हर्ष यादव ईशानी गुप्ता रमन चतुर्वेदी रहे लॉन्ग जंप में ग्रुप बी से प्रथम स्थान पर शगुन रस्तोगी गम तिवारी द्वितीय स्थान पर आशीष शुक्ला उत्कर्ष तृतीय स्थान पर स्तुति वर्मा, तैय्यब इस्लाम तथा ग्रुप 'सी' से प्रथम स्थान पर हिबा सिराज, कृष्णा शुक्ला द्वितीय स्थान पर महक पटेल, शीर्ष तिवारी तथा तृतीय स्थान अनन्या सिंह, आयुष ने प्राप्त किया।

# गाबा पर इतिहास दोहराने के लिये भारत की उम्मीदें रोहित और विराट पर

एजेंसी



ब्रिसबेन। एडीलेड में मिली हार के बाद गाबा पर वापसी के इतिहास को दोहराने के इरादे से भारतीय टीम शनिवार से शुरू हो रहे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में जब आस्ट्रेलिया से खेलेगी तो नजरें रोहित शर्मा और विराट कोहली के बल्लों पर लगी होंगी। श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के बाद ब्रिसबेन टेस्ट निर्णायक साबित हो सकता है। भारतीय गेंदबाज आस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों की कमजोरी का फायदा उठाना चाहेंगे जिनके लिये ट्रेविस हेड दूसरे टेस्ट में संकटमोचक साबित हुए। स्टीव स्मिथ और कोहली दोनों ही लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। गेंदबाजी में भारत के पास जसप्रीत बुमराह है जिसने श्रृंखला के बाकी सभी गेंदबाजों को अपने सामने बौना साबित कर दिया है। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से अधिक सहयोग की जरूरत है। इसके साथ ही उन्हें रोहित और कोहली जैसे बल्लेबाजों से अच्छे रनों की भी दरकार है ताकि वह खुलकर गेंदबाजी कर सके। रोहित और कोहली के खराब फॉर्म को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और आधुनिक क्रिकेट के इन दोनों महानायकों के लिये यह टेस्ट काफी महत्वपूर्ण होगा। उनकी गैर मौजूदगी में भारत ने 2021 में यहां वापसी करके शानदार जीत दर्ज की थी। आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने दोनों पर उछाल और सीम से हमले बोले हैं और यहां भी पिच से अच्छी सीम मिलने की उम्मीद है। रोहित और कोहली के पास प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन इस समय फॉर्म साथ नहीं दे रहा। भारत के लिये सबसे बड़ी समस्या पहली पारी में निराशाजनक बल्लेबाजी रही है। पिछले एक साल में भारत में और विदेश में खेले गए टेस्ट में छह बार पहली पारी का स्कोर 150 या कम रहा है। रोहित और कोहली ने 2024-25 सत्र में पहली पारी में 6.88 और 10 की खराब औसत से रन बनाये हैं। कोहली ने पर्थ टेस्ट में शतक लगाया लेकिन रोहित से कप्तानी पारी का इंतजार है। रोहित के पास इतना अनुभव तो है कि वह बखूबी जानते हैं कि पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड जैसे शानदार गेंदबाजों को हर गेंद पर पीटा नहीं जा सकता। बाजू में खिंचाव के कारण एडीलेड टेस्ट से बाहर रहने के बाद हेजलवुड टीम में लौटे हैं। रोहित सफ़ेद गेंद के बादशाह रहे हैं लेकिन अगर गाबा पर वह अच्छी पारी खेल जाते हैं तो महान क्रिकेटरों में उनका नाम शुमार होगा। इसके लिये सबसे पहले उन्हें अपना बल्लेबाजी क्रम तय करना होगा। वह पारी की शुरूआत करेंगे या छठे नंबर पर उतरेंगे , यह उन्हें देखना है क्योंकि ऐसे में अगर शीर्षक्रम धीमा खेलता है तो वह पुरानी कूकाबूरा पर आक्रामक खेल सकते हैं।

# भारत के खिलाफ गाबा टेस्ट में खेलेंगे जोश हेजलवुड, बोलैंड बाहर

एजेंसी




गाबा। जोश हेजलवुड को ब्रिसबेन में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। कप्तान पैट कमिंस ने पुष्टि की है कि वह स्कॉट बोलैंड की जगह लेंगे। आस्ट्रेलियाई एकादश में यह एकमात्र बदलाव होगा। हेजलवुड पर्थ में पहले टेस्ट में साइड स्ट्रेन के कारण एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया की जीत से चूक गए थे, जबकि दूसरे टेस्ट में बोलैंड ने दो पारियों में पांच महत्वपूर्ण विकेट लिए थे। हेजलवुड ने सप्ताह के दौरान कुछ फिटनेस टेस्ट दिए। गाबा नेट्स में केवल छोटे रन-अप उपलब्ध होने और कोई अतिरिक्त सेंटर विकेट नहीं होने के कारण, हेजलवुड गुरुवार को एलन बॉर्डर फील्ड में गेंदबाजी कोच डेनियल विटोरी की निगरानी में मिशेल स्टार्क के साथ अपना पूरा रन बनाने के लिए उतरे। गुरुवार की सुबह एडिलेड में भी गेंदबाजी करने के बाद, हेजलवुड को वापसी के लिए फिट घोषित किया गया है। कमिंस ने शुक्रवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के हवाले से कहा, ''जोश वापस आ गया है... उसे कोई परेशानी नहीं हुई। कल उसने बहुत अच्छी गेंदबाजी की, कुछ दिन पहले एडिलेड में भी उसने अच्छी गेंदबाजी की थी। वह और मेडिकल टीम बहुत आश्वस्त हैं। श्रृंखला के अंतिम तीन टेस्ट 25 दिनों की अवधि में खेले जाने के साथ, कमिंस ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस गर्मी में बोलैंड को फिर से इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''यह कठिन है, उसने एडिलेड में शानदार प्रदर्शन किया। दुर्भाग्य से उसने पिछले 18 महीनों में बेंच पर काफी समय बिताया है। और जब भी उसने खेला है, वह शानदार रहा है। स्कॉटी के लिए यह दुर्भाग्य की बात है, लेकिन फिर भी इस श्रृंखला में खेलने के लिए काफी कुछ है। मुझे आश्चर्य होगा अगर उसे किसी समय एक और मौका नहीं मिलता है। हेज़लवुड ने गुरुवार दोपहर एलन बॉर्डर फ़ील्ड में मुख्य समूह से दूर एक प्रशिक्षण सत्र में शीर्ष गति प्राप्त की। 32 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने लंबे समय के साथी मिशेल स्टार्क के साथ क्वींसलैंड की चिलचिलाती धूप में 45 मिनट के गहन सत्र में पसीना बहाया, जिसमें दोनों ने टेस्ट टीम के सदस्य जोश इंगलिस और क्वींसलैंड के बल्लेबाज लैचलन हर्न को गेंदबाजी की। गेंदबाजी कोच डैन विटोरी भी दूसरे प्रशिक्षण सत्र के लिए मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## 2014 चैम्पियन स्टान वावरिंका को आस्ट्रेलियाई ओपन के लिये वाइल्ड कार्ड

**मेलबर्न।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन स्टान वावरिंका को जनवरी में होने वाले आस्ट्रेलियाई ओपन के लिये वाइल्ड कार्ड दिया गया है । टेनिस आस्ट्रेलिया ने कहा कि वावरिंका के साथ आस्ट्रेलिया के ट्रिस्टन स्कूलकेट, लि टू, जेम्स मैकाबे, डारिया साविले, एला टोमजानोविच, एमर्सन जोंस, टालिया गिब्सन और माया जोइंट को वाइल्ड कार्ड दिया गया है । वावरिंका ने 2014 में रफ़ेल नडाल को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता था । उन्होंने 2015 फ्रेंच ओपन और 2016 अमेरिकी ओपन भी जीता ।

## महिला चैम्पियंस लीग में बार्सीलोना क्वार्टर फाइनल में

**स्टॉकहोम।** दो बार की गत चैम्पियन बार्सीलोना ने हमारबी को 3-0 से हराकर महिला चैम्पियंस लीग फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया । इवा पाजोर ने पहले हाफ में बार्सीलोना के लिये दो गोल दागे जबकि आखिरी सीटी बजने से दस मिनट पहले ऐताना बोनमाती ने तीसरा गोल किया । पहले मैच में मैनचेस्टर सिटी से दो गोल से हारने के बाद बार्सीलोना ने बाकी चार मैचों में 23 गोल किये और एक गंवाया । मैनचेस्टर सिटी ने ग्रुप डी में 15 अंक लेकर बढत बनाये रखी है । बार्सीलोना तीन अंक पीछे है जो आखिरी ग्रुप मैच में मैनचेस्टर सिटी से खेलेगा ।

## ब्रुकफील्ड इंडिया आरईआईटी ने कर्ज घटाने के लिए क्यूआईपी के जरिये 3,500 करोड़ रुपये जुटाए

**नयी दिल्ली।** ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट ने कर्ज घटाने के लिए क्यूआईपी निर्गम के जरिये संस्थागत निवेशकों से 3,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए 3,500 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई है। यह निर्गम नौ दिसंबर को पेश किया गया था। इस निर्गम में लंबी अवधि के निवेशकों की ओर से मजबूत मांग देखी गई, जिसमें संस्थानों, म्यूचुअल फंड और जीवन बीमा कंपनियों की ओर से पेशकश की गईं। ब्रुकफील्ड इंडिया आरईआईटी ने कहा, इस निर्गम के तहत भारत में पहली बार अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (विश्व बैंक समूह का हिस्सा) और भारतीय जीवन बीमा निगम ने आरईआईटी में निवेश किया। अन्य प्रमुख निवेशकों में एसबीआई म्यूचुअल फंड और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड शामिल हैं।

## फिक्की एफएलओ की वार्षिक बैठक में 350 से अधिक महिला प्रतिनिधि शामिल

**गुवाहाटी।** देश भर से लगभग 350 व्यवसायी महिलाएं और उद्यमी फिक्की महिला संगठन (एफएलओ) की चार दिवसीय अंतरराज्यीय बैठक में भाग ले रही हैं। इस बैठक का आयोजन एफएलओ के पूर्वोत्तर चैप्टर द्वारा पहली बार गुवाहाटी और शिलांग में किया जा रहा है। एक बयान में कहा गया कि 'मिस्टिकल नॉर्थईस्ट' नामक यह बैठक बृहस्पतिवार को यहां शुरू हुई। फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) की महिला शाखा की अंतरराज्यीय वार्षिक बैठक में पूरे देश से प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। एफएलओ के पूरे भारत में 20 चैप्टर हैं। बैठक के पहले दो दिन गुवाहाटी में और बाकी दो दिन शिलांग में आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर फिक्की एफएलओ की अध्यक्ष जयश्री दास वर्मा ने कहा, अंतरराज्यीय सम्मेलन पूरे देश से आये हमारे सदस्यों के लिए अनुभव साझा करने, प्रदर्शन करने, सलाह देने और नेटवर्किंग के लिए एक साझा मंच है। हमारा उद्देश्य भारत के 20 चैप्टर से महिला उद्यमियों और पेशेवरों को एक साथ लाना और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक आदर्श वातावरण देना है।

## ईपीएफओ के सदस्य जल्द ही एटीएम के जरिए धन निकाल सकेंगे

**नयी दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ के सदस्य जल्द ही एटीएम के जरिए अपने खातों से धन निकाल सकेंगे। एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। केंद्रीय श्रम सचिव सुमिता डावरा ने कथित तौर पर एक मीडिया रिपोर्ट में कहा कि श्रम मंत्रालय भारतीय कार्यबल को बेहतर सेवाएं देने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे को उन्नत कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि दावेदार, लाभार्थी या बीमित व्यक्ति एटीएम के जरिए अपने दावों के तहत धनराशि पा सकेंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार निकासी की सीमा कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के 50 प्रतिशत तक होगी। ईपीएफओ की योजना कर्मचारी जमा संबद्ध बीमा (ईडीएलआई) योजना के तहत सदस्यों की मृत्यु की स्थिति में उत्तराधिकारियों को अधिकतम सात लाख रुपये दिए जाते हैं। इस प्रकार मृत्यु की स्थिति में उत्तराधिकारी निपटाए गए दावे के तहत धनराशि निकालने के लिए एटीएम का इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि, इस खबर के बारे में श्रम मंत्रालय के अधिकारियों को भेजे गए सवालों का खबर लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं मिला था।

## अशोक लेलैंड जनवरी से वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी

**नयी दिल्ली।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड ने शुक्रवार को कहा कि वह जनवरी 2025 से अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने कहा कि मुद्रास्फीति और उच्च जिंस कीमतों के प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के लिए ऐसा किया जाएगा। अशोक लेलैंड ने एक बयान में कहा कि मूल्य वृद्धि विभिन्न मॉडलों और संस्करणों के आधार पर अलग-अलग होगी, हालांकि सभी उत्पादों की कीमत बढ़ेंगी। बयान के मुताबिक, मुद्रास्फीति और उच्च जिंस कीमतों ने इस मूल्य वृद्धि को जरूरी बना दिया था। कंपनी ने कहा कि इस कदम से लागत के प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी। इससे पहले टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी और हुंदै मोटर इंडिया भी कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा कर चुके हैं।

## कतर की कंपनी कोठारी इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन में हिस्सेदारी खरीदेगी

**चेन्नई।** कतर स्थित एफ जे ग्लोबल एंड इन्वेस्टमेंट कोठारी इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन लिमिटेड में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। शाही परिवार से संबंधित कंपनी ने कहा कि उसने वृद्धि अवसरों का लाभ उठाने और वैश्विक स्तर पर कारोबार बढ़ाने के लिए इस निवेश का फैसला किया। चेन्नई स्थित कोठारी इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन लिमिटेड (केआईसीएल) के बोर्ड ने भी इस सौदे को मंजूरी दे दी है। इसके तहत फलाह जसीम के स्वामित्व वाली एफ जे ग्लोबल एंड इन्वेस्टमेंट कोठारी इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन लिमिटेड में 70,56,000 शेयर खरीदेगी। फलाह जसीम जे एम अल-थानी दोहा बैंक के प्रवर्तक-निदेशक हैं और कतर एयरवेज के संस्थापक भी हैं। केआईसीएल ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, बोर्ड ने पांच रुपये अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर को 25 रुपये की दर से आवंटित करने को मंजूरी दी है।

# नीरज चोपड़ा की प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल किया गया

एजेंसी




नई दिल्ली। पेरिस 2024 ओलंपिक रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा और विश्व एथलेटिक्स महिला फील्ड इवेंट एथलीट ऑफ द ईयर यूक्रेन की यारोस्लावा महुचिख उन 23 एथलीटों में शामिल हैं जिनकी प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल किया गया। विश्व एथलेटिक्स संग्रहालय (एमओडब्ल्यूए) एथलीटों की कलाकृतियों को ऑनलाइन 3डी प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित करेगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''उन एथलीटों को धन्यवाद जिन्होंने 2024 में हमारे संग्रहालय के संग्रह के लिए अपने प्रतियोगिता के कपड़े, जूते और यहां तक ??कि पदक भी दान कर दिए हैं। इस साल हमें 1960 के दशक के दो आइकन, व्योमिया टायस और बिली मिल्स, और 1980 के ओलंपिक 100 मीटर चैंपियन एलन वेल्स, साथ ही 2000 और 2008 के ओलंपिक हेप्टाथलॉन स्वर्ण पदक विजेता क्रमशः डेनिस लुईस और नतालिया डोब्रिंस्का से ऐतिहासिक ओलंपिक जीतने वाली वस्तुएं मिली हैं। उन्होंने कहा, अपने ओलंपिक संग्रह को अद्यतन रखते हुए, हमें आज पेरिस 2024 पदक विजेताओं यारोस्लावा महुचिख, थिया लाफॉन्ड और नीरज चोपड़ा से दान की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। महुचिख ने जुलाई में स्टेड चार्लेटी में पेरिस डायमंड लीग में 2.10 मीटर की छलांग के साथ लंबे समय से चले आ रहे विश्व हाई जंप रिकॉर्ड को तोड़ा और अगस्त में स्टेड डी फ्रांस में ओलंपिक खिताब जीता। उन्होंने अपना पेरिस ओलंपिक सिंगलेट, नाम बिब और शॉर्ट्स एमओडब्ल्यूए को दान कर दिया है। महुचिख ने मोनाको में विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार 2024 में भाग लेने के दौरान कोए को ये आइटम भेंट किए। लाफॉन्ड, जिन्होंने पेरिस में ओलंपिक ट्रिपल जंप का खिताब 15.02 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता था और डोमिनिका की किसी भी खेल में पहली ओलंपिक पदक विजेता बनी थीं, ने पेरिस में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान पहनी गई क्रॉप टॉप को इस संग्रह में शामिल किया है। 2024 में, लाफॉन्ड को विश्व इनडोर चैंपियन का भी ताज पहनाया गया, उन्होंने 15.01 मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्ड छलांग के साथ यह खिताब जीता था। टोक्यो खेलों में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर एथलेटिक्स में भारत का पहला ओलंपिक खिताब जीतने वाले नीरज ने पेरिस 2024 में पहनी गई प्रतियोगिता टी-शर्ट दान कर दी है।

## इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 की घोषणा की

हैमिल्टन (न्यूजीलैंड)। इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सेडन पार्क में होने वाले सीरीज के तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा की, जिसमें दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को क्रिस वोक्स की जगह टीम में शामिल किया गया। कप्तान बेन स्टोक्स ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि इंग्लैंड हैमिल्टन में होने वाले तीसरे आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप मुकाबले के लिए अपनी टीम में एक बदलाव करेगा जिसमें तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को साथी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की जगह टीम में शामिल किया गया है। इसका मतलब है कि ओली पोप विकेटकीपर की भूमिका में बने रहेंगे, क्योंकि इंग्लैंड न्यूजीलैंड सीरीज में क्लीन स्वीप करने की कोशिश कर रहा है, जिसने क्राइस्टचर्च और वेलिंगटन में शुरुआती दो मैच जीते हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने शुक्रवार को अपनी प्लेइंग 11 का खुलासा नहीं किया, कप्तान ने सुझाव दिया कि वह शनिवार सुबह तक इंतजार करेंगे और फिर घोषणा करेंगे कि अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले अंतिम टेस्ट खेलने का मौका मिलेगा या नहीं।

# वेस्टइंडीज ने बंगलादेश को चार विकेट से हराकर सीरीज में किया क्लीन स्वीप

एजेंसी

बासटेयर। आमिर जंगू (नाबाद 104), केसी कार्टी (95) तथा गुडाकेश मोती (नाबाद 44 और एक विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे एक दिवसीय मुकाबले में बंगलादेश को चार विकेट से हराया। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में बंगलादेश का सूपड़ा साफ कर दिया। 104 रनों की बेहतरीन पारी खेलने वाले आमिर जंगू 'प्लेयर ऑफ द मैच' से और शरफ़ेन रदरफोर्ड को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। बंगलादेश के 321 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 36 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। ब्रैंडन किंग (15), ऐलेक ऐथनेज (सात)और कप्तान शे होप (तीन) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद 15वें ओवर में वेस्टइंडीज ने शरफ़ेन रदरफोर्ड (15) के रूप में अपना चौथा विकेट 86 के स्कोर पर गवां दिये। ऐसे संकट के समय केसी कार्टी के साथ आमिर जंगू ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट लिये 132 रनों की साझेदारी हुई। इस साझेदारी ने वेस्टइंडीज के जीत की नींव रखी। 34वें ओवर में रिशाद हुसैन ने केसी कार्टी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। केसी कार्टी ने 88 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हए (95) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये रॉस्टन चेज (12) को भी रिशाद हुसैन ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आये गुडाकेश मोती ने आमिर जंगू का बखूबी साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए मैच विजयी साझेदारी की। आमिर जंगू ने 83 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाते हुये (नाबाद 104) रनों की पारी खेली। वहीं गुडाकेश मोटी ने 31 गेंदों में तीन चौक और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 44) रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों ने 45.5 ओवर में छह विकेट पर 325 रन बनाकर कर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। बंगलादेश की ओर से रिशाद हुसैन ने दो विकेट लिये। तसकीन अहमद, नासुम अहमद और हसन महमूद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र नौ रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। तंजिद हसन और लिटन कुमार दास बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। इन दोनों बल्लेबाजों को अल्जारी जोसेफ ने आउट किया। इसके बाद सौम्य सरकार और कप्तान मेहदी हसन मिराज ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिये 136 रनों की साझेदारी हुई।

# युगांडा, तंजानिया ने सीएएफ अफ्रीकी स्कूल फुटबॉल चैम्पियनशिप जीती




एजेंसी

कंपाला। युगांडा और तंजानिया ने अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) स्कूल फुटबॉल चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया है। सेंट नूह गर्ल्स स्कूल की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाली युगांडा की टीम सात अंक प्राप्त करके लड़कियों की श्रेणी में चैंपियन बनी। युगांडा ने गुरुवार को मध्य युगांडा के किटेंडे स्थित सेंट मैरी स्टेडियम में खेले गए अपने आखिरी मैच में रवांडा को 8-0 से हराया। दूसरे मैच में तंजानिया ने बुरुंडी को 1-0 से हराकर सात अंक प्राप्त किए, लेकिन कम गोल अंतर के कारण वह युगांडा से पीछे रह गया। लड़कों की श्रेणी में, तंजानिया रवांडा को 2-0 से हराकर युगांडा से बेहतर गोल अंतर के साथ चैंपियन बनकर उभरा, क्योंकि दोनों टीमें छह अंकों पर बराबरी पर थीं। गुरुवार को श्रेणी के दूसरे मैच में, सोमालिया और बुरुंडी ने गोल रहित ड्रॉ खेला। टूर्नामेंट में पाँच लड़कों की टीमें और चार लड़कियों की टीमें शामिल थीं। प्रत्येक श्रेणी के चैंपियन को एक ट्रॉफी, स्वर्ण पदक और 100,000 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार दिया जाता है।

# पिछले 10 वर्षों में बुनियादी ढांचे पर काम पिछली सरकार के 60 वर्षों से अधिक: सिंधिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। पिछले 10 वर्षों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए किया गया काम, पिछली सरकार के 60 वर्षों में किए गए काम से अधिक है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को यह बात कही। संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री सिंधिया ने संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने गुणवत्ता, गति, मात्रा और प्रसार पर ध्यान देते हुए बुनियादी ढांचे का विकास किया है। उन्होंने कहा, 2014 के बाद बुनियादी ढांचे में आमूलचूल बदलाव आया है। प्रधानमंत्री ने 10 मार्च को एक ही दिन में 15 हवाई अड्डों को देश को समर्पित किया। पिछले 10 वर्षों में बुनियादी ढांचे के विकास की गति बेजोड़, अनदेखी और अभूतपूर्व रही है। सिंधिया ने आगे कहा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश को 65 वर्षों में कोई हवाई अड्डा नहीं मिला था। आज सिक्किम में एक हवाई अड्डा है और अरुणाचल में चार हवाई अड्डे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के 70 वर्षों में 74 हवाई अड्डे थे, जो मोदी सरकार के कार्यकाल में दोगुने से भी अधिक होकर 157 तक पहुंच गए। इस दौरान विमानों के बेड़े 400 से बढ़कर लगभग 750 हो गए हैं। सिंधिया ने कहा, किसी देश को विकासशील से विकसित देश बनाने में बुनियादी ढांचे की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बुनियादी ढांचे पर खर्च किया गया हर पैसा जीडीपी में 2.5 से तीन गुना योगदान देता है। मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सड़क, रेलवे और विमानन बुनियादी ढांचे के लिए बजट आवंटन में बहुत वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय में हर साल 10-15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2013-14 में सड़कों के लिए आवंटित बजट करीब 31,130 करोड़ रुपये था, जिसे 2024-25 में उल्लेखनीय रूप से बढ़ाकर 2.7 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।

# सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर सोना, चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना आज सपाट स्तर पर कारोबार कर रहा है। हालांकि चांदी के भाव में आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। सोने के सपाट स्तर पर बने रहने की वजह से आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,620 रुपये से लेकर 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये से लेकर 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत बढ़ कर 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,520 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज भी 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# 'संतान कोई संपत्ति नहीं', बालिग बेटी की शादी को स्वीकार करें : उच्चतम न्यायालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने विवाह के वक्त एक लड़की के नाबालिग रहने के आधार पर उसके 'पार्टनर' के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई के लिए दायर याचिका खारिज करते हुए शुक्रवार को कहा कि ''संतान कोई संपत्ति नहीं है। याचिका युवती के माता-पिता ने दायर की थी।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि विवाह के समय लड़की नाबालिग नहीं थी और व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई क्योंकि उसके (लड़की के) माता-पिता को यह रिश्ता मंजूर नहीं था।

न्यायालय ने कहा, ''आपको कैद करने का अधिकार नहीं है...आप अपने बालिग बच्चे के रिश्ते को स्वीकार नहीं करते हैं। आप अपनी संतान को एक संपत्ति मानते हैं। संतान कोई संपत्ति नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''अपनी संतान की शादी को स्वीकार करें। पीठ ने महिला के माता-पिता द्वारा न्यायालय में जमा किये गए जन्म प्रमाण पत्र में विसंगतियों का हवाला दिया और कहा कि वह मामले को आगे नहीं बढ़ा रहा है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने 16 अगस्त को, नाबालिग के कथित अपहरण और यौन उत्पीड़न मामले में महीद्पुर निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी रद्द कर दी थी।

नाबालिग के पिता ने अपहरण और अन्य अपराधों से संबंधित प्रावधानों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि उनकी 16 वर्षीय बेटी लापता है। यह आरोप लगाया गया था कि एक व्यक्ति ने उनकी बेटी को बहला-फुसला कर उसका अपहरण कर लिया। उच्च न्यायालय ने इस तथ्य पर गौर करते हुए प्राथमिकी रद्द कर दी कि लड़की बालिग थी और उसकी सहमति से यह शादी हुई थी। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को निरस्त करने से इनकार कर दिया।

# दिन-रात केवल सभापति के खिलाफ अभियान चल रहा है : धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को सदन में अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलना राष्ट्र और समाज के लिए आवश्यक है।

श्री धनखड़ ने आज सुबह सदन में शून्यकाल के दौरान व्यथा के साथ कहा कि मीडिया और सोशल मीडिया में उनके खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा, दिन-रात केवल सभापति के खिलाफ अभियान चल रहा है... यह अभियान मेरे खिलाफ नहीं, बल्कि मेरी जैसी श्रेणी (किसानों) के खिलाफ़ है। सभापति ने कहा, ..... यह स्वीकार करें कि मैं एक किसान का बेटा हूं, मैं कमज़ोरी नहीं दिखाऊंगा, मैं देश के लिए मर जाऊंगा, मिट जाऊंगा....आप लोग नहीं सोचेंगे, 24 घंटे में केवल ही एक काम है, किसान का बेटा यहां क्यों बैठा है? मैं अपनी आंखों से देख रहा हूं और पीड़ा महसूस कर रहा हूं। श्री धनखड़ ने कहा, मुझे व्यक्तिगत रूप से पीड़ा है कि मुख्य विपक्षी दल ने सभापति के खिलाफ एक तीव्र अभियान चला रखा है। उन्हें मेरे खिलाफ प्रस्ताव लाने का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन संवैधानिक प्रावधानों से हटा जा रहा हैं। सभापति ने कहा कि सार्वजनिक तौर पर जो कुछ कहा जा रहा है, उन्होंने उसका अध्ययन कर लिया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष संविधान का पालन नहीं कर रहा है। अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देना और इसपर चर्चा की मांग करना विपक्ष का अधिकार है लेकिन इसके लिए प्रावधान निर्धारित हैं। विपक्ष संविधान का उल्लंघन कर रहा है। विपक्ष बयान जारी कर अविश्वास प्रस्ताव का निर्णय जानना चाहता है। उन्होंने कहा, कानून को पढ़िए, आपका प्रस्ताव आ गया है, (निर्णय) 14 दिन के बाद आएगा। आपने एक अभियान शुरू कर दिया है। सभापति ने कहा कि सदन चलाना देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने विपक्ष के नेता से अपील करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता और सदन के नेता मेरे कक्ष में मिलने का समय निकालें। इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा, ङ्कसदन में जो कार्यवाही हो रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। हम किसी से अच्छी ख्याति नहीं कमा रहे हैं। मैं आपसे संविधान के नाम पर अपील करता हूं, खुले दिमाग से आएं, मेरे कक्ष में मेरे साथ संवाद करें... हम एक साथ काम करेंगे, गतिरोध को तोड़ने की कोशिश करेंगे।

# संसद भवन पर हमले के शहीदों को मोदी की श्रद्धांजलि

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद भवन पर आज के ही दिन आतंकवादी हमले के समय भवन की सुरक्षा-व्यवस्था की रक्षा का कर्तव्य निभाते हुए वीरगति को प्राप्त जवानों को शहीदों को शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने संविधान सदन (पुराने संसद भवन) की दीवार पर लगे इन शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति और अधिकारी तथा शहीदों के परिजन उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, वर्ष 2001 के संसद हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका बलिदान हमारे देश को सदैव प्रेरणा देगा। हम उनके साहस और समर्पण के लिए हमेशा आभारी रहेंगे। याद रहे कि 13 दिसंबर, 2001 को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े आतंकवादियों के हमले में संसद भवन परिसर में तैनात दिल्ली पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक जगदीश, मतबर, कमलेश कुमारी, नानक चंद और रामपाल, दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश, बिजेंद्र सिंह और घनश्याम शहीद हो गये थे तथा सीपीडब्ल्यूडी के माली देशराज की मौत हो गयी थी।

# मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का प्रयास हो रहा है: अखिलेश

एजेंसी



नयी दिल्ली। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सरकार पर संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का हनन करने का आरोप लगाया और दावा किया कि देश के अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने लोकसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि यदि यह सरकार जाति जनगणना नहीं कराती है तो विपक्ष में बैठे लोग सत्ता में आए तो इसे जरूर कराएंगे। यादव ने कहा कि संविधान कहता है कि सरकार की नजर में सभी समान हैं। उन्होंने दावा किया, ''देश के अल्पसंख्यकों और विशेषकर मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का प्रयास हो रहा है, उन पर हमला किया जा रहा है, संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। यादव ने कहा, ''अब तो उपासना करने पर भी दिक्कत है क्योंकि हर मस्जिद के नीचे मंदिर खोजने वाले तत्व इस देश को शांति से रहने देना ही नहीं चाहते। उन्हें कानून की कोई परवाह नहीं है। मैं उच्चतम न्यायालय का धन्यवाद करना चाहता हूं कि कम से कम एक फैसला आया जिससे इन पर कुछ दिनों के लिए रोक लगाई गई है। सपा नेता ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर इस तरह की घटनाएं जानबूझकर की गईं और विधानसभा उपचुनाव के समय लोगों को मतदान से रोका गया। उन्होंने संविधान पर चर्चा के दौरान सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गैरमौजूदगी को लेकर कटाक्ष किया, ''यह कैसी चर्चा है संविधान की, जो है बिना प्रधान की। यादव ने कहा कि संविधान ने ही विविधताओं से भरे इस देश को एक सूत्र में बांधकर रखा है। उनका कहना था कि संविधान 90 प्रतिशत पीड़ित और शोषित जनता का सबसे बड़ा संरक्षक है। यादव ने कहा कि 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यक) के लिए संविधान जीवन और मरण का विषय है।

# भारतीय सुरक्षा बल देप्सांग के सभी गश्ती बिंदुओं तक जा सकेंगे: जयशंकर

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं लेकिन सरकार ऐसी स्थितियों में बहुत समझदारी के साथ काम करती है। श्री जयशंकर ने शून्य काल में कांग्रेस के मनीष तिवारी के प्रश्न के उत्तर में कहा कि चीन के साथ लगने वाली सीमा के देप्सांग क्षेत्र में सभी गश्ती बिन्दुओं पर भारतीय सुरक्षा बल जा सकेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि इस संबंध में वह लोकसभा में पहले ही विस्तार से वक्तव्य दे चुकी है। उन्होंने भाजपा के नवीन जिंदल के प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध चाहती है, सरकार का सदैव ऐसा ही नजरिया रहा है, लेकिन गेंद अब पाकिस्तान के पाले में है, पाकिस्तान को दिखाना होगा कि उसका व्यवहार बदला है। श्री जयशंकर ने कहा कि बंगलादेश में अल्पसंख्यकों के साथ किये जा रहे व्यवहार को लेकर वहां की सरकार के समक्ष अपनी चिंता रख चुके हैं।

# हिन्दू आर्थिक मॉडल सर्व समावेशी और विश्व के लिए कल्याणकारी: फडणवीस

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने हिन्दू प्रगति के मॉडल को सर्व समावेशी एवं जन कल्याणकारी बताया है जो शोषण और असमानता को समाप्त करके विश्व की सांस्कृतिक आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देता है।

श्री फडणवीस ने शुक्रवार को यहां जिओ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित विश्व हिंदू आर्थिक मंच 2024 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, ङ्कहिंदू विकास मॉडल समावेशी है, शोषणकारी नहीं।ङ्क उन्होंने महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था में तेजी से प्रगति का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उनका राज्य भारत में पहली एक ट्रिलियन (10 खरब) डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। विश्व हिंदू आर्थिक मंच (डब्ल्यूएचईएफ) 2024 में 1000 से अधिक वैश्विक प्रतिनिधियों ने दिवंगत उद्योगपति पद्म विभूषण रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते हुए एक मिनट का मौन रखा। खचाखच भरे हॉल को संबोधित करते हुए श्री फडणवीस ने इस बात पर जोर दिया कि मुंबई न केवल भारत की वित्तीय राजधानी है, बल्कि अब फिनटेक राजधानी बनने वाली है। उन्होंने हिंदू लोकाचार के अनुरूप विकास के महत्व पर चर्चा की, पश्चिमी सभ्यता की 'सबसे योग्य की उत्तरजीविता' मानसिकता की तुलना हिंदू दर्शन से की, जो सामुदायिक सहयोग और सामूहिक कल्याण को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि भारत ऐतिहासिक रूप से औपनिवेशिक शोषण के बजाय कड़ी मेहनत और उद्यम के माध्यम से आगे बढ़ा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि एक समय पर, भारत बिना किसी आक्रमण या उपनिवेशवाद का सहारा लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था का 35 से 49 फीसदी हिस्सा था। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा उन राजाओं का सम्मान किया है जिन्होंने आम लोगों की भलाई और कल्याण के लिए काम किया। श्री फडणवीस ने स्वतंत्रता के बाद अपनाए गए आर्थिक मॉडल का उल्लेख किया, जिसके कारण 'हिंदू विकास दर' का उपहासपूर्ण लेबल लगा। उन्होंने हालांकि, जोर देकर कहा कि भारत अब सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में पहचाना जाता है और यह वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। इस हिंदू विकास मॉडल ने प्रदर्शित किया है कि समावेशी विकास प्राप्त किया जा सकता है, जिसकी जड़ें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई नीतियों में हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसे और आगे बढ़ाया गया है।

## पेज एक का शेष

### महाकुम्भ बनेगा...

कुम्भ के दौरान संतो के वाद में, संवाद में, शास्त्रार्थ में, शास्त्रार्थ के अंदर देश के सामने मौजूद विषयों पर, देश के सामने मौजूद चुनौतियों पर व्यापक चर्चा होती है और फिर संत जन मिलकर राष्ट्र के विचारों को एक नई ऊर्जा देते हैं, नई राह भी दिखाते हैं। संत महात्माओं ने देश से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय कुम्भ जैसे आयोजन स्थल पर ही लिए हैं। जब संचार के आधुनिक माध्यम नहीं थे, तब कुम्भ जैसे आयोजनों ने बड़े सामाजिक परिवर्तन का आधार तैयार किया था। कुम्भ में संत और ज्ञानी लोग मिलकर समाज के सुख-दुख की चर्चा करते हैं, वर्तमान और भविष्य को लेकर चिंतन करते हैं। ऐसे आयोजनों से देश के कोने-कोने में समाज में सकारात्मक संदेश जाता है, राष्ट्र चिंतन की यह धारा निरंतर प्रवाहित होती है। इस आयोजन के नाम अलग-अलग होते हैं, पड़ाव अलग-अलग होते हैं, मार्ग अलग-अलग होते हैं, लेकिन यात्री एक होते हैं, मकसद एक होता है। पीएम मोदी ने कहा कि कुम्भ और धार्मिक यात्राओं का इतना महत्व होने के बावजूद पहले की सरकारों के समय इन पर ध्यान नहीं दिया गया। श्रद्धालु ऐसे आयोजनों में कष्ट उठाते रहे, लेकिन तब की सरकारों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था। इसकी वजह थी भारतीय संस्कृति से भारत की आस्था से उनका लगाव नहीं था, लेकिन आज केंद्र और राज्य में भारत के प्रति आस्था, भारतीय संस्कृति को मान देने वाली सरकार है। इसलिए कुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं जुटाना डबल इंजन की सरकार अपना दायित्व समझती है। इसलिए यहां केंद्र और राज्य सरकार ने मिलकर हजारों करोड़ों की योजनाएं शुरू की हैं। सरकार के अलग-अलग विभाग जिस तरह महाकुम्भ की तैयारी में जुटे हैं, वह बहुत ही सराहनीय है। देश-दुनिया के किसी कोने से कुम्भ तक पहुंचने में कोई दिक्कत ना हो, इसके लिए यहां की कनेक्टिविटी पर विशेष फोकस किया गया है। पीएम मोदी ने कहा, हमारी सरकार ने विकास के साथ-साथ विरासत को भी समृद्ध बनाने पर फोकस किया है। आज देश के कई हिस्सों में अलग-अलग टूरिस्ट सर्किट विकसित किए जा रहे हैं। रामायण सर्किट, श्री कृष्ण सर्किट, बुद्धिस्ट सर्किट... इनके माध्यम से हम देश के उन स्थानों को महत्व दे रहे हैं जिन पर पहले फोकस नहीं था। प्रदेश दर्शन योजना हो या प्रसाद योजना हो, इनके माध्यम से तीर्थ स्थलों पर सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। अयोध्या के भव्य राम मंदिर ने पूरे शहर को कैसे भव्य बना दिया है, हम सब इसके साक्षी हैं। विश्वनाथ धाम, महाकाल महालोक की चर्चा आज पूरे विश्व में है। यह अक्षय वट कॉरिडोर, हनुमान मंदिर कॉरिडोर, भारद्वाज ऋषि आश्रम भी इसी विजन का प्रतिबिंब है। श्रद्धालुओं के लिए सरस्वती कूप, पातालपुरी, नाग वासुकि मंदिर, द्वादश माधव मंदिर का कायाकल्प किया जा रहा है। पीएम मोदी ने भगवान राम और निषादराज की मित्रता के प्रतीक श्रृंग्वेरपुर धाम के लोकार्पण पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारा यह प्रयागराज निषादराज की भी भूमि है। भगवान राम के मर्यादा पुरुषोत्तम बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव श्रृंग्वेरपुर का भी है। भगवान राम और केवट का प्रसंग आज भी हमें प्रेरित करता है। केवट ने अपने प्रभु को सामने पाकर उनके पैर धोए थे, उन्हें अपनी नाव से नदी पार कराई थी। इस प्रसंग में श्रद्धा का अनन्य भाव है। इसमें भगवान और भक्त की मित्रता का अध्याय है। इस घटना का यह संदेश है कि भगवान भी अपने भक्त की मदद ले सकते हैं। प्रभु श्री राम और निषाद राज की इसी मित्रता के प्रतीक के रूप में श्रृंग्वेरपुर धाम का विकास किया जा रहा है। भगवान राम और निषाद राज की प्रतिमा भी आने वाली पीढ़ियों को समता और समरसता का संदेश देती रहेगी। स्वच्छ महाकुम्भ को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि कुम्भ जैसे भव्य और दिव्य आयोजन को सफल बनाने में स्वच्छता की बहुत बड़ी भूमिका है। महाकुम्भ की तैयारी के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाया गया है। प्रयागराज शहर के सैनिटेशन और वेस्ट मैनेजमेंट पर फोकस किया गया है। लोगों को जागरूक करने के लिए गंगा दूत, गंगा प्रहरी और गंगा मित्रों की नियुक्ति की गई है। इस बार कुम्भ में 15000 से ज्यादा मेरे सफाई कर्मी भाई बहन स्वच्छता की बागडोर संभालने वाले हैं। कुम्भ की तैयारी में जुटे हुए अपने सफाई कर्मी भाई बहनों का अग्रिम आभार भी व्यक्त करूंगा। करोड़ों लोग यहां पर जिस पवित्रता, स्वच्छता, आध्यात्मिकता के साक्षी बनेंगे, वह आपके योगदान से ही संभव होगा। इस नाते यहां हर श्रद्धालु के पुण्य में आप भी भागीदार बनेंगे। जैसे भगवान कृष्ण ने जूठे पत्तल उठाकर संदेश दिया था कि हर काम का महत्व है, वैसे ही आप भी अपने कार्य से इस आयोजन की महानता को और बड़ा करेंगे। 2019 में भी कुम्भ आयोजन के समय यहां की स्वच्छता की बहुत प्रशंसा हुई थी। इसलिए आपके पैर धुलकर मैंने अपनी कृतज्ञता दिखाई थी। हमारे स्वच्छता कर्मियों के पैर धोने से मुझे जो संतोष मिला, वह मेरे लिए जीवन भर का यादगार अनुभव बन गया है। पीएम मोदी ने महाकुम्भ में आर्थिक प्रगति को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि हम सभी देख रहे हैं कि कैसे कुम्भ से पहले इस क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ रही है। यहां हर रोज लाखों की संख्या में लोग आएंगे, पूरी व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रयागराज में बड़ी संख्या में लोगों की जरूरत पड़ेगी। 6000 से ज्यादा हमारे नाविक साथी, हजारों दुकानदार साथी, पूजा पाठ और स्नान ध्यान करने में मदद करने वाले सभी का काम बहुत बढ़ेगा। यानी यहां बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर तैयार होंगे। सप्लाई चेन को बनाए रखने के लिए व्यापारियों को दूसरे शहरों से सामान मंगाना पड़ेगा। प्रयागराज कुम्भ का प्रभाव आसपास के जिलों पर भी पड़ेगा। देश के दूसरे राज्यों से आने वाले श्रद्धालु ट्रेन या विमान की सेवाएं लेंगे, इससे भी अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी। यानी महाकुंभ से सामाजिक मजबूती तो मिलेगी ही लोगों को आर्थिक सशक्तिकरण भी होगा। पीएम मोदी ने डिजिटल कुम्भ को लेकर कहा कि पहली बार कुम्भ में एआई का प्रयोग होगा। एआई चैटबॉट 11 भारतीय भाषाओं में संवाद करने में सक्षम है। मेरा यह भी सुझाव है कि डाटा और टेक्नोलॉजी के इस संगम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए, जैसे महाकुम्भ से जुड़े फोटोग्राफी कंपटीशन का आयोजन किया जा सकता है। महाकुम्भ को एकता के महाकुम्भ के तौर पर दिखाने वाली फोटोग्राफी की प्रतियोगिता भी रखी जा सकती है। इस पहल से युवाओं में कुम्भ का आकर्षण बढ़ेगा। कुम्भ में आने वाले ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु इसमें हिस्सा लेंगे। अध्यात्म और प्रकृति से जुड़ी प्रतियोगिता का आयोजन कर सकते हैं। पीएम ने कहा कि आज देश एक साथ विकसित भारत के संकल्प की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। पूरा विश्वास है कि इस महाकुम्भ से निकली आध्यात्मिक और सामूहिक शक्ति हमारे संकल्प को और मजबूत बनाएगी। महाकुम्भ स्नान ऐतिहासिक हो, अविस्मरणीय हो, मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी से मानवता का कल्याण हो, हम सबकी यही कामना है।

### बिजली निजीकरण...

है। उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ में बिजली के निजीकरण के विरोध में मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, त्रिवेंद्रम, विजयवाड़ा, गुवाहाटी, नागपुर, रायपुर, जबलपुर, भोपाल, शिमला, जम्मू, श्रीनगर, देहरादून, चंडीगढ़, पटियाला, रांची, आदि स्थानों पर बड़े प्रदर्शन हुए। संघर्ष समिति के पदाधिकारी राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, आरबी सिंह, राम कृपाल यादव, मायाशंकर तिवारी, राम चरण सिंह, योगेन्द्र कुमार, एके श्रीवास्तव शुक्रवार को जारी बयान में कहा है कि प्रदेश के बिजली कर्मचारी और अभियंता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बिजली व्यवस्था के सुधार में लगातार लगे हुए हैं। पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने प्रदेश के 42 जनपदों में बिजली वितरण के निजीकरण की घोषणा कर बिजली कर्मियों को उद्वेलित कर दिया है। बिजली कर्मी अभी भी पूरी मेहनत से कार्य कर रहे हैं और निजीकरण के विरोध में सभी ध्यानाकर्षण कार्यक्रम कार्यालय समय के बाद कर रहे हैं।

### किसानों को शंभू...

मुश्किल हो। शीर्ष न्यायालय ने श्री मेहता के और पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने किसानों को मनाने के लिए समिति द्वारा दिए गए सुझाव पर सहमति जताई। अदालत इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 दिसंबर की तारीख मुकर्रर कर दी। गौरतलब है कि कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसान कई महीने से लगातार आंदोलन कर रहे हैं। सुरक्षा बलों द्वारा रोके जाने के बाद किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। शीर्ष अदालत ने दो सितंबर को एक अलग मामले में सुनवाई करते हुए किसानों से बातचीत करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। किसान अपनी उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर 13 फरवरी से धरना दे रहे हैं। एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा किसानों ने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी, भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 को बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की मांगें कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने दो दिसंबर 2024 को भी कहा था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर सकता है, लेकिन लोगों को असुविधा न हो।

### अभिनेता अल्लू ...

ने 11 दिसंबर को तेलंगाना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर महिला की मौत के संबंध में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया था।

### संविधान को हाईजैक...

का अधिकार देता है। संविधान को सुनिश्चित करना चाहिए कि देश के नागरिकों के अधिकारों का कभी हनन नहीं हो और सभी धर्मों के लोगों को समान अधिकार मिलते रहें। श्री सिंह ने कहा कि पिछले कुछ समय से यह माहौल बनाया जा रहा है कि देश का संविधान सिर्फ एक ही पार्टी का है और इसमें सिर्फ उसी का अधिकार है। आज संविधान की रक्षा करने की बात की जा रही है, लेकिन यह सब समझते हैं कि किसने संविधान की रक्षा की है और किसने संविधान का अपमान किया है। कांग्रेस ने संविधान में बदलाव करने का प्रयास किया है और यह बदलाव जवाहर लाल नेहरू, इंदिरागांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार में हुआ है। संविधान संशोधन के नाम पर कांग्रेस सरकारों ने संविधान को बदलने का काम किया है। पहले संविधान संशोधन में प्रेस में कांग्रेस सरकार की आलोचना की थी तो 1950 में कांग्रेस सरकार ने रोक लगाने का प्रयास किया था। आज संविधान का राग अलापने वाली कांग्रेस ने 1951 में आम चुनाव होने से पहले ही नागरिकों के अधिकारों को कुचलने का काम किया है। संविधान लागू होने के बाद कांग्रेस ने मौलिक अधिकारों को कमजोर किया है और संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर इसके खिलाफ पूरे जीवन भर लड़ते रहे हैं।

उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला किया और कहा कि जिन लोगों ने कभी संविधान को नहीं माना, वे संविधान की प्रति जेब में रखकर चलते हैं और वे इसका महत्व नहीं समझते हैं जबकि भाजपा संविधान को जेब में नहीं, सिर माथे पर रखती है। संविधान हमारे कर्म में दिखाई देता है। हमारी सरकार ने दस साल में जो भी संशोधन किए हैं, उनका मकसद लोगों के अधिकारों को सशक्त करना रहा है। भाजपा ने जो भी कानून बनाया है उसमें सबको साथ लेकर चलने का प्रयास किया गया है। इसी संविधान ने भाजपा सरकार को धारा 370 हटाने की ताकत दी है। हमने देश में संघवाद को मजबूत करने का काम किया है। हमने संविधान की रक्षा के लिए हर कदम उठाए हैं और इसे मजबूत करने के लिए काम किया है। दल विरोधी कानून को और मजबूत किया है, ताकि राजनीतिक भ्रष्टाचार को रोकने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में एक ऐसा संशोधन हुआ है, जिसमें एक अपराधी व्यक्ति एक बार भी यदि एक बार भी शीर्ष संवैधानिक पद पर बैठतो है, तो उसके सारे अपराधों को माफ करना था। यह जनता को फिर से उनके अधिकारों पर कुठाराघात का प्रयास था, लेकिन आज कांग्रेस पार्टी उसी के सहारे आज राजनीति कर संविधान को बचाने की बात करते हुए संविधान की प्रति लेकर घूम रही है, लेकिन संविधान का पालन नहीं करती है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने अधिकारों का दुरुपयोग कर चुनी हुई सरकारों को गिराया है। एक बार नहीं श्रीमती गांधी के समय दर्जनों बार चुनी हुई सरकारों को गिराकर मनमानी की गई और संविधान की व्यवस्था को तार तार किया गया है। कांग्रेस ने कभी संविधान को नहीं माना है और उसके अनुकूल आचरण नहीं किया है, लेकिन वे लोग संविधान की प्रति जेब में लेकर चल रहे हैं जिन्होंने कभी संविधान को नहीं माना और उनके एक नेता आज भी विदेश में जाकर भारत के खिलाफ आग उगलते हैं। भारत सरकार की आलोचना करते हैं और देश के नागरिकों को अपमानित करने का काम करते हैं। आश्चर्य यह है कि वह नेता देश में मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं, जो विदेश में भारत के लोगों का अपमान करते हैं।

श्री सिंह ने दिसम्बर 1992 का जिक्र किया और कहा कि अयोध्या में जब विवादित ढांचे को तोड़ने की बात हुई तो तत्काल मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने शाम को राज्यपाल को इस्तीफा दे दिया, लेकिन कांग्रेस की केंद्र की सरकार ने इस्तीफा स्वीकार नहीं किया बल्कि बहुमत वाली सरकार को बर्खास्त कर दिया। इसके बाद गठबंधन की सरकार आई और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार उत्तर प्रदेश में बहुमत हासिल कर चुकी थी लेकिन कह दिया गया कि सरकार बहुमत में नहीं है और सदन में बहुमत हासिल कर चुकी सरकार को बर्खास्त कर दिया। उन्होंने कहा कि क्या यही संविधान की रक्षा है जिसको तत्काल राष्ट्रपति के आर नारायण ने उत्तर प्रदेश सरकार की इस बर्खास्तगी पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया और केंद्र सरकार को इस पर पुनः विचार करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान स्वाधीनता सेनानियों की आहूति के अमृत कुंड से निकला है और इसमें देश के हर नागरिक और संविधान सभा के सभी सदस्यों के विचारों की भावनाओं के आधार वाला है और इन महानुभावों ने इस संविधान को समृद्ध किया है। एक पार्टी हमारे संविधान को हाईजैक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह संविधान किसी एक पार्टी की विचारधारा के अनुकूल नहीं बल्कि सबकी भावनाओं के अनुकूल बनाया गया है और इसके निर्माण में सभी विचारधारा के लोगों का योगदान रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि हमारे प्रेरणा स्रोत श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मानना था कि संविधान सामूहिक प्रयास का नतीजा है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने हमारे गणतंत्र को सबके हित के लिए होना चाहिए। हमारे यहां राजा भी राजधर्म से और संविधान सभी नागरिकों के कल्याण और उनके विकास के लिए अनुकूल परिस्थितयां बनाने का आदेश देता है।

### संविधान के कवच को तोड़ने ...

संविधान के इस सुरक्षा कवच को तोड़ने का प्रयास किया। आरक्षण को हटाने के लिए लैटेरल इंट्री लायी गयी है। संविधान को बदलने काम करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि आज ये संविधान संविधान इसलिए कर रहे हैं क्योंकि इस चुनाव में हारते हारते जीतने के बाद उन्हें पता चल गया है कि जनता ने संविधान को बचाया है और जनता ऐसा होने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि सरकार की गंभीरता कितनी है, यह इस बात से पता चलता है कि जब हमने जाति जनगणना की बात कही तो उन्होंने भैंस की चोरी और मंगलसूत्र चुराने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान से आर्थिक न्याय के लिए भूमि सुधार सुनिश्चित किये। उन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू का नाम लिये बिना कहा कि जिन्होंने इस देश में एचएएल, आईआईटी, आईआईएम, बनाये, सार्वजनिक उपक्रम स्थापित किये, उनका नाम भाषणों एवं पुस्तकों से मिटाने की कोशिश की जा रही है लेकिन कृतित्व से मिटाना संभव नहीं है।

# गुरदासपुर में पुलिस थाने पर ग्रेनेड फेंका, नहीं हुआ धमाका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- बब्बर खालसा ने ली जिम्मेदारी
- आतंकियों ने अमृतसर धमाकों का हवाला देकर कहा अगला निशाना पुलिस के नाके

चंडीगढ़। पंजाब के गुरदासपुर जिले में आतंकियों ने गुरुवार की देर रात हैंड ग्रेनेड फेंका, लेकिन संयोग से ग्रेनेड न फटने से बड़ा हादसा होने से टल गया। पंजाब पुलिस आधिकारिक रूप से इस बारे में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है, लेकिन खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इस घटना की जिम्मेदारी ली तो पूरा मामला खुल गया। शुक्रवार को अल सुबह एडीजीपी नौनिहाल सिंह भी गुरदासपुर पहुंचे। इससे पहले अमृतसर में 23-24 नवंबर की रात को अजनाला थाने के बाहर आईईडी प्लांट किया गया था, जो तकनीकी खराबी के कारण फटा नहीं। चार दिसंबर की रात अमृतसर जिले के मजीठा पुलिस थाने में भी जोरदार धमाका हुआ था। अमृतसर में धमाके के प्रयास व धमाके की घटना को लेकर पुलिस आजतक चुप है। इस बीच गुरुवार की रात मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने गुरदासपुर जिले के अंतर्गत आते घनिया के बांगर पुलिस थाने की तरफ कोई चीज फेंकी। कुछ समय बाद पता चला कि यह हैंड ग्रेनेड था। बमनुमा वस्तु फेंकते समय मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया, जिससे ग्रेनेड सही तरीके से नहीं गिरा और धमाका होने से बच गया। गुरदासपुर के एसएसपी सोहेल कासिम मीर समेत अन्य अधिकारी और एजेंसियां जांच के लिए मौके पर पहुंचीं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से थाने पर हमला करने वाले युवकों का पता लगा रही है। शुक्रवार को अल सुबह एडीजीपी नौनिहाल सिंह भी गुरदासपुर पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद आला अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद वह मीडिया से बातचीत किए बगैर ही चले गए। पुलिस शुक्रवार की दोपहर तक इस मामले में कुछ नहीं बोली। इस बीच अमेरिका में बैठे आतंकी हैप्पी पासिया और गोपी नवांशहरिया ने ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी लेते हुए सोशल मीडिया पर बब्बर खालसा इंटरनेशनल के अकाउंट से एक पोस्ट डालकर पुलिस को चुनौती दे डाली। धमकी दी गई है कि अभी तो थाने में ग्रेनेड फटा है, अब नाके को भी टारगेट किया जाएगा। पोस्ट में आगे लिखा है, बीते दिनों जब पुलिस थाने पर ग्रेनेड फेंके गए तो पुलिस ने कहा कि टायर फटा था। आज एक और टायर फटा है। अब पुलिस जवाब देगी कि कौन सी मोटरसाइकिलों के टायरों से आग निकलती है। इससे अगली चेतावनी पुलिस वालों को है। अब सिर्फ थानों पर हमला नहीं होगा। पोस्ट में लिखा है कि अब पंजाब पुलिस के नाके भी 6 बजे के बाद टारगेट किए जाएंगे। जहां पर ग्रेनेड और आईईडी ब्लास्ट भी हो सकते हैं। ये चेतावनी पुलिस वालों को है। आखिरी में लिखा गया- जंग जारी है, अगले एक्शन के लिए इंतजार करें।

# चंपावत में भूकंप मॉक ड्रिल का सफल अभ्यास आपदा प्रबंधन टीम ने दिखाई तत्परता





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चम्पावत। चंपावत जिले में शुक्रवार को भूकंप मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। यह अभ्यास पूर्वाह्न 10:45 बजे भूकंप के झटकों की सूचना के साथ शुरू हुआ। जैसे ही झटके महसूस हुए, जिलाधिकारी नवनीत पांडे और इंसीडेंट रिस्पॉन्स टीम (आईआरएस) के सभी अधिकारी जिला कार्यालय सभागार में जुट गए। मॉक ड्रिल के दौरान जानकारी दी गई कि भूकंप का केंद्र नेपाल में था और इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.2 दर्ज की गई। चंपावत जिले में प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार जीआईसी चंपावत, जीआईसी लोहाघाट, स्वाला और संतोला में नुकसान की सूचना मिली। इन विद्यालयों में मॉक ड्रिल के तहत बच्चों के फंसे होने का परिदृश्य बनाया गया। राहत और बचाव कार्य की तैयारीजिलाधिकारी के निर्देश पर गोरलचौड़ मैदान को स्ट्रेजिंग एरिया बनाया गया। यहां से राहत और बचाव टीमों को तुरंत प्रभावित स्थानों के लिए रवाना किया गया। आईआरएस टीम ने मॉक ड्रिल के तहत आपदा प्रबंधन की रणनीतियों का पालन करते हुए कार्य किया। जिले के अन्य स्थानों से भी नुकसान की प्राथमिक सूचनाएं जुटाई गईं। मॉक ड्रिल का उद्देश्यमॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखना और इमरजेंसी रिस्पॉन्स को मजबूत करना था। इस अभ्यास में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और राहत कर्मियों ने हिस्सा लिया। जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने मॉक ड्रिल की प्रगति पर संतोष जताते हुए कहा कि इस तरह के अभ्यास आपदा के समय त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक हैं।

# समय और खर्च बचाएं, राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाएं : भावदीप रावते

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



चम्पावत। चम्पावत जिले में 14 दिसंबर (शनिवार) को जिला न्यायाधीश अनुज कुमार संगल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिले से लेकर तहसील स्तर तक के न्यायालयों में विभिन्न मामलों की सुनवाई की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भावदीप रावते ने बताया कि इस लोक अदालत का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार किया जा रहा है। सचिव रावते ने बताया कि लोक अदालत में कई प्रकार के मामलों का निपटारा सुलह और समझौते के आधार पर किया जाएगा। इनमें बैंक ऋण वसूली से संबंधित मामले, बीमा और मोटर दुर्घटना विवाद, पारिवारिक और वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस से जुड़े मामले, श्रम, राजस्व, बिजली-पानी और अन्य नागरिक विवाद, मोटर वाहन चालान और शमनीय आपराधिक मामले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सुलह और समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण होने पर कोर्ट फीस वापस करने का भी प्रावधान है। इसके अलावा, इन मामलों में समय और खर्च की बचत होती है, जो अपील या अन्य कानूनी प्रक्रियाओं में व्यय हो सकता है। खासतौर पर बैंक ऋण वसूली से जुड़े मामलों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर ही समझौते के जरिए निस्तारण किया जाता है, जिससे विवाद लंबा खिंचने से बचाया जा सकता है।

# बड़कोट में भीषण अग्निकांड, पांच दुकान-सात मकान जलकर राख, दो घंटे देर से पहुंचा अग्निशमन दल

- एक परिवार के पांच सदस्य आग की लपटों में फंसे, किसी तरह बचाई जान
- आधी रात को आगलगी से इलाके में अफरा-तफरी, मची चीख-पुकार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



उत्तरकाशी। उत्तरकाशी जिले के नगरपालिका बड़कोट क्षेत्र में आधी रात को भयंकर अग्निकांड हुआ, जिसमें पांच दुकानें और सात मकान जलकर राख हो गए। घटना रात करीब 2 बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास पुराने बाजार में हुई। आग लगने के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग चीख-पुकार करते हुए घरों से बाहर निकलने लगे। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि समय पर सूचना देने के बावजूद अग्निशमन दल दो घंटे की देरी से पहुंचा। इस दौरान लोगों ने खुद घरों से पानी लाकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी विकराल हो चुकी थी कि उस पर काबू पाना असंभव हो गया। घरों में फंसे लोगों की हालत नाजुकघटना के समय लोग गहरी नींद में थे, जिससे उन्हें अपने घरों का सामान तक निकालने का मौका नहीं मिला। बताया गया कि एक परिवार के पांच सदस्य आग की लपटों में फंस गए थे। किसी तरह बाहर निकलकर उन्होंने अपनी जान बचाई, लेकिन वे सिर्फ अपने शरीर पर पहने कपड़ों के अलावा कुछ भी नहीं बचा सके। प्रभावित परिवारों की हालत दयनीयइस आगजनी में कई परिवारों का सब कुछ खाक हो गया। प्रभावित परिवारों में राकेश भंडारी, कल्याण सिंह रावत, महिपाल सिंह रावत, शैलेन्द्र नेगी, मंगल सिंह नेगी, पृथ्वीपाल सिंह और यशपाल रावत शामिल हैं। प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य जारी है, लेकिन लोगों का कहना है कि शुरुआती लापरवाही के कारण नुकसान ज्यादा हुआ। प्रशासन ने किया मुआवजे का वादाजिला प्रशासन ने घटनास्थल का दौरा कर पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता का भरोसा दिया है। फिलहाल राहत शिविर लगाए गए हैं और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार, जल्द ही पीड़ितों को मुआवजा और सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बेहतरीन बॉडीबिल्डर्स दिखाएंगे ताकत और जोश

ऋषिकेश। देहरादून और ऋषिकेश जल्द ही बॉडीबिल्डिंग और फिटनेस के धुरंधरों की मेजबानी करने जा रहे हैं। इंडियन बॉडीबिल्डिंग फ़ेडरेशन द्वारा 21 दिसंबर को देहरादून और एक जनवरी को ऋषिकेश में बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता युवाओं को नशे से दूर कर फिटनेस की ओर आकर्षित करने का एक सार्थक प्रयास है। साथ ही इन आयोजनों में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बेहतरीन प्रतिभागी अपनी ताकत और फिटनेस का प्रदर्शन करेंगे। संगठन के अध्यक्ष रवि थपलियाल, कपिल गुप्ता और कार्यक्रम संयोजक हर्ष व्यास ने शुक्रवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि यह फ़ेडरेशन की 25वीं चैंपियनशिप होगी, जो युवा प्रतिभाओं को नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करेगी। इस दौरान बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता के साथ योगा कंपटीशन भी होगा।

# दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की फोर्ब्स सूची में सीतारमण सहित 3 भारतीय महिलाएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। अमेरिकी बिजनेस मैगजीन फोर्ब्स ने वर्ष 2024 के लिए दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची जारी की है। फोर्ब्स की 21वीं सूची में तीन भारतीय महिलाओं के नाम हैं, जिसमें निर्मला सीतारमण, रोशनी नादर मल्होत्रा और किरण मजूमदार-शॉ हैं। सूची में उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के नाम शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फोर्ब्स की इस सूची में 28वें स्थान पर हैं। सीतारमण ने मई 2019 में केंद्रीय वित्त मंत्री का पद संभाला था और उसके बाद से लगातार इस अहम पद पर बनी हुई हैं। निर्मला सीतारमण पर भारत के तेज आर्थिक विकास को बनाए रखने की जिम्मेदारी है और उनके नेतृत्व में भारत पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। सीतारमण महिला सशक्तिकरण को लेकर मुखर रही हैं। वह राजनीति में आने से पहले ब्रिटेन की एग्रीकल्चर इंजीनियर्स एसोसिएशन और बीबीसी वर्ल्ड के साथ जुड़ी रहीं। दिग्गज भारतीय बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन और एचसीएल कॉर्पोरेशन की मुख?य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोशनी नदार मल्होत्रा को फोर्ब्स ने दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की इस सूची में 81वां स्थान दिया है। रोशनी नदार 12 अरब डॉलर की कंपनी के रणनीतिक फैसले लेती हैं। वह शिव नदार फाउंडेशन की भी ट्रस्टी हैं। इसके जरिए वो शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं। रोशनी नदार ने द हैबीटेटस ट्रस्ट की स्थापना की, जो प्राकृतिक संरक्षण के लिए काम करती है। किरन मजूमदार शॉ को फोर्ब्स की दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की 21वीं सूची में 82वां स्थान दिया गया है। किरन मजूमदार बायोटेक कंपनी बायोकॉन की संस्थापक और चेयरपर्सन हैं। बायोकॉन की अमेरिका, एशिया के विभिन्न बाजारों समेत दुनियाभर में पहुंच है। किरन मजूमदार शॉ भारत के सबसे सफल उद्योगपतियों में शामिल हैं। साल 2019 में किरन मजूमदार और उनके पति जॉन शॉ ने यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लोसगो में कैंसर रिसर्च के लिए 75 लाख डॉलर का दान दिया था।

# डल्लेवाल को चिकित्सा उपलब्ध करवाए पंजाब, शनिवार को शंभू व खनौरी बार्डर पर फिर जुटेंगे किसान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- हरियाणा के अधिकारियों ने पंजाब के अधिकारियों को लिखा पत्र
- पंधेर की अपील 14 दिसंबर को कूच के लिए पहुंचे दोनों राज्यों के किसान

चंडीगढ़। हरियाणा की सीमा पर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा के अधिकारियों ने पंजाब के संगरूर के जिला उपायुक्त को पत्र लिखा है।इसी बीच किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने खनौरी बार्डर से 101 किसानों व मजदूरों को दिल्ली कूच भेजने का ऐलान किया है।

दरअसल, पंजाब के किसान बीती 13 फरवरी से शंभू व खनौरी बार्डर पर धरना दे रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 26 नवंबर से खनौरी बार्डर पर आमरण अनशन पर बैठे हैं। डल्लेवाल की तबियत लगातार बिगड़ रही है। जिसके चलते हरियाणा के अंबाला व जींद के जिला उपायुक्तों ने पंजाब के संगरूर के जिले उपायुक्त को पत्र लिखकर डल्लेवाल को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने तथा उनके साथ बातचीत करने के लिए कहा है। हरियाणा के अधिकारियों ने पंजाब के अधिकारियों से आहवान किया है कि किसान नेता की तबियत बिगड़ने की स्थिति में अंबाला या हरियाणा के अन्य जिलों में कानून-व्यवस्था की स्थिति न बिगड़े इसके लिए पंजाब के अधिकारियों को पहले से प्रयास करना चाहिए। पंजाब के किसानों ने आंदोलन के दस माह पूरे होने के अवसर पर 14 दिसंबर को फिर से दिल्ली कूच का ऐलान किया है। सीआईडी ने इनपुट दिया है कि शनिवार को शंभू व खनौरी में पंजाब से कई किसान एकत्र हो सकते हैं। इस बीच किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने शुक्रवार को हरियाणा व पंजाब के किसानों के नाम जारी संदेश में कहा है कि वह शनिवार को भारी संख्या में शंभू तथा खनौरी बार्डर पर पहुंचे। यहां से 101 किसानों व मजदूरों के जत्थे को दिल्ली रवाना किया जाएगा। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में ऐलान किया है कि 14 दिसंबर को 101 किसानों व मजदूरों का जत्था दिल्ली कूच करेगा। पंधेर ने कहा कि जब तक किसानों व मजदूरों को कामयाबी नहीं मिलती है तब तक कूच का प्रयास किया जाएगा। पंधेर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बहुत किसान दिल्ली कूच में कामयाब होंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले किसान 6 दिसंबर व 8 दिसंबर को भी कूच का प्रयास कर चुके हैं।

# विभिन्न कार्यालयों में डीएम की छापेमारी से मचा हड़कंप अनुपस्थित मिले आठ कर्मी, वेतन रोकने का आदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हरिद्वार। जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न कार्यालयों में अचानक की गई छापेमारी से सरकारी कार्यालयों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम प्रातः 10:05 बजे एआरटीओ कार्यालय में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सभी कार्मिक उपस्थित मिले तथा मुख्य गेट पर एक कार्मिक कार्यालय में आने वाले आगंतुकों की रजिस्टर में एंट्री करता मिला। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने तहसील परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय खाद्य आपूर्ति कार्यालय में 5 कार्मिक, नजारत अनुभाग में 2 कार्मिक, चकबंदी अनुभाग 2 में 1 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। छापेमारी के दौरान कुल 8 कार्मिक अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित कार्मिकों का वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने नगर पंचायत झबरेड़ा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी सहित 2 कार्मिक संयुक्त मजिस्ट्रेट ऑफिस जाना बताए गए। संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की से दूरभाष पर वार्ता कर उपस्थिति सुनिश्चित की गई। जिलाधिकारी ने नगर पंचायत को अपनी आय के संसाधन बढ़ाने एवं नगर पंचायत को वेतन भुगतान में आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वर्ष आमदनी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कस्बे में नियमित सफाई व्यवस्था रखने, कूड़े का नियमानुसार निस्तारण करने, वार्डवार सफाई कर्मी तैनात रखने व समय समय पर सफाई कर्मियों का रोस्टर बदलने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आदेश दिये कि कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी अवकाश स्वीकृत कराये बिना कार्यालय से अनुपस्थित नहीं रहेगा। जनता के कार्यालय पहुंचने से पहले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुँचना होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने हेतु भविष्य में भी समय-समय पर औचक निरीक्षण किये जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार विकास अवस्थी मुख्य वैयक्तिक अधिकारी सुदेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# नरसिंहानंद गिरी ने सम्पूर्ण राजनैतिज्ञों और न्यायपालिका को दी चुनौती

हरिद्वार। श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के भैरव घाट पर सनातन धर्म की रक्षा व इस्लाम के जिहाद के समूल विनाश के लिए किए जा रहे मां बगलामुखी महायज्ञ में महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी अपने शिष्यों के साथ 19, 20 और 21 दिसंबर को धर्म संसद का भी आयोजन कर रहे हैं। उनकी धर्म संसद का मुख्य विषय इस्लाम के जिहाद से सम्पूर्ण मानवता को बचाने की रणनीति तैयार करना है। अभी से उनकी विश्व धर्म संसद को रोकने की हर तरह की कोशिश की जा रही हैं। विरोधियों की कोशिशों से क्षुब्ध होकर आज महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने महायज्ञ स्थल से भारत के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, विपक्षी नेताओं और न्यायपालिका को चुनौती देते हुए कहा कि उन्हें सत्य बोलने से रोका जा रहा है। उनकी जिन बातों को विवादित बताया जाता है, वो बातें इस्लाम के इतिहास के गहन अध्ययन और वैश्विक जनसंख्या के बिगड़ते हुए अनुपात की गणितीय गणना पर आधारित हैं। इन्हीं आधारों पर ये तय है कि जो हालत आज बांग्लादेश के हिंदुओं की है, वो ही हालत आज से 20 या 25 वर्ष बाद भारत के हिंदुओं की हो जाएगी। कहाकि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री या भारत के मुख न्यायाधीश उन्हें लिखकर ये गारंटी दे दे कि ऐसा नहीं होगा तो वो मां गंगा के जल में समाधि ले लेंगे।






चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063